हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

**ना ही मैंने और न बीसीसीआई ने किसी भी ऑस्ट्रेलियाई को कोच बनने का ऑफर दिया...**

देश

**केजरीवाल का हो नर्को टेस्ट, स्वाति के पूर्व पति ने सीएम को बताया पिटाई कांड का मास्टरमाइंड**



Page 10

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, मूल, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शनिवार • 25 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 164 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 72, 440 | ₹92,000 |

## आज का इतिहास

- **2013 :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के नक्सली विद्रोहियों ने छत्तीसगढ़ राज्य में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं के काफिले पर हमला किया, जिससे कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई।
- **2010 :** भारतीय मूल की 59 वर्षीय कमला प्रसाद बिसेसर निवर्तमान प्रधानमंत्री पैट्रिक मैनिंग को पराजित कर त्रिनिदाद और टोबेगो की पहली महिला प्रधानमंत्री निर्वाचित हुईं।

## न्यूज बाइट्स

### उत्तराखंड के चार धामों में अब तक 52 श्रद्धालुओं की हुई मौत

**देहरादून (ए.)।** उत्तराखंड में दस मई से शुरू हुई गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बारह मई से शुरू हुई बदरीनाथ की यात्रा के लिए आए तीर्थयात्रियों में से 52 श्रद्धालुओं की विभिन्न कारणों से मृत्यु हो चुकी है। यह जानकारी मुख्यमंत्री सचिव और गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने शुक्रवार को दी। श्री पांडेय ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पूर्व में ही स्वास्थ्य सम्बन्धी एसओपी चौदह भाषाओं में जारी की जा चुकी है। जिसे विभिन्न राज्यों के मुख्य सचिवों को अपने नागरिकों को अवगत कराने के लिए प्रेषित किया गया।

### केजरीवाल के पीए बिभव कुमार 28 मई तक रिमांड पर

**नई दिल्ली (ए.)।** आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी मामले में मुख्य आरोपी बिभव कुमार को दिल्ली की अदालत ने 28 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आज उनकी पुलिस कस्टडी की अवधि खत्म हो रही थी, जिस कारण उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। दिल्ली पुलिस ने तीस हजारी कोर्ट से 4 दिन की न्यायिक हिरासत मांगी थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। सरकारी वकील ने कोर्ट में दलील दी कि पुलिस रिमांड के लिए हमारे पास 14 दिन की समयसीमा है। अभी हम 4 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की मांग कर रहे है, आगे जरूरत होगी तो फिर से रिमांड लेंगे। अब 28 मई को विभव को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा।

### सात राज्यों में 5 दिन हीटवेव का रेड अलर्ट

**नई दिल्ली (ए.)।** उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में तापमान 40 से 46 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने बताया है कि दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात में अगले 5 दिन ऐसे ही हालात रहेंगे। इन राज्यों में लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान में गुरुवार की रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा।पाली में शुक्रवार को गर्मी से मां-बेटे की मौत हो गई। राज्य में लू और गर्मी की वजह से अब तक 10 लोगों की मौत चुकी है। बाड़मेर में तापमान लगातार तीसरे दिन 48 डिग्री के पार रहा। शुक्रवार को तापमान में 0.8 डिग्री का इजाफा हुआ। यह 48.08 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। जैसलमेर से सटे भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर तापमान 53 डिग्री सेल्सियस तक रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के सरकारी अस्पतालों के सभी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।

# छठा चरण : आठ राज्यों की 58 सीटों पर मतदान आज

एजेंसी | नई दिल्ली

2024 लोकसभा चुनाव के छठे फेज में आज 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 58 सीटों पर मतदान होगी। जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट पर तीसरे फेज में चुनाव होना था, लेकिन इसे स्थगित कर दिया गया था। अब यहां छठे फेज में वोटिंग हो रही है। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा 40, बसपा 4, बीजेडी 4, सपा 1, जेडयू 3, टीएमसी 3, लोजपा 1, आजसू 1 सीट जीती थीं। कांग्रेस और आप अपना खाता भी नहीं खोल सकी थीं। इस फेज में 3 केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, कृष्ण पाल सिंह गुर्जर और राव इंद्रजीत सिंह मैदान में हैं। 3 पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, मनोहर लाल खट्टर और जगदंबिका पाल भी चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा मनोज तिवारी, मेनका गांधी, नवीन जिंदल, बांसुरी स्वराज, संबित पात्रा, राज बब्बर, निरहुआ भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के छठे फेज में 889 कैंडिडेट्स चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 797 पुरुष और 92 महिला उम्मीदवार हैं। इस फेज में सबसे अमीर प्रत्याशी हरियाणा के कुरुक्षेत्र सीट से भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल हैं। उनके पास 1241 करोड़ रुपए की संपत्ति है। 543 लोकसभा सीटों में पांचवे फेज तक 429 सीटों पर मतदान हो गया है। 25 मई तक कुल 487 सीटों पर मतदान पूरा हो जाएगा। आखिरी और सातवें फेज में 56 सीटों पर वोटिंग होगी। दिवंगत नेता और पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। सुप्रीम कोर्ट की वकील हैं, 15 साल का अनुभव रखती हैं। खुद पीएम मोदी ने इनके नाम का सुझाव दिया था। उनका सामना आम आदमी पार्टी के 3 बार विधायक रह चुके सोमनाथ भारती से है, पेशे से सोमनाथ भी वकील हैं।



### 183 कैंडिडेट्स पर क्रिमिनल केस

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 183 कैंडिडेट ऐसे हैं, जिन पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वहीं 141 उम्मीदवार ऐसे भी हैं, जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें से 12 उम्मीदवारों को किसी न किसी मामले में दोषी ठहराया गया है। 6 उम्मीदवारों पर हत्या और 21 पर हत्या की कोशिश के मामले दर्ज हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले 24 उम्मीदवारों पर दर्ज हैं। 3 उम्मीदवारों के खिलाफ दुष्कर्म (आईपीसी-376) का केस दर्ज है। वहीं, 16 कैंडिडेट्स पर भड़काऊ भाषण देने का केस दर्ज है।

### 39% उम्मीदवार करोड़पति, भाजपा के सबसे ज्यादा 48

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 889 उम्मीदवारों में से 39 फीसदी यानी 343 करोड़पति हैं। इन कैंडिडेट्स के पास औसत संपत्ति 6.21 करोड़ रुपए है। सबसे ज्यादा भाजपा के 48 उम्मीदवार करोड़पति हैं। कांग्रेस से BJP में आए नवीन जिंदल सबसे अमीर कैंडिडेट हैं। उनके पास 1241 करोड़ की संपत्ति है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर संतृप्त मिश्रा (482 करोड़ रुपए) और तीसरे नंबर पर कांग्रेस के सुशील गुप्ता (169 करोड़ रुपए) हैं। बीजू जनता दल के सभी 6 कैंडिडेट, आरजेडी और जदयू के सभी 4 कैंडिडेट, सपा के 11, टीएमसी के 7, कांग्रेस के 20 और आम आदमी पार्टी के 4 कैंडिडेटस की संपत्ति एक करोड़ या उससे ज्यादा है। सबसे कम संपत्ति वाले उम्मीदवारों में एसयूसीआईसी (सी) के उम्मीदवार रामकुमार यादव का नाम है। उनके पास 1686 रुपए की संपत्ति है। वहीं, रोहतक से निर्दलीय उम्मीदवार मास्टर रणधीर सिंह के पास संपत्ति के नाम पर महज 2 रुपए हैं।

## बिहार में आठ सीटों पर मतदान आज
## सात सीटों पर बसपा के प्रत्याशी

- छठे चरण में कुल 86 प्रत्याशियों में 8 महिलाएं भी ठोक रहीं ताल
- आठ में सर्वाधिक सात सीटों पर बसपा के प्रत्याशी चुनाव मैदान में

निज संवाददाता | पटना

बिहार के वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज (सुरक्षित), सिवान एवं महाराजगंज संसदीय क्षेत्र में गुरुवार को छठे चरण के चुनाव प्रचार का शोर थम गया। आज आठ सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में कुल 86 प्रत्याशियों में आठ महिला भी ताल ठोक रही हैं। कुल मतदाताओं की संख्या 1,49,32,165 है। वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र के वाल्मीकिनगर विधानसभा क्षेत्र की 29 बूथों एवं रामनगर विधानसभा क्षेत्र की 25 बूथों पर मतदान शाम चार बजे तक होगा। शेष सभी लोकसभा क्षेत्रों में मतदान शाम छह बजे तक होगा। छठे चरण में छह राष्ट्रीय एवं छह क्षेत्रीय दल के प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनके कुल प्रत्याशियों की संख्या 21 है। गैर पंजीकृत मान्यता प्राप्त दल के उम्मीदवारों की संख्या 30 है। वहीं, 35 निर्दलीय प्रत्याशी ताल ठोक रहे हैं। इस चरण में सर्वाधिक 15 प्रत्याशी वैशाली लोकसभा क्षेत्र में हैं। वहीं, सबसे कम पांच प्रत्याशी महाराजगंज संसदीय क्षेत्र से भाग्य आजमा रहे हैं। बड़े दलों में इस चरण की कुल आठ में सर्वाधिक सात सीटों पर बसपा के प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जबकि राजद व जदयू के चार-चार, भाजपा के तीन कांग्रेस के दो एवं लोजपा के एक प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। एक अहम तथ्य यह है कि छठे चरण में क्षेत्रफल के गणित से सबसे छोटा संसदीय क्षेत्र सिवान है, जबकि सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र में वाल्मीकिनगर है। वहीं, मतदाता की सबसे कम संख्या पश्चिम चंपारण में 17,59234 में हैं। सर्वाधिक 20,27,054 मतदाता गोपालगंज संसदीय क्षेत्र में हैं। इसके अलावा 18 हजार से अधिक गृहरक्षकों को भी चुनावी ड्यूटी में लगाया गया है। छपरा में हुई चुनावी हिंसा के बाद महाराजगंज में विशेष चौकसी बरती जा रही है। पुलिस मुख्यालय के स्तर से संबंधित जिलों में इंटरनेट मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया मानीटरिंग यूनिट इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित खबरों, फेसबुक-एक्स पोस्ट और यूट्यूब के वीडियो आदि पर नजर रख रहा है। किसी भी तरह के आपत्तिजनक पोस्ट, भ्रामक खबर को अविलंब हटाते हुए संबंधित पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, छठे चरण के चुनाव में भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

## छठा चरण में 60 हजार से अधिक सुरक्षा बल रखेंगे पैनी नजर



- नेपाल और यूपी की सीमा पर अलर्ट

निज संवाददाता | पटना

लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण में बिहार की आठ सीटों पर मतदान को लेकर 60 हजार से अधिक सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। इसके अलावा 18 हजार से अधिक गृहरक्षकों को भी चुनावी ड्यूटी में लगाया गया है। छपरा में हुई चुनावी हिंसा के बाद महाराजगंज में विशेष चौकसी बरती जा रही है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, छठे चरण के चुनाव में भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। सभी बूथों पर सशस्त्रत् सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। इस चरण में आधा दर्जन सीटें नेपाल और उत्तरप्रदेश की सीमा से सटी हैं। इसको लेकर नेपाल और उत्तरप्रदेश की सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण और शिवहर लोकसभा सीट की सीमा जहां नेपाल से सटी है, वहीं वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश से सीमा साझा करते हैं। सके अलावा वैशाली और पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र में भी मतदान होना है। नेपाल की सीमा पर एसएसबी के जवानों को तैनात किया गया है। सीमा पर अतिरिक्त चेकपोस्ट भी बनाए गए हैं। नेपाली सुरक्षा बलों के साथ भी संयुक्त गश्त की जा रही है। इसके अलावा मतदान को लेकर अतिरिक्त अंतरराज्यीय एवं अंतरजिला चेकपोस्ट भी बनाकर वाहनों की विशेष जांच की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने शांतिपूर्ण मतदान को लेकर सुदूर क्षेत्रों में घुड़सवार दस्ता एवं नदी क्षेत्रों के लिए नाव से निगरानी की व्यवस्था की है। इसके अलावा ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी।

## रबी मौसम में 262.48 लाख टन गेहूं की खरीद

**नयी दिल्ली (ए.)।** मौजूदा रबी मौसम में अभी तक केंद्रीय पूल में 262.48 लाख टन गेहूं की खरीद हो चुकी है जो पिछले वर्ष की कुल खरीद 262.02 लाख टन को पार कर गई है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि गेहूं की खरीद देश भर के प्रमुख खरीद राज्यों में सुचारू रूप से चल रही है। गेहूं खरीद में सर्वाधिक योगदान पांच राज्यों पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का रहा है।

मंत्रालय के अनुसार सरकारी खरीद से इस मौसम में कुल 22.31 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं और कुल न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर 59,715 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है।

### बिहार में अब कसे जायेंगे निजी स्कूलों की नकेल
## गैर निबंधित स्कूलों की टीसी होगी रद्द

निज संवाददाता | पटना

बिहार की शिक्षा को पटरी पर लाने के लिए दिन रात एक करने वाले शिक्षा विभाग के अपर मुख्यसचिव केके पाठक अब निजी स्कूलों पर नकेल कसने जा रहे हैं। केके पाठक के एक फरमान से निजी स्कूल सकते में है। शिक्षा विभाग के नये फरमान के तहत गैर निबंधित निजी स्कूलों की ओर से निर्गत टीसी अवैध मानी जायेगी, साथ ही निर्गत करनेवाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जायेगा। विभाग ने इस बात पर नाराजगी जतायी है कि पूर्व में भी यह निर्देश दिया गया था कि सभी स्कूलों का ज्ञानदीप पोर्टल पर निबंधन करायें, पर नतीजे बेहतर नहीं हैं।

### ई शिक्षा पोर्टल पर कराना होगा रजिस्ट्रेशन

दरअसल अब शिक्षा विभाग के ई पोर्टल पर बिना रजिस्ट्रेशन वाले स्कूलों की टीसी अब मान्य नहीं होगी। सभी निजी स्कूलों को ई शिक्षा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। बिना पंजीकरण अगर कोई निजी स्कूल टीसी जारी करता हैतो उसके खिलाफ एफआइआर दर्ज की जाएगी। इसके साथ ही शिक्षा विभाग राज्य के सभी निजी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की जांच करेगा। विभाग के पदाधिकारी यह देखेंगे कि निजी स्कूलों मेंपेयजल, शौचालय, पर्याप्त वर्गकक्ष, खेल मैदान, पुस्तकालय, चहारदीवारी हैया नहीं? शिक्षक कितनेहैं? किसी बोर्ड सेस्कूल को संबद्धता हैया नहीं? सभी शिक्षक प्रशिक्षित हैं या नहीं?

### जहानाबाद संसदीय क्षेत्र के अरवल के कुर्था में सीएम नीतीश कुमार ने जनसभा को किया सम्बोधित, कहा
## विधानसभा चुनाव के पहले 10 लाख लोगों को देंगे नौकरी

निज संवाददाता | अरवल

जहानाबाद संसदीय क्षेत्र के अरवल के कुर्था में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को परिवारवाद का मुद्दा उठाया। साथ ही उन्होंने लालू परिवार पर जमकर हमला बोला। कुर्था हाई स्कूल मैदान में जहानाबाद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जदयू के प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के पक्ष में चुनावी सभा को सीएम ने संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि इसको काम करने का मौका दिया तो गड़बड़ करने लगा। अब हम कहीं नहीं जाने वाले हैं। हम लोग 1994 से ही साथ है। बीच-बीच में गलती हुई है। लेकिन, अब गलती नहीं होगी। अरवल में 2005 के पहले शाम के बाद घर से लोग बाहर नहीं निकलते थे। हालत बहुत ही खराब थी। लड़कियां पढ़ने नहीं जाती थी, लड़कियों को साइकिल दिया गया।

इसके बाद वह स्कूल गई, शिक्षित हुई। लड़कियों में शिक्षा की जागरूकता हुई। ऐसा होने से प्रजनन दर कम हुआ। हमने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम किया है। स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत किया है। साल 2005 से 2020 तक लाखों लोगों को नौकरी दिया है। बिजली, शौचालय, सरकारी नौकरी सबको मिला है। विधानसभा चुनाव से पहले दस लाख लोगों को नौकरी देंगे। हम लोगों ने आपसी भाईचारा का माहौल पैदा कर राज्य में विकास किया। विधानसभा चुनाव से पूर्व बिहार के विकास के जो कार्य बचे हुए हैं उन्हें भी संपन्न कर लिया जाएगा।

## उपेंद्र कुशवाहा के लिए सीएम नीतीश कुमार ने मांगे वोट, गिनाए अपने काम



निज संवाददात | सासाराम (रोहतास)

काराकाट संसदीय क्षेत्र के नोखा में शुक्रवार को सीएम नीतीश ने चुनावी सभा को संबोधित किया। लोगों से एनडीए उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा को वोट देने की अपील की। वोटर्स को जंगल राज की याद दिलाई और अपना काम गिनाया। मौके पर एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा ने नीतीश कुमार का आभार जताया। मंत्री विजय चौधरी, नोखा के पूर्व विधायक रामेश्वर चौरसिया ने भी संबोधित किया।

### खनन विभाग का बड़ा निर्णय
## घाट बंदोबस्तधारी की मौत होने पर उत्तराधिकारी को मिलेगी बंदोबस्ती

निज संवाददाता | पटना

नदियों से बालू खनन को सहज बनाने के लिए खान एवं भू-तत्व विभाग रोज नई कवायद में जुटा है। इसी कड़ी में विभाग ने निर्णय लिया है कि यदि बालू घाट का बंदोबस्त होने के बाद उसकी मृत्यु हो जाती है, तो वैसी स्थिति में संबंधित बंदोबस्तधारी के परिवार की अनापत्ति लेकर उत्तराधिकारी को बंदोबस्त सौंप दिया जाएगा। इसके पूर्व संबंधित बंदोबस्तधारी के साथ नए सिरे से एकरारनामा भी होगा। विभाग के अनुसार, कई बालूघाटों की बंदोबस्ती के क्रम में ऐसी जानकारी मिली थी कि इ-नीलामी पूरा होने के बाद और खनन पट्टा जारी होने के पहले बंदोबस्तधारी की मृत्यु हो गई। जिसके बाद उनके कानूनी उत्तराधिकारी ने अनापत्ति देते हुए बालूघाट संचालन के लिए सैद्धांतिक मंजूरी मांगी। हालांकि नियमावली में इसका प्रविधान नहीं था।

लिहाजा मृतक के कानूनी उत्तराधिकारी के पक्ष में घाट स्थानांतरण के लिए सैद्धांतिक मंजूरी के संबंध में महाधिवक्ता से परामर्श लिया गया। जिसके बाद विभाग ने निर्णय लिया कि ऐसी परिस्थिति में कानूनी उत्तराधिकारी के पक्ष में परिवार के सभी सदस्यों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर सैद्धांतिक मंजूरी या खनन पट्टा हस्तांतरित करने के लिए संबंधित जिला के डीएम सक्षम होंगे। खनन पट्टा हस्तांतरण के बाद संबंधित डीएम द्वारा शेष अवधि के लिए संबंधित उत्तराधिकारी के साथ फिर से एकरारनामा किया जाएगा।

## महागठबंधन की सरकार बनी तो पुरानी पेंशन होगी लागू : सीएम चंपाई सोरेन

निज संवाददाता | देवघर



गोड्डा लोकसभा से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के लिए वोट मांगने आये झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के निशाने पर भी केंद्र की मोदी सरकार रही। उन्होंने कहा कि देश को जनता को गुमराह करके भाजपा ने सत्ता हासिल की। 2014 में महंगाई को लेकर हाय तौबा मचाया, तब गैस 450 रुपये सिलिंडर था, फिर भी भाजपा को मंहगा लग रहा था। पिछले 10 सालों में भाजपा सत्ता में रही लेकिन महंगाई व बेरोजगारी की बात ही नहीं कही। नौकरी देने की बात नहीं की। 2014 का सारे रादे जुमला साबित हुआ, अच्छे दिन नहीं आये। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि मुट्ठीभर पूंजीपतियों के लिए मोदी सरकार काम कर रही है। लोकतांत्रिक देश में पूंजीपतियों को बढाने के लिए उनकी राजनीति है। भाजपा ने ठेकेदारी प्रथा को बढ़ाया। मजदूरों को रोजगार नहीं दिया। युवाओं को नौकरी नहीं दी। चंद पूंजीपतियों को देश का मालिक बनाने का काम मोदी सरकार कर रही है। महागठबंधन की सरकार बनी तो नौकरी भी मिलेगी, पुरानी पेंशन भी लागू होगा। वैकेंसी निकलेगी। युवाओं को रोजगार मिलेगा। महिलाओं के खाते में पैसा जायेगा। चंपाई सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड के साथ धोखा किया है। राज्य का वाजिब अधिकार नहीं दिया। पांच साल बाद चुनाव में मौका मिला है।

### 13 वर्ष पुराना है हत्या का मामला : फार्म हाउस में मिले थे कंकाल
## अभिनेत्री लैला खान के हत्यारे सौतेले पिता को मिली सजा-ए-मौत

एजेंसी | मुंबई

मुंबई के सत्र न्यायालय ने अभिनेत्री लैला खान और उसके परिवार के मर्डर के केस में दोषी पाए गए सौतेले पिता परवेज टाक को सजा-ए-मौत सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सचिन पवार ने 9 मई को टाक को भारतीय दंड संहिता के तहत अन्य अपराधों के अलावा हत्या और सबूतों को नष्ट करने का दोषी पाया था, जिसे शुक्रवार को सजा सुनाई गई। यह मामला 13 वर्ष पुराना है।



अभियोजन पक्ष ने टाक के खिलाफ 40 गवाहों से पूछताछ की थी। सौतेले पिता ने फरवरी 2011 में नासिक जिले के इगतपुरी स्थित उनके बंगले में लैला, उनकी मां (सेलिना) व चार भाई-बहनों की हत्या की थी, इसके बाद शवों को फार्म हाउस में गड्ढा खोदकर दफन कर दिया था। परेवज टाक सेलिना का तीसरा पति था। लैला के पिता नादिर पटेल ने सभी की गुमशुदगी की शिकायत पुलिस से की थी। इसके बाद कई महीनों की जांच के बाद आरोपी सौतेले पिता को 2012 में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गिरफ्तार किया था, जिसे बाद में मुंबई पुलिस को सौंप दिया था।

एटीएस ने की थी आतंकी एंगल की जांच इस केस में शुरु में आतंकी घटना से जुड़ा एंगल की बात कही गई थी, जिसके लिए महाराष्ट्र एटीएस ने भी इसकी जांच की; लेकिन बाद में एटीएस ने इसे नकार दिया और केवल हत्या का मामला बताया था। बाद में जांच में पता चला कि परवेज ने प्रॉपर्टी विवाद को लेकर लैला की मां सेलिना हत्या की थी। उसने लैला व बाकी अन्य की हत्या इसलिए की, क्योंकि उन्होंने उसे हत्या करते हुए देख लिया था। उसका यह भी कहना था कि वे लोग उसके साथ नौकरों जैसा व्यवहार करते थे।

BAYC Institute स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7






नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है | सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें |

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस पर हमले के आरोप में दो महिला समेत 6 गिरफ्तार

**गुरारु।** थाना क्षेत्र के मथुरापुर डीह में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर स्थानीय पुलिस बुधवार के सुबह पुलिस की गश्ती टीम पर हमला करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष चाहत कुमार ने बताया कि मथुरापुर डीह से कांड संख्या 88/24 के अभियुक्त शक्ति कुमार, वासुदेव दास, कमलेश दास, मंदीप कुमार, गीता देवी एवं कौशमी देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तीन दिन पहले एएसआई ओमप्रकाश सिंह मथुरापुर डीह में जमीन से संबंधित एक मामले को लेकर दोनों पक्ष को अपना कागजात के साथ शनिवार को लगने वाली जनता दरबार में आने को कहा तो इसी बात पर उग्र होकर एक महिला ने पुलिस पदाधिकारी के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगी जब उन्होंने मना किया तो पुलिस की गश्ती टीम पर वहां के लोगों ने के हमला कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का काम किया इसके बाद एएसआई ओमप्रकाश सिंह के व्यान पर छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज गई थी।

### रामशिला के पास बदमाशों ने की गोलीबारी, क्षेत्र में दहशत

**गया।** कोतवाली थाना क्षेत्र में रामशिला मोड़ के पास बदमाशों ने ट्रैक्टर चालक को निशाना बना कर गोलीबारी की। हालांकि इसमें चालक पिंटू कुमार बाल-बाल बच गया। स्थानीय थाना में चालक के बयान पर शिकायत दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ट्रैक्टर चालक ने पुलिस को बताया कि बुधवार की अहले सुबह वह गाड़ी लेकर मालिक के पास जा रहा था। रामशिला मोड़ के पास पहुंचने पर बदमाशों ने उसको निशाना बना कर गोली चलाई। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले शिकायत दर्ज कर बदमाशों की पहचान की जा रही है।

### गौरा गांव में अखंड कीर्तन सह यज्ञ का आयोजन

**हिलसा।** प्रखंड क्षेत्र के गौरा गांव के महादेव मंदिर प्रांगण में बुधवार से 24 घंटा का अखंड कीर्तन सह यज्ञ का आयोजन किया गया। गुरुवार को अखंड कीर्तन के समापन पर भंडारा का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सुख शांति के लिए महादेव मंदिर के प्रांगण में अखंड कीर्तन सह यज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञाचार्य सौरभ प्रकाश ने बताया कि वैशाख मास विष्णु भगवान का महीना है। जिसमें सामूहिक रूप से लक्ष्मीनारायण की पूजा, यज्ञ, हवन करने से समस्त सृष्टि के पालनहार विष्णु भगवान प्रसन्न होते हैं और उनके आशीर्वाद से समस्त मानव समाज का कल्याण होता है। वैशाख मास में किसान अपने आने वाले खरीफ फसल की तैयारी करते हैं और अच्छी फसल के लिए अपने खेत में शुभ शगुन भी करते हैं। इस तरह के धार्मिक आयोजन से न सिर्फ लोगों के बीच आस्था बढ़ता है, बल्कि आपसी समरसता भी कायम रहता है। इस मौके पर कमल कृष्ण कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, रंजीत गराई, डा. सुनील पांडेय, शशि रंजन पटेल, दुर्गेश कुमार, कुंदन प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

### डीडीसी ने आईटी सहायकों के साथ की समीक्षा बैठक

**बिहारशरीफ।** जिले में चुनाव के साथ साथ मतगणना से सम्बंधित तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। मतदान के महज तीन दिन बाद ही मतगणना होनी है। मतगणना कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हरदेव भवन में मतगणना के दिन मतदान केंद्रवार प्राप्त मतों की इंट्री के लिए संबंधित आईटी सहायकों एवं कार्यपालक सहायकों के साथ डेमो वेबसाइट पर फुल ड्रेस रिहर्सल कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### स्कूल बस से कुचलकर बाइक मिस्त्री की मौत

**चंडी।** चंडी थाना क्षेत्र के सतनाग मोड़ के समीप बुधवार की सुबह स्कूल बस से कुचलकर किशोर की मौत हो गई। जबकि, वाहन की टक्कर से दूसरा किशोर जख्मी हो गया। घटना के बाद चालक, बस समेत फरार हो गया। मृतक गोखुलपुर गांव निवासी दिलीप पासवान का 15 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार बाइक मिस्त्री था। जख्मी आकाश कुमार का इलाज रेफरल अस्पताल में कराया गया। प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों ने बताया कि सुबह में दोनों किशोर घर से चंडी बाजार की ओर जा रहा था। उसी दौरान चंडी की ओर से बच्चों को लेकर मेयार की ओर जा रही स्कूल बस एक किशोर को कुचलते हुए दूसरे को टक्कर मार दी। जिससे एक की मौके पर मौत हो गई। जबकि, दूसरा किशोर जख्मी हो गया। घटना के बाद चालक, वाहन समेत फरार हो गया। ग्रामीणों की मानें तो चालक तेज गति से वाहन चला रहा था। जिस कारण हादसा हुआ। मौत की खबर पाकर किशोर के परिजन मौके पर पहुंच गए। जहां उनकी चीख पुकार गूंजने लगी। किशोर बाइक मिस्त्री का काम कर अपने घर का चूल्हा जला रहा था। उसके पिता तीन सालों से लापता हैं। ग्रामीणों ने निजी स्कूल पहुंचकर पीड़ित परिवार के मुआवजा की गुहार लगाई। लोगों की मानें तो प्रबंधन ने मुआवजा देने से इंकार कर दिया।

### थाईलैंड की महावाणिज्यदूत पहुंची महाबोधि मंदिर

**बोधगया।** कोलकाता में थाईलैंड की महावाणिज्यदूत सिरीपोर्न तांतियाथेप ने बुधवार को बोधगया पहुंची और महाबोधि महाविहार मंदिर का दौरा किया। उन्होंने बीटीएमसी की सचिव डॉ. महाश्वेता महारथी के साथ महाबोधि महाविहार के मुख्य गर्भगृह में भगवान बुद्ध को प्रसाद के रूप में खीर चढ़ाया और सूत्र पाठ में हिस्सा लिया। महावाणिज्यदूत 23 मई, 2024 को बीटीएमसी द्वारा आयोजित 2568वें बुद्ध पूर्णिमा समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लेंगे। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर बुद्ध जयंती समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।



### एनिमेशन फिल्म " द लाइट' नारी जीवन और आध्यात्म का संगम : ब्रह्मकुमारी



**गया।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं आई रियालिटीज द्वारा निर्मित एनिमेशन फिल्म द लाइट बुधवार को शहर के एपीआर सिनेमा हॉल में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अशोक बिहार कॉलोनी द्वारा निःशुल्क दिखायी गई। बुधवार से शुरू हुए दो दिवसीय इस फिल्म का शुभारंभ श्रीरामनवमी पूजा समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह, शांति समिति के अध्यक्ष कपिल देव प्रसाद सिन्हा, श्री राष्ट्रीय राजपूत कार्यकारिणी सेनाध्यक्ष जनार्दन सिंह, समाजसेवी मणि लाल बारिक, भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ. करुणा सिंह, पूर्व मुखिया सुरेंद्र यादव, बोधगया के पूर्व मुखिया राजेश कुमार, अशोक विहार कॉलोनी सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी बबीता बहन के साथ बीके रेखा, बीके मणि, बीके पूजा, बीके बेबी, बीके नीलम, बीके बसंती ने संयुक्त रूप से किया। सर्वप्रथम ब्रह्माकुमारी बबीता बहन ने बताया कि यह फिल्म नारी शक्ति व आध्यात्म का संगम है। यह फिल्म संस्थान की स्थापना के समय में नारी की स्थिति को बयां करती है। इसमें हमें देखने को मिलता है कि कैसे समाज में नारी जाति को सम्मान दिलाने और सब में आपसी प्रेम और सम्मान की भावना का प्रादुर्भाव करने के लिए सर्वशक्तिमान परमपिता परमात्मा ने एक मनुष्य को माध्यम बनाए और दादा लेखराज कैसे प्रजापिता ब्रह्मा बाबा बनें। उन्होंने बताया कि ब्रह्मा बाबा द्वारा रोपा गया एक बीज आज वट वृक्ष बन गया है। 140 देशों में इसके सेंटर खुल गए है, जहां पर आध्यात्म व राजयोग सिखाया जा रहा है। यह फिल्म 23 मई तक सुबह 10 बजे से चलेगी। मौके पर जितेन्द्र सांई सहित अन्य मौजूद थे।

# वोटरों को जागरूक करने के लिए दिव्यांग मतदाता रैली निकली

## पहले मतदान फिर जलपान नारे के साथ किया भ्रमण, वोटिंग के लिए दिलाई शपथ

निज संवाददाता। नालंदा




दिव्यांगजन सशक्तिकरण के तत्वाधान में प्रखंड कार्यालय राजगीर के प्रांगण से शुक्रवार को 29 नालंदा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से दिव्यांग मतदाता रैली का आयोजन किया गया। इसी मौके पर सामान्य प्रेक्षक मौसमी चट्टराज चौधरी की उपस्थिति रही। 1 जून को ज्यादा से ज्यादा महिला, पुरुष, युवा मतदाताओं का मतदान में सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पहले मतदान, फिर जलपान जैसे नारों से मतदाता जागरूकता रैली प्रखंड कार्यालय राजगीर से पूरे राजगीर बाजार में परीभ्रमण करते हुए पुनः वापस प्रखंड कार्यालय राजगीर तक संपन्न हुआ ।

**धुन बजाकर मतदाता को जागरूक किया गया:** मतदाता को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। साथ ही स्काउट गाइड की ओर से धुन बजाकर मतदाता को जागरूक किया गया। मतदाताओं की वोटिंग परसेंट बढ़ाने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी और चुनाव आयोग की तरफ से जिले भर में अलग-अलग गतिविधियां की जा रही है। इस अवसर पर अभ्युदय शरण, बिहार राज्य पीडब्लूडी आईकॉन, डॉ. आशुतोष कुमार मानव, जिला स्वीप आईकॉन, गायत्री कुमारी संयुक्त निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण डॉक्टर सुदर्शन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य मतदाता उपस्थित थे।

# गया में सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वाला गिरफ्तार

## समर्थन में थाने के बाहर जुटे लोग

निज संवाददाता। गया



गया में सोशल मीडिया पर धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाले पोस्ट से जुड़े एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ 3 दिन पहले जिले के फतेहपुर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। आरोपी साहिल खान के पकड़े जाने से इलाके में हडकंप मचा है। बताया जा रहा है कि फतेहपुर थाना क्षेत्र में इस बात को लेकर काफी चर्चा गर्म है। वजीरगंज एसडीपीओ सुनील कुमार पांडे ने बताया कि कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर धर्म विशेष से जुड़े लोगों की धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाली बातें पोस्ट की गई थी। पोस्ट एक्स पर तेजी से फैल रहा था। उस पोस्ट पर पुलिस की नजर पड़ी तो तेजी से काम करते हुए पहले पोस्ट को पुलिस ने अपने पास सुरक्षित रखते हुए जांच शुरू की। जांच में एक्स हैंडलर का पता लगाया गया। इसके बाद हैंडलर की छानबीन शुरू हुई। छानबीन के तहत एक्स हैंडलर की तस्वीर की लोगों से पहचान कराई गई। इस दौरान पता चला कि आरोपी रूपिन गांव का रहने वाला साहिल खान है। इस बीच आरोपी के खिलाफ सारे तकनीकी साक्ष्य फतेहपुर पुलिस ने जुटा लिए। हालांकि, इस काम में पुलिस को दिन रात एक करनी पड़ी और फिर साहिल को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध कबूल किया है। इधर, सूत्रों का कहना है कि आरोपी के गिरफ्तार होते ही बड़ी संख्या में थाने के पास साहिल के समर्थन में जुटने लगे थे। काफी देर तक लोग थाने के बाहर खड़े रहे। लेकिन जब उन्हें पुलिस ने स्पष्ट रूप से सख्त अंदाज में संबंधित मामले की जानकारी दी और कार्रवाई के बारे में बताया तो वे वापस चले गए।

# बुद्ध के दर्शन को आज भी उमड़ेगी भीड़

निज संवाददाता। गया



बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय बुद्ध जयंती समारोह के तहत 64,000 लोगों ने महाबोधि मन्दिर गर्भगृह में भगवान बुद्ध के दर्शन किए। देश-विदेश के भिक्षु और श्रद्धालु शामिल रहे। बुद्ध टेंपल मैनेजमेंट कमेटी का दावा है कि ओवरऑल 1 लाख लोगों ने भगवान बुद्ध का दर्शन किया है। वहीं, 45,00 लोगों ने फ्री में भोजन किए। भोजन की व्यवस्था बीटीएमसी की ओर से कालचक्र मैदान में की गई थी। 11,00 लोगों ने इस मौके पर मेडिकल कैम्प का भी लाभ उठाया। फ्री रिंग बस सर्विस का (गया रेलवे स्टेशन से बोधगया) तक 1380 लोगों ने लाभ उठाया। इस बार महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं की संख्या विशेष रही। बीटीएमसी की ओर से शुक्रवार को भी कालचक्र मैदान में फ्री में खाना श्रद्धालुओं को खिलाया जाएगा।

**राज्यपाल ने भगवान बुद्ध की महत्ता पर प्रकाश डाला था:** दरअसल बोधगया में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बुद्ध जयंती मनाई जा रही है। गुरुवार को कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने किया था। इस मौके पर बौद्धधर्म के विभिन्न पन्थों के मुख्य ने भगवान बुद्ध के संदेशों पर रोशनी डाली थी। वही, राज्यपाल ने भी भगवान बुद्ध की महत्ता पर प्रकाश डाला था। खास बात यह भी कि देश की पहली महिला आईपीएस अफसर ने भी बुद्ध जयंती के मौके पर भगवान बुद्ध का दर्शन किया। वे विपार्ड में ट्रेनिंग ले रहे प्रदेश के प्रशासनिक अफसरों को ट्रेनिंग देने आईं थीं।

# नालंदा सड़क हादसे में युवक की मौत, पत्नी समेत 4 घायल, हाइवा का टायर ब्लास्ट होने से हादसा

## ससुराल से पत्नी-बच्चों को लेकर लौट रहा था घर

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में हाइवा और स्कॉर्पियो में गुरुवार को जोरदार टक्कर हो गई। मामला रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहटा सरमेरा मुख्य मार्ग के सोनसा गांव के पास की है। इस हादसे में स्कॉर्पियो चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि गाड़ी में सवार 4 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस द्वारा रहुई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद सभी को बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान नवादा जिला के नारदीगंज थाना क्षेत्र के बोगली गांव निवासी शिवन केवट के बेटे संतोष केवट(38) के रूप में की गई है। जबकि इस हादसे में संतोष केवट की पत्नी सुषमा देवी, उसका बेटा अमन कुमार, बेटी संध्या कुमारी और स्नेहा कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हाइवा रहुई की तरफ से बिन्द की ओर जा रही थी। जबकि स्कॉर्पियो बिन्द की तरफ से रहुई की ओर आ रही थी। जैसे ही दोनों वाहन सोनसा गांव के पास पहुंचा। इसी बीच हाइवा का अगला टायर ब्लास्ट कर गया। वह बेकाबू होकर स्कार्पियो में जा टकराया। इसके कारण स्कार्पियो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हाइवा सड़क के नीचे गड्ढे में पलट गया। काफी मशक्कत के बाद स्कॉर्पियो ड्राइवर समेत उस पर सवार अन्य लोगों को बाहर निकाला गया। हेड इंजुरी की वजह से ड्राइवर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य 4 को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, इस मामले में रहुई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि हाइवा और स्कार्पियो में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इसके कारण स्कार्पियो के चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उस पर सवार महिला समेत 3 बच्चों को इलाज के लिए रहुई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। फिलहाल, दोनों वाहन को जब्त करते हुए पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हाइवा का टायर ब्लास्ट होने से यह हादसा हुआ है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराने की प्रक्रिया में पुलिस जुट गई है। आवेदन मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## 3 महीने की गर्भवती महिला के हत्या का मामला

# मायके वालों ने 1 लाख के लिए गला दबाकर मर्डर का लगाया आरोप, पति समेत 4 आरोपी

निज संवाददाता। नालंदा




नालंदा में 3 महीने की गर्भवती महिला की संदिग्ध हालत में मंगलवार को मौत हो गई थी। मामला रहुई थाना क्षेत्र के हुसैनपुर गांव का था। मृतका हुसैनपुर गांव निवासी रूपेश कुमार की पत्नी विभा देवी(20) थी। इस मामले में मृतका के मायके वाले ने दहेज, हत्या का आरोप लगाते हुए रहुई थाना में मामला दर्ज कराया है। विभा देवी के पिता बिन्द थाना क्षेत्र के बिन्द बाजार निवासी भोली राउत ने दामाद समेत 4 लोगों को आरोपी कर मामला दर्ज कराया है। इसमें उन्होंने बताया कि करीब 1 साल पहले उन्होंने अपनी बेटी विभा की शादी रुपेश कुमार से की थी। उस वक्त भी 3 लाख रुपए और सारा सामान दिया गया था। इसके बाद भी पैसे के लिए दामाद समेत ससुराल परिवार का प्रलोभन कम नहीं हुआ। पैसे की डिमांड की जाने लगी। पैसा नहीं देने पर उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जाता था। इस बीच एक बार 50 हजार रुपए शादी के बाद दिए गए। फिर कुछ दिनों से 1 लाख रुपए की डिमांड की जा रही थी। नहीं देने पर उनकी बेटी को उसका पति, सास, गोतनी और भैसुर ने मिलकर गला दबाकर हत्या कर दी। वहीं, इस मामले में रहुई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि महिला के पिता द्वारा पति समेत 4 लोगों को आरोपी कर दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया गया। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है। सभी आरोपी घर छोड़ फरार हैं। विभा देवी के भाई उदय कुमार ने यह आरोप लगाया था कि उसके बहनोई का अवैध संबंध उसके अपने ही भाभी से चल रहा था। इसी बात को लेकर उसके बहनोई और उसकी बहन में विवाद होता रहता था। वह 3 महीने की गर्भवती भी थी।

# पुलिस को हत्थे से छुटा आरोपी

निज संवाददाता। गया



गया पुलिस के तहत आने वाली कोंच पुलिस के कारनामे खासे कमाल के हैं। गुरुवार को दो आरोपी को खैरा गांव से पकड़ने गई। पुलिस की पकड़ में आया एक आरोपी आसानी से पैदल ही भाग गया। पुलिस हाथ मलते ही रह गई। दरअसल, कोंच पुलिस आर्म्स एक्ट और महिला से छेड़छाड़ के नामजद आरोपी बाप बेटे को पकड़ने गई थी। लेकिन बाप तो हाथ नहीं आया पर जो युवक हत्थे चढ़ा वह भी पुलिस के हाथ से आसानी से निकल गया। पुलिस के बीच से भागने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उस वायरल वीडियो में आरोपी युवक टीशर्ट में और कंधे पर गमछा रखे हुए नजर आ रहा है। वह पुलिस के बीच से आराम से भागते हुए भी नजर आ रहा है। आरोपी को पकड़ने गए SI दीनानाथ यादव ने बताया कि गोलू कुमार घर के बाहर ही पकड़ में आ गया था। लेकिन उसके पिता को पकड़ने के लिए हमलोग जैसे ही उसके घर के अंदर गए। उसका पिता घर से भाग चुका था। इधर, गोलु कुमार भी पुलिस बल को चकमा देकर मौके से भाग गया। वहीं, थाना अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि गोलू कुमार और उसके पिता रामदयाल यादव के बीच मारपीट की सूचना पर पुलिस उसके घर पर गई थी। पुलिस स्थल पर जाकर जब तक पुलिस माजरा समझ पाती। दोनों आरोपी चकमा देकर भागने में कामयाब हो गए।

# आज महा-भंडारा के साथ होगा बाबा साहेब मेले का समापन

## दो दिवसीय मेले में भक्तों ने बाबा महतो के मंदिर में की पूजा अर्चना

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के सरमेरा प्रखंड के परनावां धाम में गुरुवार को श्री-श्री 108 श्री शरण निवास बाबा महतो साहब महोत्सव सह मेला में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस द्विवार्षिक दो दिवसीय राजकीय मेले में लोगों ने बाबा साहब के मंदिर में जाकर उनकी पूजा-अर्चना की। लोगों ने मेला का जमकर आनंद लिया। इसके बाद मेले में आए भक्तों ने देर शाम तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। इसमें अन्य प्रदेश से भी सैकड़ों भक्त पहुंचे। मोकामा, पटना, बाढ़, नवादा, शेखपुरा समेत कई जिलों के लोग शामिल हुए। शुक्रवार को महा-भंडारा के साथ मेले का समापन होगा। बाबा साहब के मंदिर में केके ग्रुप के चेयरमैन ई.रवि चौधरी, विजय सिंह, प्रमोद सिंह, ई.अमित कुमार, बलराम मंडल, मुख्य पार्षद सन्नी कुमार, वार्ड पार्षद त्रिपुरारी सिंह समेत हजारों भक्तों ने मत्था टेक सुख समृद्धि की मंगल कामना की।

**मेले में बढ़ती गई भीड़:** मेला समिति के अध्यक्ष केदार महतो की अगुआई में यहां आए भक्तों के लिए भोजन से लेकर रहने तक की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मेले की महिमा लगातार बढ़ती जा रही है। यही कारण है कि इसमें लक्खीसराय, जमुई समेत कई जिलों से भक्त आए। धनुकी पंचायत की मुखिया सीमा कुमारी ने कहा कि साल 2018 में सीएम नीतीश कुमार ने इसे राजकीय मेला का दर्जा देकर यहां के लोगों का मान बढ़ाया था। तब से यहां और अधिक भीड़ लगती है। बाबा महतो साहब की ख्याति काफी दूर-दूर तक फैली हुई है।

**चाट-पकौड़े की दुकान पर सबसे अधिक भीड़:** मेले में मनोरंजन के लिए आसमानी झूला, जंप झूला समेत कई व्यवस्थाएं की गई है। सबसे अधिक भीड़ चाट-पकौड़े की दुकान पर रही। वहीं, शाम में जलेबी की दुकानों पर बच्चों का जमघट रहा। मेला में लगभग 200 छोटी-बड़ी दुकानें लगाई गई है। सभी दुकानों पर खरीदारों की भीड़ रही। मेले में महिलाओं और बच्चों की संख्या अधिक दिखी।

**शांति और भाईचारा का दिया संदेश:** अध्यक्ष केदार महतो और बीडीओ राजीव कुमार ने मेले में आए लोगों को शांति और भाईचारा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब गंगा-जमुनी तहजीब के पक्षधर थे। उन्होंने हमेशा ही लोगों को शांति का पैगाम दिया था। उनके संदेश आज भी प्रासंगिक है। मेला आयोजन में पवन सिंह, डॉ.प्यारेलाल यादव, सच्चिदानंद प्रसाद, राजकुमार महतो, रामाश्रय महतो, महेंद्र महतो, नरेश मांझी, प्रमोद कुमार, राजीव सिंह, रामप्रवेश यादव, चंद्रमौली सिंह, मुंद्रिका देवी, विनोद पासवान, प्रफुल्ल सिंह और अन्य ने भक्तों को पूरा सहयोग किया।

**20 हजार भक्तों ने भंडारा में किया प्रसाद ग्रहण:** मेले में आए लोगों के लिए मेला समिति की ओर से सारी व्यवस्था की गई है। भंडारा में 20 हजार से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। यहां आए लोगों ने सबसे पहले मंदिर में जाकर अपना मत्था टेक दुआएं मांगी। इसके बाद मंदिर का भ्रमण किया। तब भंडारा में जाकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद मेला का जमकर लुत्फ उठाया। भंडारा में जर्नादन सिंह, राजीव सिंह, सुनील कुमार, मंटु सिंह व अन्य ने भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराया।

# डीएम के जनता दरबार में हुआ कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन

निज संवाददाता

**नवादा**। जिलाधिकारी प्रशांत कुमार सी.एच. द्वारा समाहरणालय सभागार में आम जनता से साक्षात्कार कर उनकी समस्याओं का सुनवाई/निराकरण किया गया। जिला पदाधिकारी ने प्राप्त आवेदन का निपटारा करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देष दिये। जनता दरबार में कुल 75 परिवादी आये जिसमें आधे से अधिक शिकायतों का ऑन स्पॉट निपटारा कर दिया गया। सबसे अधिक मामले भूमि विवाद, कृषि, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल, राजस्व, विवाह, विद्युत, अनुकम्पा एवं अन्य समस्याओं से संबंधित मामले की सुनवाई की गई। जनता दरबार में प्रखंड-पकरीबरावां, थाना-धमौल, ग्राम-ढ़ोढ़ा के महेश पासवान, प्रखंड-पकरीबरावां, ग्राम-दुलारपुर के बबीता देवी, थाना-परनाडाबर,




ग्राम-बेलदारी पचम्बा के नरेन्द्र कुमार, प्रखंड-काशीचक, ग्राम-मोहनपुर के सुनीता देवी, सुरेन्द्र पासवान, अनिता देवी एवं अन्य ग्रामीण, प्रखंड-नवादा, दर्जी टोला के फैयाज अहमद आदि ने अपने-अपने आवेदन में शिकायत दर्ज किया, जिसे जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन हेतु निर्देश दिये। अन्य आवेदनों को निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सभी संबंधित विभाग को एक सप्ताह के अन्दर समस्याओं का समाधान कर प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त, चन्द्रशेखर आजाद अपर समाहर्त्ता नवादा, शसांक राज आपदा प्रभारी उपस्थित थे।

# प्रथम अपीलीय प्राधिकार के नाम का बोर्ड नहीं

निजसंवाददाता

**नवादा**। केन्द्र सरकार ने आम लोगों को जानकारी सुलभ कराने के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम का अचूक हथियार दिया। इसके लिए समय का निर्धारण कर अधिकारियों को इसे लागू कराने के लिए जिम्मेदारी सौंपी, लेकिन अधिकारी नहीं चाहते सूचना का अधिकार धरातल पर उतरे। यही कारण है कि जिले के एक भी कार्यालय के बाहर गेट पर उसे कार्यालय के लोक सूचना पदाधिकारी एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकार के नाम एवं पदनाम का बोर्ड नहीं लगा है कि ताकि आम व्यक्ति आसानी से लोक सूचना पदाधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी के पास आरटीआई आवेदन दाखिल कर सके। उक्त मामले को जिले के बहुचर्चित आरटीआई कार्यकर्ता प्रणव कुमार चर्चील ने काफी गंभीरता से लेते हुए सूचना के अधिकार के तहत बोर्ड की जानकारी मांगी। प्रथम व द्वितीय अपील अधिकारी ने बोर्ड लगवाने का आश्वासन तो दिया लेकिन अबतक एक भी कार्यालय में बोर्ड नहीं लगा। आश्चर्य तो यह कि समाहर्ता ने ख़ुद इसका अनुपालन नहीं किया। जबकि नियमतः इसका अनुपालन हर किसी को करना है। हां। समाहरणालय परिसर में एक फ्लैक्स बोर्ड लगाकर अपने कर्तव्य की गति श्री कर ली। ऐसे में धुन के पक्के चर्चील ने राज्य सूचना आयोग का दरवाजा खटखटाया है। राज्य सूचना आयोग ने अपील को स्वीकार कर अगले महीने सुनवाई की तिथि निर्धारित की है।

# प्राचीन कालीन शिक्षा का वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर प्रभाव : डॉ0 अनुज

निज संवाददाता

**नवादा**। मॉडर्न कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कुन्ती नगर, नवादा जिला-नवादा में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम दिन का शुभारम्भ दिनांक 22/05/2024 दिन बुधवार को मॉडर्न कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बहुद्देशीय कक्ष में सम्पन्न हुआ, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो० (डॉ०) एम०डी० तनवीर यूनुस, विभागाध्यक्ष विश्वविद्यालय बिनोवा भावे हजारीबाग (झारखण्ड), विशिष्ट अतिथि डॉ० विनोद कुमार, प्राचार्य आर०एम०डब्लू० कॉलेज, नवादा (बिहार) एवं मॉडर्न कॉलेज ऑफ एजुकेशन, नवादा के विभागाध्यक्ष श्री देवकान्त के कर कमलो द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया, तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्रो० (डॉ०) एम०डी० तनवीर यूनुस ने प्राचीन काल की शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए बताये कि वैदिक कालीन शिक्षा से मानव के अन्दर मानवीय गुणों का विकास एवं संस्कार विकसित होता है जिसके द्वारा मानव जीवन का उत्थान सम्भव है। आज के परिवेश में हमलोग भौतिक विकास की ओर निरंतर बढ़ते जा रहे है, जबकि अध्यात्मिक विकास के बिना जीवन अधूरा है। साथ ही वैदिक कालीन शिक्षा से गुरू-शिष्य परम्परा में प्रचलित व्यवहार का हमलोगो को अनुशरण करने की आवश्यकता है, तभी हन बालको को एक सर्वश्रेष्ठ नागरिक बना सकते है। तत्पश्चात डॉ० विनोद कुमार ने बताया कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। वैदिक काल में शिक्षा अध्यात्मिक, बौद्धिक तथा शारीरिक विकास के बिना नहीं की जा सकती है। साथ ही आज के प्रशिक्षुओं को वैदिक कालीन शिक्षा के विभिन्न उद्देश्यों को अपना कर स्वयं तथा समाज का विकास करना चाहिए,



वैदिक काल में संस्कार तथा मानवीय मूल्यों को विशेष महत्व दिया जाता रहा है, साथ ही उन्होने ब्रहम्चर्य को अपनाने पर भी जोर दिया, उन्होने अपने विचारों को अभिव्यक्त करते हुये यह भी कहा कि उस समय प्रशिक्षुओं को भौतिकता से दूर रखा जाता था साथ ही सादा जीवन एवं उच्च विचार पर बल दिया जाता रहा जिससे उनका जीवन सार्थक हो सके और वह समाज के लिये उपयोगी बन सके।

# 29 जुलाई से 03 अगस्त तक होगा विशेष लोक अदालत का आयोजन

निज संवाददाता

**नवादा**। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के पत्र के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सचिव कुमारी सरोज कीर्ति ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में 29 जुलाई से 03 अगस्त 2024 तक एक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इसको लेकर बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा निर्देश प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई से 03 अगस्त तक सर्वोच्च न्यायालय में लंबित वादों से संबंधित एक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने नवादा जिले वासियों से अपील किया कि अगर उनका कोई भी सुलहनीय वाद सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है तो इस अवसर का लाभ उठाकर वे अपने वाद को आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत में निष्पादन करा सकते हैं इसके साथ ही यह भी जानकारी दी गयी कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय, नवादा में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 जुलाई, 2024 को आयोजित की जा रही है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में दावा वाद, वैवाहिक वाद विद्युत वाद एनआईएक्ट सहित सभी शमनीय वाद एवं प्री लिटिगेशन वादों का निष्पादन किया जाएगा। सभी आमजनों से अपील है कि जिनके भी शमनीय वाद न्यायालय या किसी विभाग में लंबित है वह संबंधित न्यायालय अथवा विभाग से संपर्क कर प्री सिटिंग कराके अपने वाद को समझौता के आधार पर आगामी 13 जुलाई, 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादित करा सकते हैं। पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत में 454 केसेस का निष्पादन हुआ था इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में 500 केसेस निष्पादन करने का लक्ष्य है 1 से 03 अगस्त 2024 तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा सर्वोच्च न्यायालय में होगा विशेष लोक अदालत बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के पत्र के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के सचिव कुमारी सरोज कीर्ति ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में 29 जुलाई से 03 अगस्त 2024 तक एक विशेष लोक अदालत का



आयोजन किया जाना है। इसको लेकर बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा निर्देश प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई से 03 अगस्त तक सर्वोच्च न्यायालय में लंबित वादों से संबंधित एक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने नवादा जिले वासियों से अपील किया कि अगर उनका कोई भी सुलहनीय वाद सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है तो इस अवसर का लाभ उठाकर वे अपने वाद को आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत में निष्पादन करा सकते हैं इसके साथ ही यह भी जानकारी दी गयी कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय, नवादा में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 जुलाई, 2024 को आयोजित की जा रही है।

# उच्चकों ने उड़ाया महिला के सोने का चेन

**नवादा (नि.सं.)**। नगर के बुन्देलखण्ड थाना क्षेत्र की एक महिला को सुबह का सैर करना महंगा पड़ा। उच्चकों ने सोने का चेन व कंगन उड़ा लिया। घटना को नवादा- हिसुआ पथ पर संत जोसेफ स्कूल के पास अंजाम दिया। सूचना थानाध्यक्ष को दी गयी है। बताया जाता है कि बुन्देलखण्ड थाना मधुवन बाड़ा दर्जी टोला मुहल्ले की महिला शांति देवी प्रतिदिन अहले सुबह टहलने के लिए सद्भावना चौक तक जाती थी। सुबह जब टहलने के बाद वापस घर लौट रही थी संत जोसफ स्कूल के पास मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने महिला के गले का सोने का चेन व कंगन लेकर फरार हो गया। घटना की तत्काल सूचना थानाध्यक्ष को दी गई। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी है। बता दें इसके पूर्व कलाली रोड नया पुल पर महिला का सोने का चेन व अन्य सामानों की मोटरसाइकिल सवार बदमाशों द्वारा छिनतई की जा चुकी है। पुलिस ने बदमाशों का स्केच जारी कर अपने कर्तव्य की गति श्री कर ली है।

# पदमुक्त महंथ द्वारा घृणित कार्य से परेशान हैं कमिटी के लोग एवं ग्रामीण

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। प्रखण्ड क्षेत्र के अमावां गांव में स्थित उदासीन संगत के मदमुक्त महंथ शक्तिमुनि दास द्वारा घृणित कार्य करने से देखभाल की कमिटी एवं आम ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। कमिटी के अध्यक्ष सुरेश सिंह, सदस्यगण नवल सिंह व राकेश सिंह समेत अन्य लोगों ने कहा कि अमावां संगत के महंथ शक्तिमुनि दास के बीवी-बच्चे समेत अन्य परिजन हैं। साथ ही संगत के जमीन व जायदाद द्वारा अर्जित पैसों का हेरफेर किया गया था। जिसको लेकर धार्मिक न्यास बोर्ड ने शक्तिमुनि दास को वर्ष 2021 में पदमुक्त कर दिया गया था। बावजूद वे अपना अधिकार अमावां संगत पर जमाये हुए हैं और आये दिन कमिटी के लोगों एवं ग्रामीणों के साथ भद्दी-भद्दी गालियां वगैरह दी जाती है। कमिटी के लोगों ने कहा कि बीते 16 मई को महंथ द्वारा संगत परिसर में स्थित एक दुकानदार को जबरन दुकान खाली करने को कहा गया। जिसका विरोध कमिटी एवं ग्रामीणों द्वारा किया गया। जिसको लेकर पदमुक्त महंथ शक्तिमुनि दास का विरोध करने पर महंथ द्वारा भद्दी-भद्दी गालियां दी जाने लगी। इसी बीच महंथ का पैर फिसला और सिर सीढ़ी से जा टकराई। जिसके कारण पदमुक्त महंथ का सिर जख्मी हो गया। घायल महंथ को ग्रामीणों के सहयोग से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सक ने घायल महंथ का इलाज किया।हालांकि उसके बाद पदमुक्त महंथ द्वारा षड्यंत्र रचकर देखभाल कमिटी के अध्यक्ष समेत सक्रिय सदस्यों को नामजद बनाकर रजौली थाना में झूठा केस दर्ज कराया गया है। अमावां गांव के लोगों ने कहा कि महंथ शक्तिमुनि दास को दिनांक 19 सितंबर 2023 को अंचलाधिकारी के जांच प्रतिवेदन पत्रांक संख्या 1035 पर एसडीओ ने भी महंथ शक्तिमुनि दास को उदासीन सम्प्रदाय के नियम विरुद्ध कार्य करने की बात सत्य पाई। वहीं 8 फरबरी 2023 को बिहार राज्य धर्मिक न्यास बोर्ड परिषद के अध्यक्ष अखिलेश कुमार जैन द्वारा पारित आदेशानुसार महंथ शक्तिमुनि दास को पदमुक्त करने एवं उसके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई थी। एसडीओ ने 7 अक्टूबर 2023 को पत्रांक संख्या 2516 द्वारा अंचलाधिकारी एवं थाना को निर्देश दिया कि पदमुक्त महंथ शक्तिमुनि दास के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। धार्मिक न्यास बोर्ड एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा अमावां संगत के पदमुक्त महंथ शक्तिमुनि दास को अनाधिकृत बताए जाने के बाद वर्ष 1936 के नियमावली के अनुसार बनी कमिटी के लोगों ने संगत की देखभाल करना शुरू कर दिया। कमिटी द्वारा संगत से प्राप्त आय को बैंक में जमा किया जा रहा है। साथ ही संगत के सौंदर्यीकरण के साथ अन्य कार्य चेक के माध्यम से किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि पदमुक्त होने बाद कथित महंथ जबरन अमावां संगत पर अवैध कब्जा बनाये हुए है। कमिटी एवं ग्रामीणों ने स्थानीय पदाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

## बाजार में स्मार्ट मीटर जून माह से लगाना होगा शरू

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। बिजली विभाग बिजली चोरी को रोकने के लिए कवायद शुरू कर दी है। आये दिन उपभोक्ता बिजली की चोरी कर राजस्व की काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। कहने के तो उपभोक्ता अपने घर व दुकानों में बिजली का उपयोग कर रहे हैं, और दिखावे के मीटर लिए मीटर भी लगा रखें, और बिजली बिल का भी भुगतान भी किया जा रहा है, बावजूद कई ऐसे भी उपभोक्ता हैं, जो मीटर लगाने के बाद भी वाई पास तरीके से बिजली का उपयोग कर राजस्व का चूना लगा रहे हैं, वही कई ऐसे भी उपभोक्ता हैं, जो बिना मीटर के ही बिजली का उपयोग कर रहे हैं। यों कहें कि उपभोक्ता बिजली की चोरी करने से बाज नहीं आ रहें हैं।

# बी.पी.एस पब्लिक स्कूल सह किड्स जोन में समर कैंप का आयोजन

निज संवाददाता

**नवादा**। नगर के राम नगर स्थित बी पी एस पब्लिक स्कूल सह किड्स जोन में तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। कैम्प का प्रारम्भ २४ मई को हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए समर कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप के माध्यम से छोटे छोटे बच्चे अपनी विलक्षण प्रतिभाओं को एक साथ एक मंच पर आकर एक नया आयाम दे रहे हैं। इस समर कैम्प में बच्चे वाद विवाद, निबंध, भाषण, पेंटिंग, एक्टिंग, डांस, मोनो एक्टिंग,




सिंगिंग, म्यूजिकल चेयर, आदि के साथ अपने प्रतिभाओं को प्रदर्शित कर रहे हैं। विद्यालय के निर्देशक पंकज कुमार के द्वारा बताया गया कि कल अर्थात दिनांक २५ मई को बच्चों के बीच फैशन कम्पटीशन का भी आयोजन किया जायेगा। सारे बच्चे पुरे मनोयोग से इसमें भाग ले रहे हैं। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय के सारे शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा बच्चों के अभिभावकों का भी भरपूर योगदान रहा। सारे बच्चे इस कैंप को पूरी तरह से इंजॉय कर रहे हैं। इस कैंप में शामिल अभिभावक भी बच्चों के साथ फुल मस्ती करते दिख रहे हैं। इस मौके पर विद्यालय के निर्देशक पंकज कुमार ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के बीच करवाने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। बच्चों के बीच अनुशासन की भावना जागृत होती है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ साथ बीच बीच में खेल कूद, डांस, म्यूजिक, पेंटिंग, वाद विवाद, निबंध लेखन, इत्यादि करवाने से बच्चों का मनोबल बढ़ता है।

# बेमौसम बारिश से लोगों की बढ़ी परेशानी

**नवादा (नि.सं.)**। में बेमौसम बारिश से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। रजौली थाना क्षेत्र के धमनी पंचायत के कुम्हरुआ के खुरी नदी में बाढ़ जैसे हालात हो गए है। खुरी नदी का पानी गांव में घुस गया। गांव के कई घरों एवं दुकानों में पानी घुस जाने के कारण लोग परेशान हो गए है। लोगों को समस्या हो रही है। इन्हें जान- माल का नुकसान होने का खतरा हो गया है। कुम्हरुआ गांव के ग्रामीण पिंटू कुमार साव, गणेश साव, नागेश्वर यादव, अजय साव, बिनोद साव समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि बेमौसम बारिश से खुरी नदी में बाढ़ आने के कारण गांव के कई घरों और दुकानों में बाढ़ का पानी घुस गया है।

# शिक्षक के निधन पर लोगों ने जताया शोक

निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)**। प्रखण्ड के प्राथमिक विद्यालय कदहर में पदस्थापित शिक्षक व थाना क्षेत्र के बड़राजी बाजार निवासी श्यामाकांत चौरसिया का गुरुवार को अचानक आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 45 वर्ष के थे। उनकी नियुक्ति शिक्षामित्र के रूप में 2006 में हुई थी। उनके आकस्मिक निधन पर प्रखण्ड के शिक्षकों ने गहरा शोक जताया है। प्रखण्ड के पूर्व बीआरपी व शिक्षक प्रीतम कुमार ने शिक्षक श्यामा कांत चौरसिया के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताते हुए कहा कि आज हमलोगों ने एक पुराना साथी खो दिया है। उनकी कमी हमेशा हमलोगों को खलेगी। उन्होंने मृतक शिक्षक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

NAWADA VIDHI MAHAVIDYALAYA
KENDUA, NAWADA - 805123 (BIHAR)
(Conducted under societies registration Act 1860 u/s 21)
Recognised by Bar Council of India, New Delhi & Govt. of Bihar, Patna
Permanently Affiliated to Magadh University, Bodh-Gaya
Website: www.nawada vidhi org.
Walk in Interview
Date- 02nd June 2024; Time- 02.30 A.M To 04.30 P.M
Venue- Campus II(Police Line Road, Sanokhara, Nawada)
Applications are invited from the interested & eligible candidates for the following posts till 30th May 2024 : I. Assistant Professor-06, II. Associate Professor- 04, III. Assistant Professor (Non-Law)- 05(Sociology-01, Economics- 01, Pol.Sc-01, History-01, English-01) IV. Head Clerk-01, V. Accountant-01, VI. O.S-01. Ph.D & NET Qualified candidate will be preferred for the teaching posts & Computer knowledge, work experience will also be preferred for H.Clerk/Accountant/O.S). The Qualifications, eligibility followed as per UGC Norms & Salary payble as per UGC 6th Basic Grade Pay with AGP. Reservations will followed as per Government Rules & BCI norms. Applications with detailed may be submitted or sent directly on college office or on email-nvmnawada@gmail.com. No T.A will be provided for attending interview.
Principal
Nawada Vidhi Mahavidyalaya, Nawada (Bihar)
Mob No-9431224775, 9939447474
Office(L)-06324212205, 212206

# काली पट्टी लगा शिक्षकों ने किया काम सरकार के खिलाफ बढ़ी नाराजगी

निज संवाददाता

**नवादा**। शिक्षा विभाग बिहार सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने और तुगलकी फरमान जारी करने का आरोप लगाते हुए बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध शिक्षकों ने काली पट्टी लगाकर अपने स्कूलों में शिक्षण कार्य किया। संघ के द्वारा इसका आह्वान किया गया था। गर्मी की छुट्टी समाप्त करने तथा विद्यालय का संचालन सुबह 05:45 से दोपहर 1:30 बजे तक करने के आदेश को अव्यवहारिक मानते हुए विरोध स्वरूप शिक्षकों ने सांकेतिक विरोध प्रदर्शित किया। जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि संघ ब्रजकिशोर प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष छोटे नारायण सिंह




ने मध्य विद्यालय केंदुआ, मध्य विद्यालय धमौल, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय धनवां एवं मध्य विद्यालय हिसुआ आदि का भ्रमण किया। सभी जगह शिक्षक-शिक्षिकाएं बांह पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करते हुए दिखाई पड़े। शिक्षकों में सरकार के प्रति जबरदस्त नाराजगी देखी गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार अति शीघ्र हमारी मांगों पर विचार नहीं करती है तो 4 जून के बाद बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा।

# मेरी लाइफ मिशन के तहत सशस्त्र सीमा बल चला रहा अभियान

निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)**। कौआकोल में इन दिनों एसएसबी के द्वारा 'मेरी लाइफ' मिशन के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को ललित कुमार, कमांडेंट 32वीं वाहिनी के निर्देशन तथा मोहम्मद जहांगीर राईनी के नेतृत्व में 'ई' समवाय 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा वस्त्र–दान अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने प्रखण्ड के झिलार तथा सोखोदेवरा गांव में जाकर जरुरतमंद लोगों के बीच वस्त्र का वितरण किया। जिसके तहत जरूरतमंद लोगों को टी-शर्ट, बनियान,चादर व गमछा आदि दिए गए। वहीं कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को पर्यावरण को स्वच्छ रखने, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं-बेटी बचाओ बेटी पढाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, स्वच्छता अभियान, आयुष्मान भारत, प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना एवं राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम आदि विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया। वहीं ग्रामीणों को मिलेट (मोटा अनाज) के उपभोग और उससे होने वाले शारीरिक व पर्यावरणीय लाभ के बारे में भी जानकारी दिया गया। तथा मोटा अनाज को खानपान में शामिल करने हेतु प्रेरित किया गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani|com ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper


गिरिराज सिंह बोले : बिहार की 40 सीट पर नरेंद्र मोदी लड़ रहे हैं चुनाव इसलिए उनको प्रधानमंत्री बनाने के लिए चंदेश्वर चंद्रवंशी को वोट देंगे

# गिरिराज सिंह और सम्राट चौधरी ने चुनावी सभा को किया संबोधित



निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद में एनडीए प्रत्याशी चंदेश्वर चंद्रवंशी के पक्ष में हुलासगंज हाई स्कूल के मैदान में एक चुनावी सभा को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संबोधित किया। गिरिराज सिंह ने कहा कि हम बताशे के लिए मंदिर नहीं तोड़ सकते। एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी एक मुखौटा हैं। बिहार की 40 सीट पर चुनाव नरेंद्र मोदी लड़ रहे हैं इसलिए उनको प्रधानमंत्री बनाने के लिए चंदेश्वर चंद्रवंशी को वोट देंगे। कहा कि जिस तरह से बंगाल और कर्नाटक में हिंदू का आरक्षण समाप्त किया जा रहा बै। उसी तरह देश किस सत्ता पर इंडिया गठबंधन से काबिज होकर हिंदू आरक्षण को समाप्त करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लालू परिवार बिहार में फिर से जंगलराज लाना चाहते हैं इसलिए सभी मतदाताओं को सचेत होने की जरूरत है। जंगलराज की वापसी कदापि नहीं होने देंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि चंदेश्वर चंद्रवंशी को भारी मतों से जिताएं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू यादव को अपने परिवार की चिंता है कि किसी को मुख्यमंत्री किसी को सांसद बनाने में लगे हुए हैं, बिहार की चिंता उनको नहीं है। बहुत लड़ाई के बाद जंगलराज को समाप्त किया गया है। इसलिए आप लोग से आग्रह करते हैं कि किसी किसी भी कीमत पर जंगल रात की वापसी नहीं होने दे। राजद के प्रत्याशी साथ जेल ब्रेक आरोपी घूम रहा है। इससे प्रतीत हो रहा है कि उन लोगों द्वारा जंगलराज की वापसी चाहते हैं। कहा कि नीतीश कुमार ने वादा किया है कि 10 लाख नौकरी देंगे। लोकसभा चुनाव के बाद बेरोजगारों को नौकरी दी जाएगी। कहा कि जब तक मैं नौकरी नहीं दूंगा तब तक आने वाला विधानसभा के चुनाव में वोट मांगने में नहीं आऊंगा।

## डीएम ने मगही में गीत गाकर बांधा समां, मैथिली ठाकुर ने लोकगीत के जरिए मतदाताओं को किया जागरूक

निज संवाददाता




**अरवल।** अरवल के कलेर प्रखंड के मधुश्रवा इंजीनियरिंग कॉलेज में बिहार स्वीप आइकॉन मैथिली ठाकुर द्वारा मतदाता कार्यक्रम में लोकगीत के जरिए मतदाताओं को जागरूक किया। शुक्रवार को अभियंत्रण महाविद्यालय में मैथिली ठाकुर और जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। स्वागत गीत गाकर मैथिली ठाकुर का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मैथिली ठाकुर ने लोक संगीत के माध्यम से लोगों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हुए जहानाबाद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत निर्वाचन को लेकर आए हुए मतदाताओं को जागरूक किया। कहा कि युवाओं को देश के विकास में अहम योगदान होना चाहिए। ऐसे में शत प्रतिशत अंतिम चरण में होने वाले एक जून को मतदान में युवा अधिक से अधिक भागीदारी निभाएं और अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान करें। उन्होंने लोगों से कहा कि बिहार के अलग-अलग जिलों में जाने का मौका मिला है। जिस जिला में सबसे अधिक मतदान होगा, उस जिला में दोबारा कार्यक्रम में करने आउंगी। युवाओं के लिए हमारा यह संदेश है कि जागें और जागरूक होकर खुद और अपने परिवार के जो भी मतदाता हैं सभी से जाकर मतदान संपन्न कराएं। मैथिली ठाकुर ने इस अवसर पर अपनी सुरीली आवाज में मतदान करने को लेकर लोकगीतों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया। कहा कि चलो मतदान करें अपने अधिकारों का सम्मान करें चलो मतदान करें लोकगीत के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति चेतना जगाई।

## दो पक्षों में मारपीट, 20 लोग गिरफ्तार छापेमारी के दौरान घर में मिले हथियार

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के बघैला थाना क्षेत्र के कर्मकिला गांव में विगत पक्षों के बीच हुए मारपीट की घटना ने भयावह रूप धारण कर लिया। दोनों पक्ष एक दूसरे पर हमलावर होकर राजपुर बजार समेत कई जगहों पर मारपीट की। जिस कारण घटना की सूचना मिलने पर उक्त गांव देखते हीं देखते पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। आपसी तनाव को देखते हुए जिलाधिकारी व एसपी ने राजपुर पहुंच स्थिति का जायजा लिया। नोखा, संझौली, राजपुर नासरिगंज समेत आसपास के कई थानों के एसएचओ भारी संख्या में पुलिस बल ले जिला के सभी वरीय पदाधिकारी दोपहर में उक्त गांव जा पहुंचे। जहां कई घरों में तलाशी अभियान चलाया गया। थाना अध्यक्ष अंकुश मंडल ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने कई घरों से बड़ी संख्या में तलवार, गडांसा, फरसा, कुल्हाडी,भाला समेत अन्य कई प्रकार के परंपरागत हथियार को बरामद किया। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल दोनों पक्ष से बीस लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। घटना में शामिल अन्य लोगों चिह्नित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मजिस्ट्रेट प्रखंड विकास पदाधिकारी रविराज ने बताया कि दोनों पक्ष के लोगों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से बातचीत करते हुए शांति स्थापित कर दी गई है।अब किसी भी पक्ष को कोई परेशानी नहीं है।

### गुंडा परेड में 41 लोगों ने दर्ज करायी अपनी उपस्थिति

**रतनी (जहानाबाद) (नि. सं.)।** आगामी लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य शकूराबाद थाना परिसर में गुंडा परेड कराया गया। थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह के निर्देश पर गुंडा पंजी में दर्ज 41 व्यक्तियों को थाने में परेड कराई गयी और उन्हें हिदायत दी गयी कि लोकसभा चुनाव के दौरान किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नहीं करें और शांति बनाए रखें। इस मौके पर अवर पुलिस निरीक्षक विकास कुमार भी मौजूद रहे।

## आसनसोल-खातीपुरा स्पेशल ट्रेन के कोच संयोजन में बदलाव

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा हेतु आसनसोल और खातीपुरा के मध्य संचालित की जा रही गाड़ी संख्या 03509/03510 आसनसोल-खातीपुरा-आसनसोल स्पेषल ट्रेन के आगामी 05 ट्रिप के लिए कोच संयोजन में बदलाव किया गया है। अब इस ट्रेन में वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 03, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 12 तथा शयनयान श्रेणी के 05 कोच लगाए जाएंगे। परिवर्तित कोच संयोजन के साथ गाड़ी संख्या 03509 आसनसोल-खातीपुरा स्पेशल आसनसोल से 28.05.2024 तथा 04, 11, 18 एवं 25 जून को जबकि गाड़ी संख्या 03510 खातीपुरा-आसनसोल स्पेषल 29.05.2024 तथा 05, 12, 19 एवं 26 जून को परिचालित की जाएगी। अप एवं डाउन दिशा में इस ट्रेन का पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में झाझा, किउल, पटना, आरा, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन पर ठहराव दिया गया है।

## डीडीसी ने मिट्टी कोड़ कर मजदूरों को मतदान के प्रति किया जागरूक

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** सासाराम लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर कैमूर डीएम सावन कुमार ने सभी अधिकारियों को लोगों के बीच जाकर जागरूक करने का निर्देश दिया है। इस क्रम में शुक्रवार को उप विकास आयुक्त ज्ञान प्रकाश मनरेगा मजदूरों के बीच पहुंचे। वहां पर फरसा और कुदाल चलाकर लोगों को जागरूक किया। वहीं जानकारी देते हुए उप विकास आयुक्त ने बताया कि जिला में मनरेगा मजदूरों की संख्या 2 लाख 93 हजार है। जो अभी काम कर रहे हैं। इसी को लेकर उनको निर्देश दिया गया है कि वह अपने पोषक क्षेत्र में ढोल के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करें। इसके लिए आज दुर्गावती प्रखंड में और चैनपुर प्रखंड में फरसा चला कर इनको जागरूक किया गया।

### बालू के अवैध भंडारण में प्राथमिकी दर्ज

**मेहंदिया (जहानाबाद)(नि. सं.)।** कलेर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के आगानूर में अवैध बालू भंडारण को लेकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। कलेर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि पुलिस को यह गुप्त सूचना मिली कि आगानूर हाई स्कूल के समीप चिरारी पर बालू का अवैध भंडारण किया जा रहा है। सूचना पाकर जब पुलिस वहां पहुंची तो किसी तरह की गाड़ी या बालू भंडारण करने की सामग्री नहीं मिली। इस संबंध में कई लोगों से बातचीत की गयी तो किसी ने सही जवाब नहीं दिया। जिसके बाद पुलिस ने इसे अवैध मानते हुए अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की। यहां पर दो जगह में करीब 6500 क्युबीक फीट बालू का भंडारण पाया गया।

## अस्पताल में युवक की मौत, परिजनों ने किया हंगामा



निज संवाददाता

**भगवानपुर (कैमूर)।** कैमूर के भगवानपुर थाना क्षेत्र में गलत इलाज के कारण मौत होने का मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को भगवानपुर गांव निवासी लल्लन मल्लाह के पेट में तेज दर्द हो रहा था। इसके बाद इलाज के लिए पहले झोला छाप डॉक्टर के पास लेकर गए। जहां पर प्राथमिक इलाज के बाद तबीयत और बिगड़ गई। हालत खराब होने पर दूसरे निजी अस्पताल लेकर गए। जहां पर डॉक्टरों ने ठीक करने का आश्वासन दिया और कोई इंजेक्शन लगाया। इसके बाद अचानक मुंह से झाग निकलने लगा और फिर मौत हो गई। इस बात से नाराज होकर सभी लोगों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही भभुआ डीएसपी और भगवानपुर थाना अध्यक्ष मौके पर पहुंचे। परिजनों को समझा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। वहीं परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग पुलिस प्रशासन से की है। भभुआ डीएसपी शिव शंकर कुमार ने बताया कि परिजनों ने किसी भी नामजद को अभियुक्त नहीं बनाया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से तीन सदस्यीय मेडिकल टीम का गठन किया गया है। मेडिकल टीम निजी क्लिनिक में जाकर सभी बिन्दुओं पर जांच करेगी और कमी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के कोचस थाना क्षेत्र के एनएच 319 पर शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान राधेश्याम चौहान (45 साल) के रूप में की गई है। यह थाना क्षेत्र के लकड़ी गांव के बिहारी चौहान का बेटा बताया जाता है। जानकारी के अनुसार कोचस नगर पंचायत में बालिका उच्च विद्यालय के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर राधेश्याम चौहान सड़क पार कर रहा था, तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर जुटे आसपास के लोगों ने उपचार के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोचस पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पहचान के बाद उसके परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई। मौत की सूचना से बिहारी चौहान के घर कोहराम मच गया है। आनन-फानन में परिजन कोचस पहुंचे। परिजनों का कहना था कि राधेश्याम मजदूरी कर परिवार का भरण- पोषण करता था। अब उसकी मौत से परिवार पर जीवन यापन का संकट आ गया है। सूचना पर पहुंची कोचस थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया है। घटना के बाद वाहन चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। कोचस थानाध्यक्ष ने बताया कि टक्कर मारने वाले गाड़ी की पहचान की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या पहुंची तीन, पांच घायलों का ट्रॉमा सेंटर में किया जा रहा इलाज

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के नोखा थाना क्षेत्र में जखनी पुल पर गुरुवार की शाम पिकअप और टैंपो में टक्कर हुई। इस हादसे में मृतकों की संख्या तीन पहुंच गई है। वहीं, पांच लोगों का इलाज ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। नोखा थाना इंचार्ज ने शुक्रवार को बताया कि छोटे लाल, पिता अमावस राम, ग्राम जखनी की मौत इलाज के दौरान हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मालूम हो कि बीते दिन देर शाम सासाराम-आरा स्टेट हाइवे पर वैन और टैंपो में आमने-सामने की टक्कर हो गई थी। इसके बाद टैंपो सड़क किनारे पलट गया और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर भेजा था। यहां दो लोगों की मौत हो गई और आधा दर्जन लोगों का इलाज चल रहा था। इसमें से छोटे लाल की भी मौत हो गई है। इधर, मंजू देवी, उम्र 45 साल और 15 साल की खुशी कुमारी की मौत पहले ही हो चुकी है। घायलों में पप्पू साह (35 साल), अजीत कुमार (20 साल), सत्येन्द्र सिंह (36 साल), उषा देवी (58 साल), पति सुरेंद्र चौरसिया और शशिकांत पासवान (20 साल) शामिल है। सभी का इलाज ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। इसमें पप्पू साह की हालत नाजुक है। इस घटना के बाद पिकअप वैन भी सड़क किनारे पलट गया था। इस कारण उसका चालक गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया है। नोखा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि दोनों वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### दस लीटर महुआ शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**रतनी (जहानाबाद) (नि.सं.)।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा शराब कारोबारी, अपराधी एवं वारंटियों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए शकूराबाद थाने की पुलिस ने रुस्तमचक गांव में छापेमारी कर 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिल रही थी कि रुस्तम चक गांव में बड़े पैमाने पर शराब बनाया और बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम गठित कर छापेमारी की गई। जहां पुना बिन्द के पास से 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि उक्त शराब कारोबारी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर एनडीए कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिला के सुअरा हवाई अड्डा पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर एनडीए कार्यकर्ताओं की बिक्रमगंज में हुई बैठक। काराकाट लोकसभा और सासाराम लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में अगामी 25 मई को सुअरा हवाई अड्डे पर होने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा की तैयारी को लेकर बिक्रमगंज स्थित पूर्व विधायक राजेश्वर राज के आवास पर बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने बताया कि प्रधानमंत्री के जनसभा में पहुंचने एवं उन्हें सुनने के लिए लोग उत्साहित है। काराकाट विधासभा के प्रत्येक बूथ से लोगों की भागीदारी होगी। जिसको लेकर मंडल कमिटी अपने अपने सभी बूथों से लोगों को सभा तक ले जाने और लाने की व्यवस्था करेंगे। बैठक में जनसभा को लेकर चर्चा की गई और जिम्मेदारियों को बांटा गया। ताकि जो भी लोग प्रधानमंत्री की सभा में पहुंचे उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानियां न हो। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी विजय सिंह, विधानसभा संयोजक नवीन चंद्र शाह, अखिलेश पांडेय, विधानसभा विस्तारक माधव केशरी, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, अजीत सिंह, ललित मोहन सिंह, सत्येन्द्र पाठक, नगर अध्यक्ष नागेश्वर कुशवाहा, विनोद पासवान, पूर्व मुखिया गोपेश प्रसाद, सुदर्शन गुप्ता, सुरेश गुप्ता मौजूद थे।

## पूरे विश्व के चौबीस लाख घरों में एक साथ एक समय पर संपन्न हुआ गायत्री महायज्ञ

निज संवाददाता

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के प्रमुख श्रद्धेय डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैलवाला पण्ड्या के मार्गदर्शन में पूरे विश्व में एक साथ, एक समय चौबीस लाख घरों में प्रातः 09बजे से 12 बजे तक गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानव में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण है। गायत्री और यज्ञ दोनों परस्पर पूरक हैं। गायत्री अर्थात सदबुद्धि चिंतन की धारा है और यज्ञ कर्म और व्यवहार का विषय है। जब चिंतन दूषित होता है तभी कर्म विकृत होता है। हर व्यक्ति अपने चिंतन के अनुरूप ही कर्म करता है। चिंतन बदलेगा तो कर्म और व्यवहार स्वतः ही बदलते चले जायेंगे। समूह चेतना जागरण के इस महापर्व पर एक ही दिन लगभग एक ही समय चौबीस लाख घरों में यज्ञ संपन्न हुआ। करोड़ों मंत्रों से यज्ञाहुतियाँ दी गयीं। गायत्री परिवार के द्वारा जहानाबाद में आयोजित गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र से आत्म निर्माण,परिवार निर्माण, राष्ट्र निर्माण एवं विश्व की शांति के लिए तथा विशेष वैदिक मंत्रों से आहुतियां दी गई। यह जानकारी गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रंगेश कुमार एवं कौशल कुमार ने दिया।

### मोथा में प्रीमियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का शुभारंभ

**अरवल (नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव में मतदान ज्यादा से ज्यादा हो इसके लिए नगर परिषद क्षेत्र के मोथा में प्रीमियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुखिया संघ के अध्यक्ष अभिषेक रंजन, समाजसेवी विक्रम सिंह, भदासी के पैक्स अध्यक्ष दिलीप शर्मा, डीपीएस पब्लिक स्कूल के निदेशक धर्मेंद्र कुमार, नगर परिषद समाजसेवी चंदन यादव आदि ने किया। इस मौके पर वक्ताओं ने लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर इस तरह का टूर्नामेंट का आयोजन करने के लिए कमेटी को धन्यवाद दिया।

## करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत



निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना भेलावर थाना क्षेत्र के मई गांव की है। जहां नोआवा गांव निवासी संतोष शर्मा अपने बहन के घर रहकर खेती करता था। परिजनों ने बताया कि गुरुवार की रात वह खाना खाकर सोने के लिए जा रहा था। इस दौरान गांव के ही कुछ लोग खेत पटाने के लिए बिजली की तार लेकर गए थे। इस तार के संपर्क में आने से उसकी मौत हो गई। जब सुबह में काफी देर तक वह घर नहीं लौटा तो गांव के कुछ लोग उसको खोजने के लिए खेत में गए। जहां पर मौत की जानकारी मिली। वहीं घटना की सूचना पर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के परिवार वालों का आरोप है कि गांव का एक व्यक्ति अवैध रूप से बिजली लेकर सिंचाई का काम कर रहा था। इसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

## बैंक कर्मी की बाइक चुराकर भागे दो चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

**जहानाबाद।** शहर स्थित एसबीआई मेन ब्रांच के एक कर्मी चंदन कुमार की बाइक चुराकर भागे दो वाहन चोर को त्वरित कार्रवाई के तहत पुलिस ने गिरफ्तार किया। बाइक चोरी की हुई घटना के कुछ हीं घंटे के भीतर चोरी गई बाइक पुलिस ने बरामद कर लिया है। गिरफ्तार बाइक चोर रवि रंजन उर्फ बिट्टू और रविराज उर्फ गोलू दोनों सगे भाई हैं जो शहर के पूर्वी ऊंटा गली हनुमान मंदिर के समीप के निवासी निरंजन विश्वकर्मा के पुत्र हैं। घटना के संबंध नगर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर दिवाकर कुमार विश्वकर्मा ने इसकी पुष्टि कर बताया कि एसबीआई में काम करने वाले और शहर के होरिलगंज मोहल्ला के निवासी चंदन कुमार अन्य दिनों की तरह अपनी गाड़ी बैंक के बाहर लगाकर काम करने चले गए थे। इधर अपराधियों ने उनकी गाड़ी उड़ा ली। जब वह बाहर निकले और गाड़ी को गायब पाया तो इसकी सूचना उन्होंने नगर थाने की पुलिस को दी। थानाध्यक्ष के साथ एसआई प्रणव कुमार और सुमनजी ने मामले की तहकीकात की। सीसीटीवी फुटेज को देखा। उधर आरोपित ऊक्त दोनों युवक स्टेशन इलाके में नारियल विक्रेता के पास से दूसरी बाइक चुराने की फिराक में था जो पकड़ा गया। पुलिसकर्मियों ने जब उससे पूछताछ की तो बैंक के पास से चुराई गई बाइक के बारे में उसने अपराध स्वीकार किया और उसकी निशानदेही पर गाड़ी को बरामद कर थाना लाया गया। ऊक्त दोनों के खिलाफ अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस बलों पर हमला कर ट्रैक्टर को छुड़ा ले गए अपराधी

निज संवाददाता

**काराकाट(रोहतास)।** काराकाट थाना क्षेत्र चिकसील बाजार से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ ले जा रही पुलिस पर पिपरा गांव के समीप माफिया के गुर्गों ने हमला कर दिया। पुलिस बलों के साथ मारपीट कर गुर्गे ट्रैक्टर छुड़ाने में सफल रहे। इसकी प्राथमिकी पुलिस अवर निरीक्षक संजीव कुमार ने तीन नामजद और चार अज्ञात के विरुद्ध दर्ज करायी है। एफआइआर में कहा है कि 23 मई 2024 को महिला सिपाही लक्की कुमारी और सिपाही मुकेश कुमार के साथ मैं गश्ती पर था। चिकसील नहर चौक के समीप अवैध बालू लदा ट्रैक्टर एक बिजली के पोल में धक्का मार दिया था।

इसके कारण बिजली का पोल टूट कर नहर के रोड़ पर गिर गया था। चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले जाने के क्रम में पिपरा गांव के समीप दो बाइक पर सवार छह और अन्य लोग आये और हमलोगों के साथ धक्का-मुक्की करने लगे। महिला सिपाही के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए हथियार को छिनने का प्रयास किया। घटना का वीडियो बनाया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि घटना के वीडियो के आधार पर अपराधियों की पहचान कर ली गयी है। घटना में कुरुर गांव निवासी अनिल कुमार पिता जमुना यादव, इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा गांव निवासी गोविंद कुमार पिता नामालूम, रंजित कुमार पिता नामालूम के साथ ट्रैक्टर चालक व चार अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक ने युवक को मारी ठोकर घायल

**आरा**। एक बजे कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी-नासरीगंज मुख्य मार्ग पर कुल्हड़िया ओवरब्रिज के पास पैदल सड़क पार कर रहे युवक को अनियंत्रित ट्रक ने ठोकर मार दिया। घटना के बाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया। घायल चांदी थाना क्षेत्र के चांदी गांव निवासी 33 वर्षीय अखिलेश यादव है जो भदेश्वर यादव का पुत्र है।

### इंडिया गठबंधन ने गड़हनी में निकाला कैंडिल मार्च

**गड़हनी**। चुनाव को ले छपरा में राजद कार्यकर्ता चंदन यादव व अन्य की आज शाम इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने गड़हनी में कैंडिल मार्च निकाला। कैंडिल मार्च राजद राज्य परिषद सदस्य श्रीनिवास यादव के नेतृत्व में निकाली गई। कैंडिल मार्च के पहले सभी लोगो ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतकों को याद कर श्रद्धांजलि दी। कैंडिल मार्च गड़हनी बागर मोड़ से गोला बाजार होते हुए स्टेट बैंक तक निकाली गई। कैंडिल मार्च में मोदी सरकार मुर्दा बाद, माफियाओं को संरक्षण देने बन्द करो, गुंडा शाही नही चलेगी जैसे कई नारे लगा रहे थे। वही राजद नेता श्रीनिवास यादव ने कहा कि हत्यारों को जल्द गिरफ्तार कर फाँसी दो तभी मृतकों की असली श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर प्रमोद गुप्ता, पूर्व जिला परिषद सदस्य शैलेन्द्र राम, मो रमीज , मो निक्कू, शाहीन राजा सहित दर्जनों इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता शामिल थे।

### मतदान प्रतिशत वृद्धि के लिए बैठक हुई आयोजित

**आरा**। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रशासन हर संभव प्रयास में जुटा है। बुधवार को अभ्यर्थी व्यय लेखा व अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी नरेश कुमार की अध्यक्षता में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कार्यालय परिसर में चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों व जिले के व्यापारियों की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी महेंद्र कुमार, उप विकास आयुक्त विक्रम वीरकर सहित एवं जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान डीडीसी ने आगामी 01 जून को जिले में होने वाले मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी के लिए व्यापारियों से अपने कर्मियों को मतदान के दिन कार्य से छुट्टी देने का अनुरोध किया ताकि सभी अपने अपने मतों का प्रयोग कर सकें।

### वाहन जांच के दौरान पुलिस ने 1 लाख रुपए किया जब्त

**सिमरी**। बक्सर संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस द्वारा जगह-जगह वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को तिलक राय के हाता ओपी पुलिस द्वारा सिमरी बडका राजपुर पथ पर वाहन जांच में पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से एक लाख रुपये बरामद किया गया। इस संबंध में ओपी प्रभारी लाल बाबू सिंह द्वारा बताया गया कि बडका राजपुर गांव निवासी राम अवधेश चौधरी अपने बैग में एक लाख रुपये लेकर कही से अपने गांव आ रहे थे। पूछताछ में कोई संतोषजनक जवाब उनके द्वारा नहीं दिया गया। आपको बताते चले की चुनाव आयोग के निर्देशानुसार कोई भी व्यक्ति अगर पचास हजार से अधिक रकम लेकर यात्रा करता है तो उसको उचित दस्तावेज संबंधित पदाधिकारी को दिखाना होगा।

### चौसा नगर पंचायत में निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**चौसा**। आगामी एक जून को बक्सर लोकसभा संसदीय क्षेत्र का चुनाव कराया जाना है। जिसको लेकर पूरे क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत चौसा नपं द्वारा स्वच्छता पदाधिकारी मो. अरसद अख्तर व चेयरमैन किरण देवी के नेतृत्व में नपं कर्मियों व वार्ड पार्षदों द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां मतदाता जागरूकता रैली निकाल लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। यह रैली विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से नगर पंचायत चौसा कार्यालय से कृष्णापुरी, चौसा स्टेशन, न्यायीपुर, होते हुए रेलवे क्रॉसिंग से वापस नगर पंचायत चौसा कार्यालय पहुंची। इस रैली में विभिन्न स्लोगन के माध्यम से बताया गया कि आगामी एक जून को लोकसभा का चुनाव है, जिसमे हर लोग अपने बूथ पर जाकर अपने अधिकार का प्रयोग कर शत-प्रतिशत मतदान करें।इस मौके पर सहायक लोक स्वच्छता एवम अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी, पर्यवेक्षक श्रीमन नारायण पाण्डेय, वार्ड पार्षद अंजू कुमारी, प्रभारी प्रधान सहायक सत्य प्रकाश, नरेंद्र कुमार, विजय राम ,जितेंद्र यादव, तेजू खरवार के साथ अन्य सफाई मित्र शामिल थे।

### मैट्रिक में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण 14 छात्रों के लिए सम्मान समारोह



**आरा**। प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी में मैट्रिक में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्राओं का सम्मान समारोह हुआ। चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करें, इस विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता भी हुई। मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निर्मल दास थे। चित्र प्रतियोगिता में 50 छात्राएं शामिल हुई। चित्र प्रतियोगिता दो ग्रुप में बंटा हुआ था। प्रथम नंदनी कुमारी, द्वितीय स्थान ज्योति कुमारी, तृतीय स्थान रंजनी कुमारी को मिला। द्वितीय ग्रुप जूनियर में प्रथम स्थान रागिनी कुमारी, द्वितीय सुरभि कुमारी, तृतीय स्थान मुस्कान कुमारी को मिला। चित्रों का मूल्यांकन वरीय शिक्षिका अर्चना कुमारी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि छात्राओं के द्वारा सृजित चित्र उत्साहित कर रहे हैं। प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि विद्यालय का मैट्रिक परीक्षा परिणाम निश्चित रूप से छात्राओं को प्रेरित करेगा। 14 छात्राओं को किया सम्मानित मैट्रिक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा में शालिनी कुमारी, बेबी कुमारी, प्रियांशु कुमारी, ज्योति कुमारी के साथ 14 छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संचालन वरिष्ठ चित्रकार रौशन राय ने किया। कहा कि बालकपन का मौलिक विचार कला होता है। जो खाका से बच्चें खेलते हैं। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि बच्चियों को लोक शिक्षा के साथ शिक्षा में होने वाले बदलाव को समझना चाहिए। सृजित कलाकृतियां निश्चित रूप से बचपन के आड़ी-तिरछी रेखाओं के बीच जीवन संवाद गढ़ रही थी। विद्यालय शिक्षिका रिंकल कुमारी, प्रीति कुमारी, गणित शिक्षिका रिंकी कुमारी ने चित्रों को सहज अभिव्यक्ति का हिस्सा बताते हुए सभी छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

### CM नीतीश ने बक्सर में गिनाए अपनी सरकार के काम

**बक्सर**। बक्सर पहुंचे नीतीश कुमार ने बिहार में अपने विकास कार्यों को गिनवाया। उन्होंने कहा कि बिहार में हमने जितना काम किया है इतना काम पहले कभी नहीं हुआ था। हमने हमेशा विकास के कार्य किए हैं जो लगातार जारी भी हैं। इसलिए हम आपसे अपील करने आए हैं कि एनडीए प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी को बक्सर से जिताएं, ताकि हम पूरे बिहार में 40 सीटों पर कब्जा कर सकें। साथ ही पूरे देश में 400 से ज्यादा सीटें एनडीए की हो। बता दें कि नीतीश कुमार नावानगर के खेल मैदान में बक्सर के एनडीए प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। नीतीश कुमार ने अपनी जनसभा के दौरान कहा कि 2005 से पहले डर का माहौल था, लोग घर से निकलना नहीं चाहते थे। सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य की बदहाल स्थिति थी, लेकिन आज राज्य में बिहार का सर्वांगीण विकास हो रहा है। जहां शिक्षा का पंख लगा गांव की बेटियां आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था में भी काफी परिवर्तन किया गया। बालिकाओं को शिक्षा का मुख्य धारा से जोड़ने के लिए बिहार सरकार के द्वारा अथक प्रयास किया गया। उन्होंने एनडीए प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी को विजयी बनाने की लोगों से अपील की। उन्होंने बक्सर के विकास की बात करते हुए कहा कि बक्सर में इंजीनियरिंग कॉलेज, इटाढ़ी में पॉलिटेक्निक कॉलेज, डुमरांव में मेडिकल कॉलेज सहित अन्य कार्य सरकार की बेहतर उपलब्धि है।

# 15 साल की चचेरी बहन को मारी गोली, घुटने से बुलेट आर-पार

## बंटवारे से पहले घर तोड़ने पर विवाद, मारपीट में भाई भी जख्मी

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में शुक्रवार की सुबह 15 साल की चचेरी बहन को गोली मार जख्मी कर दिया। मारपीट भी की गई। जिसमें जख्मी किशोरी का भाई जख्मी हो गया। दोनों का इलाज चल रहा है। गोलीबारी और मारपीट जमीन विवाद को लेकर हुई। जख्मी के चाचा अपने बेटे के साथ पुराने घर को तोड़ रहे थे। इसी बीच दोनों भाई-बहन और इनकी मां वहां पहुंची और कहा बंटवारा होने दीजिए फिर घर तोड़िएगा। इसी बात को लेकर पहले कहासुनी हुई, फिर मारपीट और गोली बारी। बुलेट किशोरी के घुटने से आरपार हो गई। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पूर्वी नीमा गांव की है।

**दोनों भाई-बहन निजी अस्पताल में भर्ती**: जख्मी किशोरी उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पूर्वी नीमा गांव निवासी डिप्टी सिंह की 15 वर्षीय बेटी संध्या कुमारी और 20 साल का भाई रमाशंकर है। संध्या और रमासंकर को इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संध्या की स्थिति गंभीर है।

**भाई से संपत्ति बंटवारे को लेकर चल रहा विवाद**: किशोरी के पिता डिप्टी सिंह किसी ने बताया कि उनके भाई तपेश्वर सिंह से संपत्ति बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। शुक्रवार की सुबह मैं बधार में गया था। इसी बीच उनके भाई और भतीजे घर बनाने के लिए पुराने घर को तोड़ रहे थे। तभी उनकी पत्नी, बेटे और बेटी ने इसका विरोध किया। कहा कि पहले बंटवारा होने दीजिए। उसके बाद घर को तोड़िएगा। इसी बात को लेकर कहासुनी हुई। मुझे इस बात की सूचना हुई तो मैं वहां पहुंचा। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई। मारपीट के दौरान भतीजे ने फायरिंग कर दी। जिसमें बेटी संध्या कुमारी को गोली लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

**किशोरी डॉक्टर की निगरानी में है**: पिता डिप्टी सिंह ने अपने भाई तपेश्वर सिंह, उसके बेटे चंदन और मदन पर मारपीट करने और उसके तीसरे बेटे कौशल पर अपनी बेटी को गोली मारने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। सर्जन डॉ. विकास सिंह ने बताया कि जख्मी किशोरी को गोली दाहिने पैर में घुटने के पिछले हिस्से के पास गोली लगी है जो आगे से आरपार हो गई है। मरीज स्थिति बिल्कुल स्टेबल है। हालांकि अभी उसे निगरानी में ही रखा जाएगा।

# बक्सर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के केसठ में आज बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी पहुंचे हुए थे। उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष की स्थिति हारे हुए पहलवान की तरह है। जिस तरह से हारा हुआ पहलवान यह कहता है कि अबकी बार हम जरूर पटक देंगे, बावजूद उसके पटकने में वह असफल साबित होता है। बता दें कि बक्सर लोक सभा का चुनाव अंतिम सातवें चरण यानी 1 जून को मतदान है। मतदान से पहले एनडीए उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी के प्रचार प्रसार में गुरुवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी उच्च विद्यालय केसठ के खेल मैदान में पहुंचे थे। जीतन राम मांझी ने कहा कि बगैर दूल्हा के बरात सजाने वाले की स्थिति 2019 से भी बदतर होने वाली है। इस चुनाव में नरेंद्र भाई मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश की जनता एक जुट होकर एनडीए के पक्ष में मतदान कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के द्वारा प्रधानमंत्री पद का कौन दावेदार है, इसकी घोषणा अब तक नहीं की गई है और वे लोग लगातार एनडीए पर हमला किये जा रहे हैं कि एनडीए बहुमत नहीं प्राप्त कर सकेगा। ऐसी स्थिति में विपक्ष का यह बयान हताशा का परिचायक बन गया है।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे**: मौके पर उपस्थित मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि विपक्ष को वोट दूर दूर तक नही दिखाई दे रही है। देश की जनता पुनः मोदी सरकार चाहती है। गुरुवार को केसठ उच्च विद्यालय के खेल मैदान में पहुंचे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के विधि व्यवस्था में एसडीएम राकेश कुमार, एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा और नावानगर थानाध्यक्ष डॉ नंदू कुमार चुस्त दुरुस्त दिखे। इनलोगो के द्वारा लगातार क्षेत्र का मॉनिटरिंग भी किया जा रहा था। आने-जाने वाले लोगो का लगातार जांच किया जा रहा था। एसडीएम स्वयं सभा स्थल का मॉनिटरिंग करते दिखे।

# कार और बाइक के बीच टक्कर, शिक्षक जख्मी

निज संवाददाता। बक्सर



चौसा-बक्सर मुख्य मार्ग पर मुफस्सिल थाना के महादेवा घाट व श्मशान घाट के बीच, बन रहे थर्मल प्लांट के पम्प हाउस के पास तेज गति कार व बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार 45 वर्षीय शिक्षक गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिसके इलाज के लिए ग्रामीणों की मदद से पुलिस द्वारा घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहा प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा बेहतर इलाज हेतु रेफर कर दिया गया। सूचना के अनुसार शिक्षक की हालत गम्भीर बनी हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार राजपुर थाना के श्रीकांतपुर निवासी मो.असलम पेशे से सरकारी शिक्षक है वह राजपुर मध्य विद्यालय में कार्यरत है। जिले में इन दिनों चुनाव को लेकर पीठासीन पदाधिकारी, पी 1 आदि-आदि का प्रशिक्षण चल रहा है। जिसमें वह भाग लेने घर से अपनी बाइक पर सवार हो बक्सर जा रहे थे। इसी बीच महादेवा घाट से आगे निर्माणधीन प्लांट पंप हाउस के पास सामने से तेज गति से आ रही कार में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी, दोनों वाहन के परखच्चे उड़ गए। इस घटना में बाइक सवार शिक्षक गम्भीर रूप से जख्मी हो गए।इस घटना की खबर ग्रामीणों ने 112 को दी। जहां पुलिस पहुंच ग्रामीणों की मदद से घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहा स्थिति गम्भीर होने पर उन्हें रेफर कर दिया गया। इस घटना की सूचना पर पहुंचे स्वजनों द्वारा बेहतर इलाज के लिए उन्हें वाराणसी ले जाया गया है। मुफस्सिल थाना अध्यक्ष ने कहा की घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचे घायल शिक्षक को अस्पताल पहुंचाया है।उसके बाद क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले थाना पर लाया गया है। वाहन नबर के आधार पर टक्कर मारने वाले कार के चालक की भी खोज बिन किया जा रहा है।

## शाह ने बताया अबतक का रिजल्ट-मोदी को 310 सीट

# आरा में कहा- NDA को 400 सीट जिताइए हम मुस्लिम आरक्षण खत्म कर देंगे

निज संवाददाता। आरा



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एनडीए प्रत्याशी आरके सिंह के लिए आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में सभा की। उन्होंने मंच से कहा कि 5 फेज के चुनाव हो गए हैं। कल छठे फेज का चुनाव है। आप लोग रिजल्ट जानना चाहते हैं। मैं आपको रिजल्ट बताता हूं। मोदी जी को 5वें फेज तक 310 सीटें मिल रही हैं। शाह ने कहा कि देश में इंडी गठबंधन बुरी तरह हार रहा है। शाह ने कहा कि हम बीजेपी वाले हैं एटम बम से भी नहीं डरते हैं। बहुत जल्द पीओके भी भारत का होगा। हम इंडी वालों जैसे डरपोक नहीं हैं। शाह ने आगे कहा कि ये लोग पिछड़ा वर्ग का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहते हैं। मैं आपसे कहता हूं NDA को 400 सीट जिताइए। हम मुस्लिम आरक्षण खत्म कर देंगे। अमित शाह ने कहा कि लोग गलतफहमी में हैं कि लालू जी यादव के लिए काम करते हैं। लालू जी सिर्फ बच्चों और परिवार के काम करते हैं। लालू जी ना पिछड़ों के हैं ना यादवों के। शाह ने बिहार के जंगलराज का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि क्या आप लालू वाला जंगलराज चाहते हैं। लूट की फैक्ट्री चाहते हैं। जब तक मोदी हैं बिहार में जंगलराज नहीं आने देंगे।

**ये पिछड़े वर्ग के आरक्षण पर डाका डालना चाहते हैं**: अगर ये घमंडिया गठबंधन वाले फिर से आएंगे, तो गरीबों के लिए चल रही सारी योजनाएं बंद हो जाएंगी। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आपको लालू का जंगलराज चाहिए या नरेन्द्र मोदी जी का गरीब कल्याण चाहिए। कांग्रेस, लालू प्रसाद यादव और ममता बनर्जी हमारे पिछड़े वर्ग के आरक्षण पर डाका डालना चाहते हैं। कर्नाटक में इन्होंने 5% आरक्षण मुसलमानों को दिया, हैदराबाद में 4% आरक्षण मुसलमानों को दिया और ममता बनर्जी ने कई मुस्लिम जातियों को ओबीसी में जोड़ दिया। कल कोलकाता हाईकोर्ट ने बंगाल के इस गैर-कानूनी आरक्षण को रद्द कर दिया है।

**शाह ने माले पर भी निशाना साधा**: शाह ने कहा कि एक ओर आरके सिंह हैं, जो विकास के अलावे कोई भाषा नहीं चाहते हैं। दूसरी ओर माले वाले हैं, जो बंदूक के अलावे कोई भाषा नहीं जानते हैं।

**शाह ने बताया अबतक का रिजल्ट**: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में सभा कर रहे हैं। उन्होंने मंच से कहा कि 5 फेज के चुनाव हो गए हैं। कल छठे फेज का चुनाव है। आप लोग रिजल्ट जानना चाहते हैं। मैं आपको रिजल्ट बताता हूं। मोदी जी को 5वें फेज तक 310 सीटें मिल रही हैं।

**लालू परिवार पर शाह का हमला**: शाह ने कहा कि लालू के दो लाल बिहार सरकार में मंत्री रहे। पत्नी को सीएम बनाया। एक बेटी को राज्यसभा से सांसद बनाया। दूसरी बेटी चुनाव लड़ रही है। लालू यादव आपके लिए कुछ नहीं करेंगे। अगर करना होता तो कर्पूरी ठाकुर को बहुत पहले भारत रत्न दिला दिया होता।

# हरी खाद के लिए खेत में लगाएं मूंग और ढैंचा

निज संवाददाता। बक्सर



जिले का मुख्य फसल चक्र धान और गेहूं है। किसान खरीफ फसल की खेती की तैयारी में जुट गये हैं। जानकारी के अभाव में यहां के किसान खेतों में असंतुलित उर्वरक का प्रयोग करते हैं। ऐसे में खेत की मिट्टी की उर्वरा शक्ति घट रही है वहीं उत्पादन पर भी असर पड़ रहा है। उर्वरक के अधिकाधिक प्रयोग करने के चलते किसानों का लागत खर्च भी बढ़ रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ रामकेवल ने बताया कि खतों में रासायनिक खाद के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है। उन्होंने जिले के किसानों को हरी खाद का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि थोड़ी समझ के साथ वैज्ञानिक विधि से खेती कर किसान बेहतर उपज प्राप्त कर सकते हैं। धान की नर्सरी के लिए खेतों की करें जुताई कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ रामकेवल ने बताया कि किसान धान का बिचड़ा डालने के लिए खेतों की जुताई आवश्यक करें। किसान धान की नर्सरी डालने के लिए वैसे खेत का चयन करें जहां पानी की उपलब्धता हो। उन्होंने कहा कि हरी खाद के लिए किसान खेतों में मूंग या ढैंचा की बुआई कर सकते हैं। खेत में मूंग या ढैंचा लगाने के बाद जुलाई के प्रथम सप्ताह में यानी 40 से 21 दिन होने पर मूंग या ढैंचा को खेत में पलट कर हरी खाद के रूप में उपयोग कर सकते हैं। इससे खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी। साथ ही मिट्टी में नाइट्रोजन व कार्बन की मात्रा बढ़ने से उपज में वृद्धि होगी। खेत में मूंग या ढैंचा को पलटने के एक सप्ताह के बाद ही रोपाई करनी चाहिए।

# प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड: पार्टनर गया जेल

निज संवाददाता। आरा



## पैसे हड़पने की नीयत से पार्टी में बुलाकर मार डाला था, अब अन्य की तलाश

भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना के करवा गांव स्थित बगीचा में प्रॉपर्टी डीलर पिंटू कुमार की गोली मार का हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित संतोष यादव को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मृतक के पिता उदवंतनगर के घोड़पोखर निवासी रिटायर्ड दारोगा तेज नारायण सिंह ने मुफस्सिल थाना में प्राथमिक कराई थी। जिसमें दो नामजद समेत एक अज्ञात को आरोपित किया।

**पैसे हड़पने का आरोप**: पुलिस ने एक आरोपित उदवंत नगर के दलिया निवासी संतोष कुमार यादव को वारदात के बाद ही पकड़ा था, जिससे पूछताछ की जा रही थी। जबकि उदवंतनगर थाना क्षेत्र के केशवपुर–बकरी गांव निवासी नीरज चौधरी और उसके मामा के लड़के की तलाश जारी है। पकड़ा गया आरोपित प्रॉपर्टी डीलर का पार्टनर बताया जा रहा है। जमीन एग्रीमेंट का अग्रिम 18 लाख रुपए हड़पने की नीयत से हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है। 20 मई की शाम डिलिया गांव निवासी संतोष कुमार यादव घोड़ पोखर निवासी पिंटू कुमार को घर से बुलाकर अपने साथ करवा बगीचा में खाने-पीने के लिए लेकर गया था। जहां जमीन रजिस्ट्री को लेकर उपजे विवाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता ने बताया कि 12 कट्ठा जमीन का एग्रीमेंट हुआ था। इसी दौरान उपजे विवाद में गोली मारकर हत्या कर दी।

# महिला ने पंखे से लटक कर की खुदकुशी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में गुरुवार को पति के दो थप्पड़ जड़ने पर पत्नी ने गुस्से में आकर पंखे से लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना को लेकर गांव में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार मृतका गड़हनी थाना क्षेत्र के असलान गांव निवासी पप्पू सिंह की पत्नी पूजा देवी(32) उर्फ फूल कुमारी है। घटना भोजपुर के गड़हनी थाना क्षेत्र के असलान गांव की है। इधर, मृतका के पति पप्पू सिंह ने बताया कि उसकी भांजी की तबीयत काफी खराब थी। इसके कारण वह अपने बहन के साथ अपनी भांजी को डॉक्टर से दिखाने के लिए गड़हनी बाजार गया था। उसे दिखाने के बाद उसने अपनी भांजी को दवा दिलाई। जब वह घर पर लौटा तो उसकी पत्नी ने उसकी बहन और भांजी के साथ गाली-गलौज किया। तभी उसने अपनी पत्नी को गाली देने के लिए मना किया पर वह नहीं मानी। इसी बात पर गुस्से में आकर उसने उसे दो थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद वह अपने कमरे में गई और पंखे से लटक कर खुदकुशी कर ली। इसके बाद उसने इसकी सूचना अपनी पत्नी के मायके वालों और स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं, इस मामले में गड़हनी थानाध्यक्ष रणवीर कुमार ने बताया कि मृतका के मायके वालों द्वारा ही लिखित आवेदन दिया गया है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वह बराबर बीमार रहती थी।

# ईरान में गिरवी भोजपुर के युवक ने खाना छोड़ा

## 2 करोड़ फिरौती के लिए जमीन बेचने को मजबूर परिजन, पाकिस्तानी नंबर से पैडलर्स दे रहे धमकी

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर का गौरव अभी भी ईरान में फंसा हुआ है। नौकरी का लालच देकर उसे वहां ले जाया गया था। गौरव ड्रग्स डीलर के पास गिरवी है। उसे गिरवी रखकर पैडलर्स ड्रग्स लेकर आए थे। पैडलर परिवार वालों से 2 करोड़ रुपए मांग रहे हैं। पाकिस्तानी और ईरानी नंबर से गैंग के सदस्य गौरव के परिवार को लगातार फोन कर रहे। गुरुवार को भी उन्होंने परिजनों से संपर्क कर कहा कि गौरव ईरान का खाना नहीं खा रहा है। उसके पसंद के खाने के लिए एक लाख की डिमांड गौरव के परिवार वालों से गैंग के सदस्य ने की है।

**गौरव से नहीं करवा रहे बात**: ड्रग्स पैडलर ने गुरुवार को गौरव के फुफेरे भाई सोनू से बात की थी। सोनू ने गौरव के बारे में पूछा। इस पर गैंग के सदस्य ने कहा कि गौरव ठीक है, लेकिन कुछ खाता-पीता नहीं है। बीमार हो जाएगा। इसके लिए पैसे चाहिए। सोनू ने उन लोगों को कहा जमीन बेच कर पैसे की व्यवस्था कर रहा हूं। जब गौरव के परिवार ने गौरव से बात कराने को कहा तो मना कर दिया गया। रुपए भेजने के बाद बात करवाने की बात कही गई। पाकिस्तानी नंबर से पैडलर्स धमकियां भी दे रहे हैं। इससे परिवार वाले परेशान हैं।

**पैसा कब और किसे देना है ये वक्त पर बताएंगे**: फोन पर लगातार वो लोग पैसों की मांग करते रहे। पैडलर्स का कहना था कि तुम लोग कुछ भी नहीं कर रहे हो। इतने दिन हो गए लेकिन पैसों का इंतजाम अब तक नहीं हो पाया है। जब गौरव के भाई ने पूछा पैसा कहां और किसे भेजना होगा, तो तस्कर ने बताया कि ये सब वक्त पर बताया जाएगा। सोनू ने कहा कि 2 करोड़ रुपए बहुत ज्यादा है। हम इतने अमीर लोग नहीं है। हम इतना पैसा नहीं रखते हैं। फिर भी जहां-तहां से पैसे का इंतजाम कर रहे हैं। सोचा है जमीन बेच दूं। हम लोगों के लिए गौरव बहुत प्यारा है। इस कॉल ने गौरव के घर वालों की चिंता और बढ़ा दी है। गौरव के घर में चूल्हा नहीं जल पा रहा है। घर के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। सभी गौरव के वापसी की आस लगाए हुए हैं। हालांकि, इस मामले में कुछ दिन पहले ही भारतीय विदेश मंत्रालय ने संज्ञान लिया है। परिजनों ने विदेश मंत्रालय से गौरव कुमार को ईरान से भारत वापस लाने की गुहार लगाई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### मिर्गी के दौरे से सिर में आई चोट, पुलिस ने बचाई जान

**जमालपुर।** जमालपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म के पश्चिमी छोर पर लगी एक रैक से एक व्यक्ति चक्कर आने की वजह से गिर गया। जिसकी वजह से उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने उसे शराबी समझकर वहीं छोड़ दिया। तभी वहां से निकल रहे आरपीएफ और रेल पुलिस जवानों ने व्यक्ति की हालत को गंभीर जानते हुए उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस के अनुसार, घायल व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। हालांकि घायल को पूर्व रेलवे मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कहा कि पुलिसकर्मी ने जब उसे देखा तो उसके सिर से खून तथा मुंह से झाग निकल रहा थी। इसके साथ ही युवक कांप भी रहा था। लोगों ने सोचा कि व्यक्ति ने शराब पी रखी है, इसलिए किसी ने उसकी मदद नहीं की। लेकिन पुलिसकर्मी ने व्यक्ति की गंभीर हालत को देखते हुए एक ऑटो रुकवाकर उसे अस्पताल में भर्ती करवा दिया।

### रेलकर्मी से 22 लाख की ठगी, साइबर थाना में प्राथमिकी

**मुंगेर।** ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र के क्लब रोड निवासी रेलकर्मी उदयमान चौरसिया के साथ साइबर ठग ने लगभग 22 लाख रुपए की ठगी कर ली है। घटना को लेकर पीड़ित रेलकर्मी ने साइबर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर के मुताबिक ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र के क्लब रोड निवासी रेलकर्मी उदयमान चौरसिया को दिल्ली से विक्रम राठौड़ नाम के एक युवक ने 1 अप्रैल को एक अज्ञात वीडियो कॉल के माध्यम से एक वीडियो अपलोड करने की धमकी दी। जिसे हटाने के लिए उसने नियमित रूप से 1, 4, 6, 8, 10, 15 और 20 अप्रैल को पैसे मांगे। जिसके बाद रेलकर्मी काफी डर गए और साइबर ठग के झांसे में आकर उन्होंने रुपए देना शुरू कर दिया। रेलकर्मी को यह लगा कि यह बात कोई नहीं जाने और समाज में सम्मान बना रहे, इसके लिए रेल कर्मी लगातार साइबर ठग को रुपये देता रहा। जिसके बाद साइबर ठग भी पैसे के लोभ में आकर लगातार रेलकर्मी पर दबाव बनाता रहा और हर बार अधिक पैसे मांगता रहा। ठग के द्वारा कभी स्वीकार नहीं किया कि उसने वीडियो हटा दिया है। जिस कारण रेल कर्मी पर दबाव बनाकर साइबर ठग ने लगभग 22 लाख रुपये रेलकर्मी से ठगी कर लिया। साइबर थाना में दर्ज एफआईआर के मुताबिक बीते 25 अप्रैल को साइबर ठग के द्वारा फिर एक नया नंबर 9166172288 से कॉल आया। कॉल करने वाले साइबर ठग ने अपने आप को जयपुर के एसएचओ संजय कुमार बताया। उसने एफआईआर से नाम हटाने के लिए मोटी रकम की मांग की। जिसके बाद रेलकर्मी उदयमान चौरसिया ने अपना बेटा गौरव चौरसिया को सारी कहानी बताई। जिसके बाद उसने साइबर क्राइम थाना मुंगेर में शिकायत की।

### सेविका के असामयिक निधन पर जताया शोक

**हवेली खड़गपुर।** बाल विकास परियोजना हवेली खड़गपुर के अन्तर्गत तेलियाडीह पंचायत के पहाड़पुर बनवर्षा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-189 की सेविका सुनीता देवी की असामयिक निधन से सेविका, सहायिका समेत आंगनबाड़ी कर्मी और बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन ने गहरा शोक प्रकट किया है। बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के जिलाध्यक्ष शिव शंकर चौधरी ने बताया कि मंगलवार को सेविका सुनीता देवी आंगनबाड़ी केंद्र से वापस घर आई, तभी उनकी तबियत बिगड़ने लगी। इलाज के लिए चिकित्सक के पास ले जाया गया। जहां ब्रेन हेमरेज की वजह से मौत हो गई। संघ के जिलाध्यक्ष ने सरकार एवं संबंधित पदाधिकारी से मृतक सेविका के परिवार को चार लाख अनुदान राशि के अलावा बीमा के तहत राशि देने की मांग की।

### छह बजे से पहले विद्यालय पहुंच बनानी होगी हाजिरी

**जमालपुर।** अब शिक्षकों को सुबह छह बजे से पहले विद्यालय पहुंचकर हाजिरी बनानी होगी। सुबह छह बजे से पहले उनका ग्रुप फोटो लिया जाएगा। जमालपुर के बीईओ शैलेंद्र कुमार ने इस बाबत आदेश जारी किया है। इतना ही नहीं शिक्षा पदाधिकारी ने साफ शब्दों में कहा है कि जिन स्कूलों में बेंच डेस्क की कमी है वहां तत्काल प्रधानाचार्य इन कमियों को दूर करेंगे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने इस बाबत स्पष्ट निर्देश जारी कर दिया है। कहा कि विद्यालय निरीक्षण की फोटो ई-शिक्षा कोष पर अपलोड होगी। कहा कि शिक्षकों की समय से पहले उपस्थिति को लेकर शिक्षा विभाग ने यह कदम उठाया है। वहीं उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा बेंच डेस्क के अभाव में जमीन पर बैठकर शिक्षा ग्रहण न करें। बेंच डेस्क की खरीद में तेजी लाई जाए। निरीक्षण में यह बात सामने आई की सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं की संख्या के अनुपात में बेंच डेस्क उपलब्ध नहीं है। नतीजतन बच्चे दरी व फर्श पर बैठकर पठन-पाठन करने को विवश हैं। जिसे देखते हुए शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव ने जिले के सभी सरकारी स्कूलों को बेंच डेस्क आपूर्ति करने का निर्देश दिया है।

### मिरची तालाब के पास लगे प्याऊ से समरसेबुल की चोरी

**मुंगेर।** नगर निगम वार्ड-3 मिरची तालाब के दर्जनों स्थानीय लोगों ने बुधवार को नगर आयुक्त को आवेदन दिया है, जिसमें कहा गया है कि लाल दरवाजा मिरची तालाब के पास अमन और दामोदर यादव घर के सामने लगे प्याऊ से समरसेबुल की चोरी हो गई है। समरसेबुल की चोरी हो जाने के कारण आसपास के 100 घरों के लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। आवेदन में नगर आयुक्त से अनुरोध किया गया है कि उक्त प्याऊ में समरसेबुल की व्यवस्था की जाए और अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। आवेदन में लिखा है कि 21 मई की रात समरसेबुल, कॉलम पाइप व पैनल बोर्ड आदि चुरा के ले गए, जिसकी जानकारी सुबह 4 बजे हुई। वार्ड सदस्य हीरो कुमार यादव समेत दीपक कुमार, सुधा कुमारी, सरिता देवी, गुड़िया कुमारी, सचिन पासवान, रामविलास यादव समेत दर्जनों लोगों ने मांग किया है कि समरसेबुल चोरी करने वाले गिरोह के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसके अलावा प्याऊ के पास विरेन्द्र यादव घर के सामने सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है, उसकी जांच होने पर चोरी करने वालों की शिनाख्त हो जाएगी।

## भारी बारिश से किसानों को मूंग की फसल को नुकसान की आशंका



**संग्रामपुर।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की रात हुई मूसलाधार बारिश ने मूंग की खेती कर अच्छी कमाई करने वाले किसानों के सपने पर पानी फिरने की संभावना जतायी जा रही है। मंगलवार की देर रात्रि शुरू हुई मूसलाधार बारिश बुधवार के 9:00 बजे दिन तक लगातार होने से मूंग लगी हुई खेतों में पानी जमा हो गया है। खेतों में पानी जमा हो जाने से मूंग के छोटे-छोटे पौधों के गल जाने या मर जाने की संभावना बढ़ गई है। किसान किसी तरह से अपने खेतों से पानी निकालने की जुगत में लग चुके हैं। प्रखंड क्षेत्र के किसान अबोध शर्मा, छबील यादव, श्यामसुंदर यादव, राम बहादुर सिंह, संतोष सिंह इत्यादि ने बताया कि इस बार मूंग की फसल की अच्छी पैदावार होने की संभावना थी। लगभग 10 दिन पूर्व हल्की बारिश हुई थी, जिसे किसान मूंग की खेती के लिए वरदान मान रहे थे। उस समय किसी को कहां पता था कि कुछ दिन बाद होने वाली मूसलाधार बारिश उन लोगों के अच्छी फसल के उम्मीदों पर पानी फेर देगा। रात में हुई बारिश से मूंग लगे खेतों में पानी भर गया है, जो अगर नहीं निकाला गया तो सारी फसल ही चौपट हो जाएगी। किसी तरह हमलोग खेतों से पानी निकाल कर नुकसान को कम करने की कोशिश में लगे हैं।

# दो कारतूस सप्लायर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## तलाशी के बाद बैकवर्ड-फॉरवर्ड लिंक खंगाल रही पुलिस

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शुक्रवार को पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कारतूस तस्कर पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर के पास से पुलिस ने कुल 19 कारतूस बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि दोनों युवक टपूआ मोड होते हुए बुद्धूचक की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान टपुआ मोड़ के पास पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी। जांच के लिए जब रोका गया तो वह भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने उन लोगों का पीछा कर दबोचा और तलाशी ली। युवक के पास कारतूस मिले। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर थाना ले गई। गिरफ्तार दोनों तस्करों से पुलिस पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान एकचारी थाना क्षेत्र के खवासपुर निवासी सुरजी मंडल के बेटे पिंटू कुमार(28) कहलगांव निवासी प्रमोद मंडल के बेटे नंदन कुमार शामिल है। शुक्रवार को कहलगांव डीएसपी अर्जुन कुमार गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि टपुआ मोड़ के पास पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति टपुआ मोड होते हुए बुद्धू चक जा रहे थे। चेकिंग अभियान में उसे जब रोका तो वह भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने उसे दबोच कर उसकी तलाशी ली। इसके बाद गिरफ्तार युवकों के पास से 19 कारतूस, दो मोबाइल एक ग्लेमर मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। गिरफ्तार तस्कर में शामिल पिंटू कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है। फिलहाल वह जमानत पर बाहर चल रहे हैं। डीएसपी ने आगे बताया कि इतने कारतूस कहां पहुंचना था। बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक को खंगाला ला जा रहा है।



## रंगदारी मांगने के आरोप में बदमाश गिरफ्तार, कई हथियार बरामद

### मुंगेर में ठेकेदार से रंगदारी मांगने पहुंचा था, दूसरे की तलाश जारी

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर जिला अंतर्गत गंगटा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहली मथुरा स्थित बागरा नदी पर पुल के निर्माण कार्य कर रहे संवेदक के कर्मचारियों से रंगदारी मांगने की सूचना पाकर गंगटा थाना पुलिस ने मौके एक अपराधी को गिरफ्तार किया। जिसके पास से दो देसी कट्टा, एक मोबाइल बरामद किया गया, साथ ही घटना में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त कर लिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि विगत 13 मई को कुछ बदमाश पुल निर्माण कर रहे कर्मचारी से रंगदारी की मांग की थी। जिस बाबत पुलिस अधीक्षक मुंगेर ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हवेली खड़गपुर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जिसमें गंगटा थानाध्यक्ष राहुल कुमार पुलिस अवर निरीक्षक दीप शिखा सहायक अवर निरीक्षक संजीव कुमार एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

**ठेकेदार से रंगदारी मांगने पहुंचे थे:** गंगटा थाना क्षेत्र अंतर्गत मथुरा गांव के पास पुल निर्माण कार्य करा रहे संवेदक से रंगदारी की मांग मामले में गंगटा पुलिस ने दो कट्टा के साथ एक अपराधी को निर्माण कार्य के पास से किया गिरफ्तार। बुधवार शाम एक बार फिर अपराधी रंगदारी मांगने पहुंचे थे जिसकी सूचना पुलिस को मिली जिस पर कार्रवाई करते हुए गंगटा पुलिस घटनास्थल की ओर चल पड़ी। तभी सामने से बुलेट से आ रहे दो अपराधी पुलिस को देख बाइक घुमाकर भागने का प्रयास किया। खदेड़ने बदमाश बाइक छोड़कर भागने प्रयास करने लगे, जिसमें से एक को पुलिस ने पकड़ लिया।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. 17-एसडीएसटीई-एएसएन-2024-25, दिनांक 22.05.2024 के तहत ई-निविदा;** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल - निम्नलिखित के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य (1) देवघर में ई.आई का वार्म स्टैण्डबाई से हॉट स्टैण्डबाई में बदलाव, (2) 24 अदद एलएचबी टाइप कोच रखरखाव एवं सिक लाइन के लिए देवघर कोचिंग रखरखाव पिट का विस्तार। **विज्ञापित निविदा मूल्य:** रु. 4,45,10,887.48; **बयाना राशि:** रु. 3,72,600; **कार्य समापन अवधि:** एलओए के जारी किए जाने की तारीख से 270 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 17.06.2024 को अपराह्न 03.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in/ इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। निविदादाता/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। (ASN-56/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**विस्तृत निविदा सं. 3डब्ल्यूटीसीएओसीईआर 2024-25 : दो चरण रिवर्स नीलामी प्रणाली में खुली ई-निविदा, दिनांक 22.05.2024;** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्व रेलवे, कोलकाता, चौथी मंजिल, 14, स्ट्रैंड रोड, न्यू कोयलाघाट, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-टेंडरिंग हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** "मल्टी ट्रैकिंग रेलवे बीजी लाइन के निर्माण के संबंध में डबल लाइन को समायोजित करने के लिए बराकर एवं कुमारधुबी स्टेशनों के बीच सीएच. 230.124 किमी पर (हावड़ा से पुल की सेंटर लाइन) स्थित पाइल फाउंडेशन सहित बराकर नदी के ऊपर महत्वपूर्ण पुल सं. 18 (10x30.50मी+5x45.7 मी ओपन वेब गर्डर) एवं सीएच. 219.117 किमी पर बराचक-सीतारामपुर के बीच आरओआर (1x45.7मी+1x76.2 मी+3x30.5 मी ओपन वेब गर्डर) तथा सीएच. 224.508 किमी पर सीतारामपुर-कुल्टी के बीच आरओआर (2x30.5 मी+1x76.2 मी ओपन स्टील गर्डर) एवं सब एवं सुपर स्ट्रक्चर के प्रावधान सहित कालीपहाड़ी-नीमचा के बीच सीएच. 206.05 किमी पर आरओआर (4x30.5मी+1x76.2 मी ओपन वेब गर्डर) का निर्माण"। **अनुमानित मूल्य:** रु. 3,57,28,68,036.18; **बयाना राशि:** रु. 1,00,00,000; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0.0; **समापन अवधि:** 30 (तीस) महीने। **बंद होने की तारीख:** 21.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोलियां उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (CON-19/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## मूसलाधार बारिश से प्रखंड कार्यालय परिसर में जलजमाव से बढ़ी परेशानी

निज संवाददाता। संग्रामपुर

संग्रामपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित एक भी जल निकासी के साधन नहीं होने के कारण मंगलवार की मध्य रात्रि से लेकर बुधवार सुबह 9:00 बजे तक हुई लगातार मूसलाधार बारिश से प्रखंड कार्यालय परिसर तालाब में तब्दील हो गया। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित अंबेडकर भवन, आईसीडीएस कार्यालय, आधार कार्ड रजिस्ट्रेशन सेंटर, हल्का कर्मचारी कार्यालय, भू-सर्वे कार्यालय सहित 20 सूत्री कार्यालय आदि के चारों तरफ पानी से लबालब भर गया। ऐसे में प्रखंड कार्यालय परिसर में जल जमाव एवं कीचड़मय हो जाने से कार्यालय कार्य से पहुंचने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस संदर्भ में स्थानीय ग्रामीण अरुण भारती, कृष्णदेव साह, अरुण केसरी, श्रवण सिंह, बाल्मीकि इत्यादि ने कहा कि प्रखंड कार्यालय परिसर में एक भी जल निकासी के लिए नाली का निर्माण नहीं किए जाने के कारण थोड़ी सी भी बारिश होने के बाद कार्यालय परिसर में बारिश के पानी का जल जमाव हो जाता है। बरसात के दिनों में तो महीना तक अंबेडकर भवन के पीछे शिव मंदिर सहित अन्य कार्यालय पानी में डूबा रहता है। ऐसी स्थिति में जल जमाव से मच्छर एवं कीड़े मकोड़े उत्पन्न होते हैं। जिससे हर समय गंभीर बीमारी का खतरा बना रहता है। वहीं जल जमाव अधिक समय रहने से बदबू प्रखंड कार्यालय में फैलता रहता है। जिससे आम जनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं बरसात के दिनों में प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित शिव मंदिर के चारों तरफ पानी जम जाने से श्रद्धालुओं को पूजा पाठ करने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। श्रद्धालु कीचड़ एवं जल जमाव को पार कर पूजा करने मंदिर आते हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि जल जमाव से निजात पाने के लिए प्रखंड कार्यालय परिसर के चारों ओर से एक नाली का निर्माण करना अति आवश्यक है।

### पुलिस की गाड़ी को धक्का मारकर भागे शराब तस्कर

**मुंगेर।** मुंगेर में शराब माफिया ने पुलिसवालों पर हमला किया है। घटना में पुलिस का एक वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ है। घटना नया रामनगर थाना क्षेत्र के गढ़ी रामपुर गांव के पास की है। बताया गया कि शराब तस्कर ने पुलिस की वाहन में धक्का मारा और एक पुलिस पदाधिकारी ने कूदकर अपनी जान बचाई। इसके बाद पीछा करते हुए शराब तस्कर की लग्जरी गाड़ी को जब्त कर लिया है। उसमें से 88 कार्टन विदेशी शराब बरामद किए हैं। इसकी पुष्टि सदर डीएसपी राजेश कुमार ने प्रेस वार्ता में की है। डीएसपी ने बताया कि नया राम नगर थाना को गुप्त सूचना मिली कि झारखंड की ओर से मुंगेर की तरफ तीन लग्जरी वाहन स्कॉर्पियो, सफारी और एक्सयूवी से भारी मात्रा में शराब की खेप लाई जा रही है, जो कि मुंगेर की ओर जाएगी। सूचना मिलने के बाद नया रामनगर थाना पुलिस ने इसकी जानकारी एसपी सैयद इमरान मसूद को दी।

## कोढ़ा गैंग फिर से हुआ एक्टिव, पुलिस ने की पहचान



निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में बीते 18 मई को पूरब सराय थाना क्षेत्र के डीएभी स्कूल के पास झप्पटामार गिरोह के सदस्यों द्वारा शास्त्रीनगर निवासी आर्मी जवान कुंदन कुमार की पत्नी प्रीती कुमारी के गले के सोने का 30 ग्राम चैन उड़ा लिया था। घटना के बाद पीड़ित महिला के द्वारा पूरबसराय थाना में लिखित आवेदन दिया गया था। जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर इस मामले में लगातार कार्रवाई कर रही थी। घटना की जानकारी लगने के बाद एसपी सैयद इमरान मसूद के द्वारा सदर डीएसपी राजेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और जिला आसूचना इकाई टीम को इस कांड का खुलासा करने के लिए लगाया गया। जिसमें पूरबसराय थानाध्यक्ष भी मौजूद थे। इस बीच पुलिस के द्वारा तकनीकी अनुसंधान और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर झपटमार गिरोह का पहचान कर लिया गया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि महिला के गले से जो सोने का चैन उड़ाया गया था वह कोढ़ा गैंग का सदस्य था जो कि कटिहार जिला अंतर्गत कोढ़ा थाना क्षेत्र के नया टोला जुरावगंज निवासी शशि यादव, सूदान यादव और रंजो यादव के रूप में हुई है।

**पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों का नियंत्रण**

संशोधनी

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में रंगिया मंडल के बरपेटा रोड-पाठशाला खंड में दोहरी लाइन चालू करने के लिए दिनांक 19.05.2024 से 02.06.2024 तक बरपेटा रोड, सोरूपेटा और पाठशाला में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के संबंध में पहले प्रकाशित उपर्युक्त शीर्षक वाले विज्ञापन के संदर्भ में, निम्नलिखित संशोधन पर ध्यान दिया जाना चाहिए। • 15925 देवघर-डिब्रूगढ़ साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ तारीख 30.05.2024) जिसका पहले न्यू बोंगाईगांव-गोवालपाड़ा टाउन-कामाख्या होकर मार्ग परिवर्तन किया गया था, उसे मार्ग परिवर्तन के बदले 4 घंटे पुनर्निर्धारित किया गया है यानी यह दिनांक 31.05.2024 को रात्रि 00.05 बजे देवघर से प्रस्थान करेगी। असुविधा के लिए खेद है।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**भागलपुर–साहिबगंज शाखा में ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

किमी.294/1–2 पर अतिरिक्त पथ निर्माण की सुविधा के लिए दो अदद 20.4 मीटर लंबे सर्विस गर्डरों की स्थापना और हटाने के लिए, मालदा मंडल के तहत भागलपुर – साहिबगंज शाखा में लैलख ममलखा और सबौर स्टेशनों के बीच अप और डाउन दोनों लाइनों पर निम्नानुसार **ट्रैफिक और पावर ब्लॉक** की आवश्यकता होगी: **(1) 27.05.2024 (सोमवार)** 09.45 बजे से 12.45 बजे तक 03 घंटे के लिए। **(2) 28.05.2024 (मंगलवार)** 09.45 बजे से 13.45 बजे तक 04 घंटे के लिए। **(3) 01.06.2024 (शनिवार)** 09.45 बजे से 13.45 बजे तक 04 घंटे के लिए। **(4) 02.06.2024 (रविवार)** 09.45 बजे से 12.45 बजे तक 03 घंटे के लिए। इसके फलस्वरूप ट्रेन आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्था की गई है:– • **रद्दगी: 03037/03038 साहिबगंज–भागलपुर–साहिबगंज पैसेंजर स्पेशल (यात्रा शुरू होने की तिथि 27.05, 28.05, 01.06 और 02.06.2024)** रद्द रहेंगी। • **संक्षिप्त यात्रा समाप्त / संक्षिप्त यात्रा शुरू: 13236 /13235 दानापुर–साहिबगंज–दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की तिथि 27.05, 28.05 और 01.06.2024)** भागलपुर स्टेशन पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त/से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी • **पुनर्निर्धारण: (1) 14003 मालदा टाउन – नई दिल्ली एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की तिथि 28.05 और 01.06.2024)** मालदा टाउन से 01 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी । **(2) 03413 मालदा टाउन–नई दिल्ली स्पेशल (यात्रा शुरू होने की तिथि 02.06.2024)** मालदा टाउन से 02 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। **टिप्पणी:** (1) ब्लॉक से पहले आखिरी ट्रेनः–13409 मालदा टाउन–किऊल एक्सप्रेस अप लाइन पर और 05416 जमालपुर–साहिबगंज पैसेंजर डाउन लाइन ट्रेन पर। (2) ब्लॉक के बाद पहली ट्रेनः–05415 जमालपुर–साहिबगंज पैसेंजर अप लाइन पर और 05408 जमालपुर–रामपुरहाट पैसेंजर डाउन लाइन पर। (3) कोई भी मेल/एक्सप्रेस ट्रेन या स्पेशल, यदि विलंब से चल रही है, को ब्लॉक अवधि के दौरान नियंत्रित किया जा सकता है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें, असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक/मालदा**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: डीटीई_जेएमपी_01 (क्रमांक 1 से 14), दिनांक: 22.05.2024;** सहायक टाउन अभियंता, पूर्व रेलवे, जमालपुर वर्कशॉप, जिला मुंगेर, बिहार, पिन-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक : 1, कार्य का नाम:** "जेड-01/24-25 में एसएसई (डब्ल्यू)/डब्लूएस/जेएमपी अनुभाग में वर्कशॉप के अंदर विभिन्न शॉपों के क्षतिग्रस्त रूफ शीटों, गटरों, रेन वाटर पाइपों, नॉर्थ लाइट ग्लासों का वार्षिक बदलाव/मरम्मत तथा अन्य विविध प्रकृति के कार्यों का निष्पादन"। **निविदा मूल्य :** रु. 60,00,000/-। **बोली सुरक्षा राशि:** रु. 1,20,000/-। **क्रमांक 2. कार्य का नाम :** "जेड-02/24-25 में एटीई/जेएमपी के नियंत्रण के अधीन कारखाना के अंदर डब्ल्यूआरएस-I, II, III, IV, टीपीटी (रेल), डब्ल्यूएस, डब्ल्यूसीएस-I, II (आरएम), सीबीएस, बीडब्ल्यूएफ, वे ब्रिज तथा सभी लेवल क्रॉसिंगों, डीपीएस, डीसीएस, टीएमएस, एसएमएस, लोड बॉक्स शेड, स्टोर वॉर्डों एवं एनएसवाई, एमटीएस, बीकेएस, एफएस, एमएस, एमसीटीआर, टीटीएस, बीएफएस, बीबीएफ, बीएसएस एवं एसएस, एचटीएस, सीएच, जीआईएफ, एसएफ, बीएसटी (एचएमआरएस), टीपीटी (रोड), पीएटी, डीएसएस, सीआरएस, डब्ल्यूएलडी, एसटीसी/पीटीएस, बीटीसी, सीएमटी लैब, विद्युत कार्यालय, पावर हाउस एवं अन्य इकाइयों, एसएसवाई तथा कम्प्रेशर हाउस तथा अन्य इकाइयों, एसएसवाई तथा कम्प्रेशर हाउस की वार्षिक मरम्मत/अल्प संयोजन एवं बदलाव, ह्वाइट/कलर वाशिंग, पेंटिंग तथा विविध प्रकृति के कार्यों का निष्पादन तथा ईस्ट कॉलोनी में वार्षिक मरम्मत/अल्प संयोजन एवं बदलाव, ह्वाइट/कलर वाशिंग, पेंटिंग तथा विविध प्रकृति के कार्यों का निष्पादन"। (कार्य मूल्य का 40% कार्य वर्कशॉप के अंदर निष्पादित किया जाएगा)। **निविदा मूल्य :** रु. 1,00,00,000/-। **बोली सुरक्षा राशि:** रु. 2,00,000/-। **क्रमांक 3. कार्य का नाम:** "जेड-03/24-25 में एसएसई/(डब्ल्यू)/डब्ल्यूएस/जेएमपी अनुभाग में डब्लूएस/जेएमपी के अंदर कम्बाइंड बिल्डिंग, वेलफेयर कार्यालय, वर्कशॉप हेल्थ यूनिट, हेल्थ यूनिट (गेट सं. 6), डब्ल्यूएम (डीएसएल) कार्यालय, स्टोर्स, हिन्दी लाइब्रेरी, टाइम बूथ 1 एवं 6, कैंटीनों, वर्कशॉप के अंदर सभी बगीचों एवं अन्य वर्कशॉप जोनों में शामिल नहीं अन्य सभी क्षेत्र तथा आवश्यकता पड़ने पर अन्य क्षेत्रों के लिए वार्षिक मरम्मत/अल्प संयोजन एवं बदलाव, ह्वाइट/कलर वाशिंग, पेंटिंग तथा विविध प्रकृति के कार्यों का निष्पादन"। **निविदा मूल्य :** रु. 22,00,000/-। **बोली सुरक्षा राशि:** रु. 44,000/-। **क्रमांक 4. कार्य का नाम :** जेड-04/24-25 में जेई/पी.वे/डब्ल्यूएस/जेएमपी अनुभाग में वर्कशॉप के अंदर सभी पी. वे (रेल ट्रेक) की वार्षिक मरम्मत तथा रखरखाव के कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य :** रु. 10,00,000/-। **बोली सुरक्षा राशि:** रु. 20,000/-। **क्रमांक 5. कार्य का नाम :** जेड-05/24-25 में एटीई/जेएमपी के अधीन दरवाजों एवं खिड़कियों की वार्षिक मरम्मत/अल्प संयोजन एवं बदलाव तथा विविध प्रकृति के कार्य तथा एटीई/जेएमपी के अधीन वार्षिक मरम्मत/अल्प संयोजन तथा बदलाव, सैनिटरी एवं पलम्बिंग कार्य एवं विविध प्रकृति के कार्यों का निष्पादन (कार्य मूल्य का 40% कार्य वर्कशॉप के अंदर निष्पादित किया जाएगा)। **निविदा मूल्य :** रु. 1,00,00,000/-। **बोली सुरक्षा राशि:** रु. 2,00,000/-। **क्रमांक 6. कार्य का नाम :** "जेड-06/24-25 में एसएसई (डब्ल्यू)/कॉल/जेएमपी के एसएसई (डब्ल्यू)/कॉल/जेएमपी अनुभाग में वेस्ट कॉलोनी की वार्षिक मरम्मत/अल्प संयोजन एवं बदलाव, ह्वाइट/कलर वाशिंग, पेंटिंग तथा विविध प्रकृति के कार्यों का निष्पादन"। **निविदा मूल्य :** रु. 60,00,000/-। **बोली सुरक्षा राशि:** रु. 1,20,000/-। **क्रमांक 7. कार्य का नाम :** "जेड-07/24-25 में एटीई/जेएमपी अनुभाग में सभी सेवा भवनों (रिहायसी भवनों को छोड़कर), अस्पताल/स्वास्थ्य इकाइयों तथा वेलफेयर बिल्डिंगों यानी स्कूलों इत्यादि (वर्कशॉप के बाहर) की वार्षिक मरम्मत/अल्प संयोजन एवं बदलाव, ह्वाइट/कलर वाशिंग, पेंटिंग तथा विविध प्रकृति के कार्यों का निष्पादन"। **निविदा मूल्य:** रु. 33,00,000/-। **बोली सुरक्षा राशि:** रु. 66,000/-। **क्रमांक 8. कार्य का नाम :** "जेड-08/24-25 में एटीई/जेएमपी अनुभाग में टीए कैम्प की चाहरदीवारी के अंदर सभी भवनों की वार्षिक मरम्मत/अल्प संयोजन एवं बदलाव, ह्वाइट/कलर वाशिंग, पेंटिंग तथा विविध प्रकृति के कार्यों का निष्पादन"। **निविदा मूल्य:** रु. 15,00,000/-। **बोली सुरक्षा राशि:** रु. 30,000/-। **क्रमांक 9. कार्य का नाम :** "जेड-09/24-25 में एटीई/जेएमपी अनुभाग में ईस्ट कॉलोनी में सड़क की वार्षिक मरम्मत/अल्प संयोजन एवं बदलाव कार्यों का निष्पादन (कार्य वाटर वर्क्स, केंट रोड, गोलेस्टर रोड, गोल्फ रोड, नॉर्थ टैंक रोड, एन.आई. रोड, नॉर्थ रोड, जुबली रोड, गोल्फ ग्राउंड के चारों तरफ तथा वर्कशॉप के अंदर निष्पादित किया जाएगा। इसके अलावा स्थान में किसी भी तरह का बदलाव होने पर वह कार्य सीडब्ल्यूएम के अनुमोदन के उपरांत निष्पादित किया जाएगा)"। (कार्य मूल्य का 30% कार्य वर्कशॉप के अंदर निष्पादित किया जाएगा)। **निविदा मूल्य:** रु. 60,00,000/-। **बोली सुरक्षा राशि:** रु. 1,20,000/-। **क्रमांक 10. कार्य का नाम:** "जेड-10/24-25 में एटीई/जेएमपी अनुभाग में वेस्ट कॉलोनियों (सिर्फ रामपुर कॉलोनी तथा दौलतपुर कॉलोनी) की सड़कों की वार्षिक मरम्मत/अल्प संयोजन तथा बदलाव कार्य"। **निविदा मूल्य :** रु. 82,00,000/-। **बोली सुरक्षा राशि:** रु. 1,64,000/-। **क्रमांक 11. कार्य का नाम :** "जेड-11/24-25 में एटीई/जेएमपी के अधीन रेलवे कर्मचारियों तथा उनके बच्चों के प्रयोग के लिए रेलवे की जमीन पर पेड़ों/पौधों, नर्सरी का वार्षिक रखरखाव तथा अन्य बागवानी कार्य, पार्कों का विकास तथा रखरखाव कार्यों का निष्पादन"। **निविदा मूल्य :** रु. 9,00,000/-। **बोली सुरक्षा राशि:** रु. 18,000/-। **क्रमांक 12. कार्य का नाम:** "जेड-12/24-25 में एटीई/जेएमपी अनुभाग में यांत्रिक निवास हॉस्टल, एसजीएच एवं क्यूआरएच में पेड़/पौधों, नर्सरी का वार्षिक रखरखाव तथा अन्य बागवानी कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य :** रु. 8,00,000/-। **बोली सुरक्षा राशि:** रु. 16,000/-। **क्रमांक 13. कार्य का नाम:** "जेड-13/24-25 के एटीई/जेएमपी अनुभाग में आईआरआईएमईई एवं रेलवे क्वार्टर नं. 1, टीए कैम्प रोड में पेड़/पौधों, नर्सरी का वार्षिक रखरखाव तथा अन्य बागवानी कार्यों का निष्पादन"। **निविदा मूल्य :** रु. 8,00,000/-। **बोली सुरक्षा राशि:** रु. 16,000/-। **क्रमांक 14. कार्य का नाम :** "जेड-14/24-25 में एटीई/जेएमपी अनुभाग में आईआरआईएमईई बिल्डिंगों तथा एसजीएच, यांत्रिक निवास, क्वीन्स रोड हॉस्टल तथा आईआरआईएमईई अधिकारियों के रिहायसी क्वार्टरों के साथ रेलवे क्वार्टर नं. 1, टी.ए. कैम्प रोड की वार्षिक मरम्मत/अल्प संयोजन एवं बदलाव, ह्वाइट/कलर वाशिंग, पेंटिंग, पाइपलाइन तथा फीटिंगों के साथ सैनिटरी, दरवाजों तथा खिड़कियों के साथ लकड़ी के कार्य तथा विविध प्रकृति के कार्यों का निष्पादन"। **निविदा मूल्य :** रु. 1,00,00,000/-। **बोली सुरक्षा राशि:** रु. 2,00,000/-। **खुलने की तारीख :** प्रत्येक निविदा के लिए दिनांक 20.06.2024. (MISC-56/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# वादों के सागर में तलाश रहे हकीकत के मोती कभी यहां तो कभी वहां गोता लगा रहे दल




निज संवाददाता

**पटना।** चुनाव के शोर में गारंटी बनाम गारंटी की गूंज है। महिला, बुजुर्ग और युवाओं को अपने पाले में करने के लिए गारंटी भुना लेना आसान नहीं। नेताजी के वादों के सागर में जनता हकीकत के मोती तलाश रही है। जीत की राह पर निकलने के लिए कांग्रेस ने वार रूम में योजना बन रही है। मतदाताओं को रिझाने के लिए गारंटी पत्र के साथ एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यू-ट्यूब पर पार्टी सक्रिय है। कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में चुनाव को लेकर सुबह 10 से रात आठ बजे तक 11 कार्यकर्ता मुस्तैद हैं। इनका कार्य विपक्ष की ओर से आ रहे हर बयान पर नजर रखना है। जवाब कैसे देना है इसकी योजना पार्टी का शीर्ष नेतृत्व करता है। एक्स, फेसबुक पर अन्य दल लिखने-बोलने पर नजर रखने के साथ विरोधियों के झूठे वादों की खबर ली जाती है। बिहार कांग्रेस मीडिया प्रमुख व प्रवक्ता राजेश राठौर ने बताया कि प्रचार सभी क्षेत्रों में किया जा रहा है, मगर नौ लोकसभा पर खासतौर पर नजर बनी है। लक्ष्य पांच न्याय एवं 25 गारंटी को मतदाताओं तक पहुंचाना है। गारंटी हमारे विरोधी भी दे रहे, पर उनकी वाली हवा में है। हम एक पेज की गारंटी जनता तक पहुंचा रहे। गारंटी पत्र के नीचे के हिस्से में वोटर का नाम व पता लेकर वापस ले लिया जाता है। ताकि समय पड़ने पर उनसे संपर्क किया जा सके, साथ ही हमारा भी नंबर पत्र में रहता है। राठौर कहते हैं कि इंटरनेट मीडिया पर पार्टी की सक्रियता से पता चल रहा है कि महिलाओं को एक लाख रुपये देने, युवा को रोजगार और किसानों के लिए किए गए हमारे वादे को जनता पसंद कर रही है। वोटरों को फायदे की बातों को फोटो और वीडियो के माध्यम से साझा करने पर जोर दिया जा रहा है। एक्स-फेसबुक पर 30-30 सेकेंड के वीडियो और जनता के साथ नेताओं की तस्वीरों को प्रमुखता से साझा किया जा रहा है। इंटरनेट मीडिया पर सहयोगी दलों के प्रत्याशियों का प्रचार जोर-शोर से चल रहा है।

## बंगाल घुसपैठियों-आतंक का रंगमंच', विजय सिन्हा का ममता बनर्जी पर बड़ा हमला

निज संवाददाता

**पटना।** बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि नीति, नीयत और नेता विहीन विपक्ष का एजेंडा ही देश को गुमराह और तबाह करने का रहा है। बात-बात में लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देने वालों को बंगाल के नंदीग्राम की घटना पर भी अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। विजय सिन्हा ने यह भी कहा कि बंगाल जो कभी शक्ति की उपासना का केंद्र माना जाता था। उसे आज घुसपैठियों की तुष्टीकरण और आतंक के शक्ति प्रदर्शन का रंगमंच बना दिया गया है। सबसे दुखद पहलू तो यह है कि जिस बंगाल में यह कुकृत्य हुआ है, वहां एक महिला के हाथों में ही सत्ता है। इस घटना से आज बंगाल ही नहीं, पूरा देश शर्मसार है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी और आइएनडीआइए की राजनीति एक ही धारा है। ये सभी भय, भूख और भ्रष्टाचार का माहौल बनाकर अपना लूटतंत्र कायम करना चाहते हैं। बिहार ने भी आंतक और बर्बरता का ऐसा एक दौर देखा है। लोग यह भी नहीं भूले कि उस दौर में उस जंगलराज का संचालन कौन कर रहा था।



## रेलवे की नई तकनीक से फटाफट होंगे ये काम

निज संवाददाता

**पटना।** भारतीय रेल की ओर से पूर्व मध्य रेलवे के 12 स्टेशनों पर त्वरित जल प्रणाली की व्यवस्था बहाल कर दी गई है। नई प्रणाली से मात्र 10 मिनट में ट्रेनों में पानी भरा जा सकता है। इससे ट्रेनों में पानी भरने में लगने वाले समय में काफी बचत होगी और ट्रेनों में पानी की उपलब्धता बढ़ जाएगी। त्वरित जल प्रणाली से प्रति मिनट 200 लीटर पानी ट्रेनों में भरा जा सकता है। 24 कोच वाली ट्रेनों में मात्र आठ मिनट में पानी भर दिया जाएगा। साथ ही 12 अन्य स्टेशनों पर भी त्वरित जल प्रणाली की व्यवस्था की जा रही है। वर्तमान में पूर्व मध्य रेल के पटना जंक्शन, डीडीयू जंक्शन, धनबाद, बरकाकाना, चोपन, नेसुबो-गोमो स्टेशन, मुजफ्फरपुर, बरौनी, दरभंगा, सहरसा, जयनगर एवं नरकटियागंज रेलवे पर त्वरित जल प्रणाली की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा पूर्व मध्य रेलवे के 12 स्टेशनों पर जल्द ही त्वरित जल प्रणाली व्यवस्था बहाल कर दी जाएगी। इसके तहत आरा, बक्सर, दानापुर, पाटलिपुत्र, इस्लामपुर, बख्तियारपुर, किऊल, राजगीर, सिंगरौली, गया, सहरसा एवं समस्तीपुर में जल्द ही त्वरित जल प्रणाली की सुविधा शुरू कर दी जाएगी। इसके अलावा सीतामढ़ी और न्यू बरौनी रेलवे स्टेशन पर भी त्वरित जल प्रणाली बहाल करने की तैयारी चल रही है। त्वरित जल प्रणाली से पानी की बचत होगी। पुरानी जल प्रणाली से ट्रेनों में पानी भरने के दौरान पानी की काफी बर्बादी होती थी। साथ ही ट्रेनों में पानी भरने में भी काफी समय लगता था। इससे पर्यावरण संरक्षण में भी काफी मदद मिलेगी। रेलवे की नई व्यवस्था के तहत ट्रेनों को पानी के लिए देर तक ठहराव खत्म हो जाएगा। जिन ट्रेनों का पटना जंक्शन एवं अन्य स्टेशनों पर दस मिनट या उससे अधिक ठहराव होगा वहां पर त्वरित जल प्रणाली से आसानी से पानी भर दिया जाएगा।

# एमबीबीएस सप्लीमेंट्री परीक्षा पर उठे सवाल निजी कॉलेज वाले पास तो सरकारी वाले फेल

निज संवाददाता

**पटना।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय (एकेयू) की मूल्यांकन व्यवस्था पर एमबीबीएस विद्यार्थियों ने सवाल खड़ा किए हैं। 2022 बैच के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि सप्लीमेंट्री परीक्षा में लगभग निजी मेडिकल कॉलेजों के विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं, जबकि सरकारी के विद्यार्थी को फेल कर दिए गए। इस तरह की दोहरी नीति विश्वविद्यालय प्रशासन अपना रहा है, जो बिल्कुल गलत है। उनका कहना था कि सभी विद्यार्थियों को समान नजर से देखने की जरूरत है। मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन से बात करने की कोशिश की जाती है तो विद्यार्थियों को भगा दिया जाता है। मामले में बुधवार को काफी संख्या में विद्यार्थी एकेयू पहुंच गए और दोबारा परीक्षा आयोजित करने की मांग करने को लेकर प्रदर्शन करने लगे। मामले में एक दर्जन से अधिक विद्यार्थियों पर सरकारी संपत्ति के नुकसान पहुंचाने की एफआइआर की गई है। परीक्षा 100 अंकों की थी। विद्या र्थियों ने बताया कि फर्स्ट ईयर की परीक्षा में 400 से अधिक विद्यार्थी को सप्लीमेंट्री लगा था। इसमें से 129 के करीब निजी कालेज के विद्यार्थी थे, वे लगभग सभी पास हो गए, जबकि सरकारी कालेजों के विद्यार्थी फेल हो गए। विद्यार्थियों ने कहा कि सत्र 2021 बैच का भविष्य से भी एकेयू प्रशासन खिलवाड़ कर रहा है। मामले को लेकर परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव रंजन से बातचीत करने की कोशिश की गई तो मोबाइल स्विच ऑफ मिला। कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव ने फोन नहीं उठाया। मैसेज करने पर रिप्लाइ भी नहीं मिला। कुलसचिव डा. शंकर कुमार ने बताया कि मामला पूरी तरह परीक्षा विभाग के अधीन है। ऐसे में वह कुछ नहीं बता सकते। एकेयू के एमबीबीएस की बीते पांच मई की परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक हुए थे। जांच में यह बात सामने आई। इसके बाद छात्रों की दूसरी बार परीक्षा ली गई। परीक्षा बोर्ड ने निर्णय लिया था कि इस मामले में एफआइआर कराई जाए, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने अब तक कोई कदम नहीं उठाया है।



## तेजस्वी यादव के विकास कार्यों ने मोदी को बिहार में बार बार आने पर कया मजबूर : मनोज झा

निज संवाददाता

**पटना।** राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा व मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि बिहार में पांच चरणों के चुनाव के बाद बदलाव की ललक स्पष्ट रूप से दिख रही है। बच्चा-बच्चा, चप्पा-चप्पा कह रहा कि नौकरी मतलब तेजस्वी, विकास मतलब तेजस्वी। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी मुद्दों से भटकाने के लिए अब टोटी, लोटा, भैंस, बिजली काटने और मंगलसूत्र छीनने की बात से आगे बढ़कर यह कहने लगे हैं कि उन्हें परमात्मा ने दूत के रूप में भेजा है। पार्टी के दोनों नेता शुक्रवार को राजद कार्यालय में प्रेस से बात कर रहे थे। दोनों नेताओं ने कहा कि संविधान को मानने वाले बिना किसी डर के काम करें और पक्षपात से बचे। दोनों नेताओं ने कहा कि पीएम मोदी जिस तरह की बात कर रहे हैं, वैसे लोगों को घर के लोग भी पसंद नहीं करते हैं और कहते हैं कि अब इन्हें बेहतर चिकित्सा की आवश्यकता है। मनोज झा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी बार-बार बिहार आ रहे हैं। क्योंकि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जो कार्य किए वे उन्हें बिहार आने के लिए मजबूर कर रहे हैं। मोदी जी हताश और निराश हो चुके हैं, इसीलिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं जो जनता के मुद्दे और जनता के हितों से अलग है। इन्होंने सारण चुनाव पर अधिकारियों से कहा कि डरिये मत और किसी के दबाव में काम मत करिये। जिस व्यक्ति की बात सुन रहे हैं वो व्यक्ति अर्श से फर्श पर जल्द ही आने वाला है। सभी अधिकारियों को भारत के संविधान पर विश्वास करके मजबूत संकल्पों के साथ बिना भेदभाव के काम करना चाहिए। कोई भी अधिकारी संविधान के दायरे से बाहर जाकर अपने अधिकार का इस्तेमाल कर रहा है तो उन्हें समझ लेना चाहिए कि संविधान को बचाने वाले इस तरह का प्रतिकार करेंगे। दोनों नेताओं ने कहा कि सच तो यह है कि बिहार में तंत्र-मंत्र और षडयंत्र उनका है और शासन और प्रशासन भी उन्हीं का है, लेकिन भारत का संविधान सभी को बेहतर ढंग से काम करने का अधिकार देता है। अगर कोई गलत करेंगे तो उनपर निगाह है। संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अरूण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा एवं अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र चन्द्रवंशी भी उपस्थित थे।



## जहानाबाद में जदयू सांसद से क्यों गुस्सा हैं पुराने वोटर

**पटना (नि.सं.)।** जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र में जदयू अपने पुराने वोटरों का गुस्सा बदले अंदाज में शांत कर रहा है। सातवें चरण में यहां मतदान होना है और अब मुख्यमंत्री की चुनावी सभा भी जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र में आरंभ हो गयी है। जहानाबाद में जदयू के पुराने वोटर का गुस्सा इस बात को लेकर है कि उनके सांसद उनके पास नहीं आए। गुस्से का एक कोण यह भी है कि जिस दबंग जाति के लोगों ने जदयू को पिछली बार वोट दिए थे, उस जाति से प्रत्याशी नहीं मिला। वैसे इस पर भी आश्वासन मिलने की बात चर्चा में है। गुस्से के हर एक कोण को जदयू ने नेतृत्व के स्तर से शांत करने की कोशिश की जा रही। जिस जाति के लोग जहानाबाद में जदयू प्रत्याशी से गुस्सा हैं, उन्हें यह समझाया जा रहा कि अगर गुस्से में वह अपना वोट किसी दूसरे को दे देते हैं तो जीत उसे मिल जाएगी, जो उनकी पसंद नहीं है। ऐसे में यह उन्हें तय करना है कि उनका गुस्सा उन पर हावी रहेगा या फिर कुछ और। पुराने वाकये को भी याद दिलाया जा रहा है। पटना से जो नेता जहानाबाद जाकर कैंप कर रहे उनकी कोशिश उन गांवों में विशेष रूप से घूमने की रहती है, जहां से उसके पुराने वोटों में बिखराव की सूचना मिलती है।

# युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या सीसीटीवी फुटेज से मिले ये अहम सुराग

निज संवाददाता

**पटना।** राजधानी पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र स्थित रामनगर मोड़ के पास गुरुवार की सुबह लोगों ने 25 वर्षीय युवक को चोरी के संदेह में दबोच लिया और लाठी डंडे से पिटाई कर उसकी हत्या कर दी। उसका शव रामनगर मोड़ से कुछ दूर आगे चबूतरा के पास मिला। पुलिस छानबीन में जुट गई। थानेदार एचएन सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज जांच के बाद पता चला कि वह पटना जंक्शन की तरफ से रामनगर स्थित एक बिल्डिंग के पास आया था। फुटेज में यह भी दिखा कि दो युवक लाठी डंडे से उसकी पिटाई कर रहे हैं और चार नाबालिग भी वहीं पर खड़े हैं। दोनों युवक बिल्डिंग में किराएदार बताए जा रहे हैं, जो घटना के बाद से फरार हैं। मामले में हत्या का केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है। पूछताछ में पता चला कि वह स्टेशन के आसपास ही रहता था। संभावना जताई जा रही है कि उसके साथ एक अन्य भी था, जो फरार हो गया। उसके स्वजनों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। शव को 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है। युवक के हाथ पर टैटू बना था, जिस पर विक्की के और मां लिखा हुआ था। रामनगर में प्रह्लाद का चार मंजिला मकान है। उसमें कई किरायेदार रहते हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार की रात विक्की अपने साथी के साथ उस मकान में घुस गया। मकान के नीचे लोहा और अन्य पुराना सामान रखा हुआ है। वहीं, एक कमरे में रहने वाले लोग घर में नहीं थे। लोहा या अन्य सामान चोरी की नियत से दोनों मकान में घुसे थे। एक किरायेदार का मोबाइल के संदेह में विक्की को दबोच लिया। शोर सुनकर मकान में रहने वाले अन्य लोग भी जाग गए। युवक की पिटाई कर उसे सुबह तक बिठाए रखा। इस बात की सूचना किसी ने थाने में नहीं दी। सुबह करीब साढ़े आठ बजे स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद उसे छोड़ दिया। वह वहां से भागकर जक्कनपुर थाने की तरफ जाने लगा। इसके बाद दो युवक और तीन चार नाबालिग पीछे से लाठी डंडा लेकर आए और रेस्टोरेंट के पास उसकी पिटाई कर दी। वह घायल अवस्था में पास के ही चबूतरा पर गिर गया। इसके बाद सभी आरोपित वहां से भागते हुए दिखे। कुछ देर बाद घायल युवक की मौत हो गई। शुरुआती जांच में पुलिस के सामने कोई कुछ भी बोलने से बच रहा था। पुलिस की दो टीम आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई। फुटेज से पता चला कि वह बुधवार की रात करीब तीन बजे स्टेशन की तरफ से रामनगर आते दिखा। दूसरा फुटेज में सुबह करीब आठ बजे घटनास्थल के पास का मिला, जिसमें कुछ लोग लाठी डंडे लेकर चोर चोर कहते हुए विक्की का पीछा करते दिखे। वहीं, लोग उसकी पिटाई कर रहे थे। वहां चबूतरा के पास गिर गया तो सभी वहां से भाग गए। इसके बाद पुलिस प्रह्लाद के मकान पर गई। पिटाई के दौरान एक लाल रंग का शर्ट पहने हुए युवक भी दिखा जो उसके मकान में किराएदार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।



## एनटीए जल्द ही नीट यूजी आंसर-की जारी करेगा रिजल्ट

**पटना/मुजफ्फरपुर (नि. सं.)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) नीट यूजी पांच मई को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में देशभर के 24 लाख विद्यार्थियों ने भाग लिया है। अब इन उम्मीदवारों को नीट आंसर-की का इंतजार है। एनटीए जल्द ही नीट यूजी आंसर-की जारी करेगा। आंसर की डाउनलोड कर सकेंगे। 28 मई को आंसर नीट आंसर-की से उम्मीदवार अपने नीट स्कोर का भी अंदाजा लगा सकते हैं। आंसर की आपत्ति के बाद जून पहले सप्ताह में रिजल्ट जारी होने की उम्मीद है। जून के अंतिम सप्ताह से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। नीट यूजी स्कोर 2024 का उपयोग देश भर के मेडिकल और डेंटल कॉलेजों में एमबीबीएस, बीडीएस कोर्सों में प्रवेश के लिए किया जाता है। नीट 2024 का प्रश्न पत्र कुल 720 अंकों का था, जिसमें फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉटनी, जूलाजी से प्रश्न थे। आरबीबीएम कॉलेज में सात नए वैल्यू एडेड कोर्स शुरू होंगे। छह माह की अवधि वाले डिप्लोमा-सर्टिफिकेट कोर्स से छात्राओं का कौशल विकास होगा। इन कोर्सों के संचालन के लिए कॉलेज की ओर से विश्वविद्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। अगले दो दिनों में कोर्स के बायलाज से लेकर संचालन के लिए संस्थान में उपस्थित आधारभूत संरचना समेत अन्य की रिपोर्ट विश्वविद्यालय के इंस्पेक्टर आफ कालेजेज साइंस कार्यालय में उपलब्ध करानी है।

# उद्यमियों ने क्यों दी आत्मदाह की चेतावनी, बियाडा के इस फरमान से भारी आक्रोश

निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर के बेला औद्योगिक क्षेत्र के फेज 2 स्थित गारमेंट क्लस्टर के उद्यमी बियाडा अधिकारियों के नये फरमान से आक्रोशित हैं। उन्होंने गारमेंट क्लस्टर शेड खाली कराने पहुंचे बियाडा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों का विरोध किया। बियाडा प्रबंधन के निर्णय को अव्यवहारिक बताते हुए आदेश वापस नहीं लेने पर आत्मदाह तक की धमकी दी। सीएम नीतीश कुमार की पहल पर इस क्लस्टर की शुरुआत की गई थी। लेकिन बिहार औद्योगिक विकास प्राधिकार के रवैये से उद्यमियों में जबरदस्त नाराजगी है। इस क्लस्टर में अपनी इकाई स्थापित करने वाले गोपालगंज के उद्यमी विकास कुमार ने बताया कि करीब 150 लोग मुख्यमंत्री उद्यमी विकास योजना के तहत इस क्लस्टर में इकाई चला रहे हैं। चुने गए आवेदकों को सरकार ने पहले प्रशिक्षण दिया। इसके बाद बियाडा के माध्यम से एग्रीमेंट करने के बाद जगह आवंटन का काम चला। गारमेंट क्लस्टर में रेडीमेड कपड़े का करोबार शुरू करने के लिए 15 साल के करार पर पांच शेडों में जगह दी गई। उनको भी 550 वर्ग फीट जगह मिली, जिसके बाद मार्च से उन्होंने मशीन आदि लगाना शुरू किया, लेकिन पिछले तीन दिन से बियाडा के अधिकारी इस जगह को खाली कराने का दबाव बना रहे हैं। इससे उद्यमी परेशानी में पड़ गए हैं। विकास के अलावा मुंगेर के अशोक कुमार, मुजफ्फरपुर की वंदना कुमारी, रोहतास की कांति कुमारी सहित 50 से ज्यादा उद्यमियों ने बताया कि गुरुवार को भी बियाडा के एक अधिकारी आलोक रंजन पुलिस बल के साथ आकर मशीनों को बाहर फेंकने लगे। एग्रीमेंट दिखाने पर परिणाम भुगतने की चेतावनी दे चले गए। उनका कहना था कि बड़ी उम्मीद से कोरोना काल में हमलोगों में से अधिकतर ने दूसरे प्रदेश में नौकरी छोड़ यहां उद्योग लगाने की सोची थी, लेकिन अधिकारियों के इस तरह के रवैये से निराशा हो रही है। यही स्थिति रही तो अब हमारे सामने मरने के सिवा और कोई दूसरा रास्ता नहीं है।



# यूं ही नहीं करता कोई किसी पर शक, दिमाग का केमिकल लोचा, क्या सिजोफ्रेनिया का इलाज है संभव

निज संवाददाता

**पटना।** भागमभाग वाली आधुनिक जीवनशैली व पर्यावरण मानसिक स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं। ऐसा ही एक मानसिक रोग है सिजोफ्रेनिया। इसके मरीज को काल्पनिक आवाजें व दृश्य दिखाई पड़ते हैं, उसके अंदर ये शक बैठ जाता है कि कोई उसे जहर देकर मारना चाहता है। वह भगवान के दिखने या उनकी बातें सुनाई देने का दावा करता है। हमेशा मरने या अनहोनी का डर सताता है, यहां तक कि उसके घरवाले भी धीमी आवाज में बातें करते हैं तो उसे यही अहसास होता कि उसके खिलाफ साजिश कर रहे हैं। अब छह माह में ये रोगी पूरी तरह स्वस्थ हो जाते हैं। ये बातें आइजीआइएमएस की वरिष्ठ मनोचिकित्सक डा. निष्का सिंह व मनोवैज्ञानिक परामर्शी प्रिया कुमारी ने गुरुवार को विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस की पूर्व संध्या पर कहीं। आमजन को इस रोग से आगाह करने के लिए शुक्रवार को आइजीआइएमस समेत कई जगह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। डा. निष्का सिंह के अनुसार, देश व प्रदेश में हर सौ लोगों में से एक स्त्री या पुरुष सिजोफ्रेनिया का रोगी होता है। 20 से 35 वर्ष के लोग इसकी चपेट में अधिक आते हैं। वहीं निजी मनोचिकित्सकों के अनुसार हाल के वर्षों में पटना जिले में सिजोफ्रेनिया के रोगी तेजी से बढ़े हैं। यहां हर 10 में से एक व्यक्ति को सिजोफ्रेनिया की चपेट में आने का खतरा है। आपाधापी भरी जिंदगी से बढ़े तनाव और उसके कारण मस्तिष्क में डोपामाइन रसायन का स्तर बढ़ने या घटने को इस रोग का प्रमुख कारण माना जाता है। इसके अलावा कुछ लोगों को पर्यावरणीय तो कुछ को आनुवंशिक कारणों से यह रोग होता है। इससे भी घातक यह कि इसके रोगी खुद को मरीज नहीं मानते इसलिए रोग गंभीर होने तक दवा नहीं खाते हैं। मनो परामर्शी प्रिया कुमारी ने कहा कि दवा व काउंसलिंग से सिजोफ्रेनिया तेजी से ठीक होने वाला रोग है। इसमें परिवार के सदस्यों की भी काउंसलिंग जरूरी है क्योंकि रोगी की इच्छाशक्ति बढ़ाने में उनकी अहम भूमिका होती है।



## अब राजधानी पटना के पार्कों में सुविधा दिलाएगी एंट्री

**पटना।** पटना शहर के पार्क में टिकट काउंटर पर पेमेंट क्यूआर कोड लगा दिया गया। मोबाइल से स्कैन कर यूपीआइ से भुगतान कर हार्ड कापी में प्रवेश टिकट उपलब्ध करा दिया जाएगा। टिकट लगने वाले सभी पार्कों में लागू होगी। ट्रायल सफल रहा है। पटना पार्क प्रमंडल का बैंक के साथ समझौता के अनुसार, कार्ड बनाने का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। राजधानी वाटिका सहित बड़े पार्कों में प्रति शिशु 10 रुपये और प्रति व्यस्क 20 रुपये है, जबकि छोटे पार्कों में प्रति शिशु पांच रुपये और प्रति व्यस्क 10 रुपये शुल्क लगता है। शहर के 104 पार्कों में सिर्फ 14 पार्कों में प्रवेश शुल्क लगता है। एजी कालोनी पार्क, लोहिया पार्क कंकड़बाग सहित अन्य पार्कों में प्रवेश शुल्क लगाने की योजना है।

# लू से बचाने के लिए बूथों पर पिलाई जाएगी दवा महज दो बूंद ही हीट स्ट्रोक पर सीधे करेगी वार

निज संवाददाता

**पटना।** मतदान के दिन यदि तेज धूप हो तो उससे डर कर अपने अधिकार प्रयोग से वंचित रहने की जरूरत नहीं है। सिविल सर्जन की ओर से हर बूथ पर ओआरएस घोल पिलाने का प्रबंध है तो राज्य आयुष समिति ने होमियोपैथी दवा ग्लोनोनियम 200 उपलब्ध कराई है। यह दवा हीट स्ट्रोक यानी लू के लक्षण दिखने पर काफी प्रभावी होती है। राज्य आयुष समिति के नोडल पदाधिकारी वैद्य डा. धनंजय शर्मा ने बताया कि हर बूथ पर ग्लोनोनियम 200 दवा भिजवा दी गई है। सिविल सर्जन व राज्य आयुष समिति की टीम मतदान कर्मियों व मतदाताओं को लू से बचाव के लिए इस दवा की दो बूंद देंगे। सारण में आमचुनाव के दौरान हर बूथ पर सभी को इस दवा की दो बूंद दी गई थीं। डा. धनंजय शर्मा ने बताया कि आजकल तापमान कुछ ठीक है लेकिन 25 मई या एक जून को कैसी धूप रहेगी किसी को नहीं पता है। गर्मी के दिनों में लू-हीट स्ट्रोक एक सामान्य रोग है। इसका तुरंत उपचार नहीं होने पर रोगियों में गंभीर लक्षण उभर सकते हैं। होमियोपैथी की इस दवा को लेने से लू लगने का खतरा बहुत कम हो जाता है। इसके अलावा यदि मतदान करने आए लोगों को धूप के कारण सिरदर्द, चक्कर, बुखार, घबराहट, शरीर का तापमान बहुत बढ़ गया हो, मिचली आए, धड़कन बढ़ जाए या बीपी बढ़ने के साथ सांस लेने में तकलीफ हो तो इस दवा की दो बूंद काफी कारगर साबित होती हैं।



# विचार-मंथन

## संपादकीय

# मौसम की मार

भारत में इन दिनों मौसम चिंता की एक वजह बना हुआ है। मौसम के मिजाज में खासा अंतर दिख रहा है। कहीं भयानक लू है, तो कहीं वर्षा से सामान्य जनजीवन प्रभावित है। दिल्ली में तो अस्थिर किस्म का मौसम है, कभी खूब गरमी, तो कभी राहत की कुछ फुहारें। मुंबई का भी ऐसा ही हाल है। तापमान एक दशक का रिकॉर्ड तोड़ रहा है, तो कहीं बारिश राहत बन बरस रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में उत्तर भारतीय राज्यों में गंभीर गरमी का एहसास होगा। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, इसका मतलब है कि कमजोर स्वास्थ्य के लोगों को विशेष रूप से सावधान रहना होगा। जो लोग बदलते मौसम के साथ कमजोरी महसूस करते हैं या पहले से ही बीमार हैं, उन्हें विशेष रूप से गरमी से बचने के इंतजाम करने पड़ेंगे। साथ ही, जो लोग स्वस्थ हैं, उन्हें भी धूप से बचने के प्रबंध के साथ ही घर से निकलना होगा। मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि उत्तर-पश्चिम भारत में अगले पांच दिनों तक उमस भरी स्थिति रहेगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। पुनः आगाह किया गया है कि जो लोग कड़ी मेहनत करते हैं या धूप में बहुत समय बिताते हैं, उन्हें गरमी से संबंधित बीमारियों का खतरा अधिक हो सकता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में भी पारा सामान्य से काफी ऊपर चल रहा है, जिसका असर घर से खेत तक साफ दिखाई पड़ रहा है। विशेषज्ञों का अनुमान है, आने वाले दिनों में गरमी का कहर जारी रहेगा और यह कुछ जगहों पर समय के साथ बढ़ भी सकता है। झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भी लोगों को चेताया गया है। कुछ जगहों पर बारिश की संभावना है, पर ज्यादातर इलाके बारिश के लिए तरसेंगे। गरम हवा का स्तर भी कम हो रहा है, जिससे धरती की तपन बढ़ी है। आईएमडी के महानिदेशक एम महापात्रा ने भी बता दिया है कि अगले सात दिन गरमी रहेगी। वैसे, गौर करने की बात है कि मौसम विभाग ने मई महीने में सामान्य से ज्यादा तापमान की भविष्यवाणी पहले ही कर दी थी। एक बड़ी चिंता की बात यह है कि तापमान का असर चुनाव और मतदान पर भी खूब पड़ेगा। मतदान का प्रतिशत अभी भी चर्चा की एक बड़ी वजह बना हुआ है। चुनाव आयोग को मतदान केंद्रों पर भी विशेष प्रबंध करने पड़ सकते हैं, ताकि दूर से मतदान के लिए आया कोई व्यक्ति प्रतिकूल मौसम की वजह से परेशान न हो। सेहत से कमजोर लोगों के लिए ज्यादा बेहतर यही है कि सुबह के समय ही मतदान कर दें। क्या सुबह और शाम के समय मतदान का समय बढ़ाया जा सकता है अगर ऐसा होता है, तो लोगों को मतदान केंद्रों तक लाने में सुविधा होगी। हालांकि, यह अच्छी बात है कि चुनाव के प्रमुख चार बड़े चरण पूरे हो चुके हैं। दक्षिण भारत में मतदान संपन्न हो चुका है और वहां अनेक इलाकों में गरज के साथ बारिश हो रही है। वैसे, मानसून के रविवार को दक्षिण अंडमान सागर, बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीप समूह में प्रवेश करने का अनुमान है। यह विडंबना ही है कि मौसम विभाग ने तमिलनाडु के लिए बाढ़ की चेतावनी जारी की है। यह शायद हमारे देश के भूगोल की ही विशेषता है कि जब उत्तर भारत ताप से तप रहा होगा, तब दक्षिण भारत के साथ ही, पूर्वोत्तर भारत झमाझम भीग रहा होगा।

# मौसम जब मौत का कारण बन जाए

(शशि शेखर)

आंख खोलते ही सबसे पहले खिड़की का परदा हटाने की आदत है, ताकि सूरज की रोशनी रात की खुमारी दूर कर सके। आजकल ऐसा नहीं हो पा रहा। शीशे के उस पार सूर्य की उजली किरणों की जगह सिर्फ और सिर्फ वायु प्रदूषण की गहरी मोटी परत दिखाई पड़ती है। मेरे जैसे हजारों आशावादियों के सबेरे इसीलिए इन दिनों आशा की जगह निराशा के प्रतीक बन गए हैं। यह अभिशाप दिल्ली अथवा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र अकेला नहीं भोग रहा, हमारे देश के बड़े हिस्से की हवा जहरीली हो गई है। एक शोध के अनुसार, भारत में हर साल 21 लाख लोग सिर्फ वायु प्रदूषण जनित रोगों से असमय मर जाते हैं। चीन इस मामले में भी हमसे आगे है, पर शेष विश्व की हालत भी कुछ खास अच्छी नहीं। दुनिया में दूषित वायु 51 लाख जीवन लील जाती है। कोरोना के बाद इस रफ्तार में और तेजी आई है। इस वैश्विक महामारी के बाद दुनिया में जीवाश्म ईंधन की खपत में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई। अब यह वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण बन गया है, जिससे तापमान में जबरदस्त बढ़ोतरी हो रही है। यह अकारण नहीं है। गुजरता 2023 सवा लाख साल की लंबी इंसानी सभ्यता के दौर में सबसे गरम साल साबित होने जा रहा है। 'यूनाइटेड नेशन एनवायर्नमेंट प्रोग्राम' (यूएनईपी) के अनुसार, सदी के अंत तक हमारी धरती का तापमान ढाई से तीन डिग्री तक बढ़ सकता है। वह जब बढ़ेगा, तब बढ़ेगा, लेकिन बला की गरमी अभी से लोगों की जिंदगियां लील रही है। बेतहाशा बढ़ती गरमी की वजह से बुजुर्गों की मौत के मामले में पिछले तीन दशकों में 85 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। इसके चलते लोग जलावतनी तक के लिए मजबूर हो रहे हैं। हालांकि, अभी यह प्रवृत्ति शुरुआती दौर में है, मगर हालात और बिगड़े, तो संसार के तमाम देशों को शरणार्थियों की नई खेप के लिए तैयार रहना होगा। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हवा की गुणवत्ता और गरमी पर दुष्प्रभाव पड़ा है, अब हर मौसम चरम पर पहुंचने लगा है। हमारा अपना देश साल के शुरुआती नौ महीनों में लगभग हर दिन मौसमी ज्यादतियों का गवाह बना है। भारतीयों की कुल आबादी में 80 फीसदी लोग ऐसे हैं, जो आए दिन जलवायु असंतुलन से प्रभावित हो रहे हैं। पिछले एक साल के दौरान बेंगलुरु, विशाखापट्टनम और ठाणे जैसे शहर इससे बेतरह आक्रांत हुए। कभी इनको अपनी अच्छी आब-ओ-हवा के लिए जाना जाता था। मौसम का बेमौसमी परिवर्तन सिर्फ हमारे या आपके स्वास्थ्य पर असर नहीं डाल रहा, बल्कि उसकी मार जेब पर भी पड़ रही है। पिछले साल मौसम की ज्यादती के कारण दुनिया में 360 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। अर्थशात्रियों का अनुमान है कि अगर इसे रोकने के लिए तत्काल कदम नहीं उठाए गए, तो अगले 25 से 30 सालों में वैश्विक जीडीपी में सालाना 4.4 फीसदी तक की गिरावट आ सकती है। यह आर्थिक बदहाली भय, भूख और गरीबी को बढ़ावा देगी। नतीजतन, करोड़ों लोगों की जिंदगियां छिन्न-भिन्न हो जाएंगी। यहां यह भी गौरतलब है कि शेष दुनिया की तुलना में दक्षिण एशिया को तीन गुना ज्यादा नुकसान झेलना पड़ सकता है। दुर्भाग्य से हम और आप धरती के इसी बदनसीब हिस्से में बसते हैं। धरती के बाशिंदों के भोजन के लिए किसान को अन्न उपजाना पड़ता है। कृषि के लिए जमीन के बाद अगर कुछ सर्वाधिक जरूरी है, तो वह है जल। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि हम जितना जल धरती से खींचते हैं, उसका 70 फीसदी सिर्फ कृषि कार्यों में लग जाता है। यही हाल रहा, तो अगले दो सालों में दुनिया अकल्पनीय भूजल संकट से दो-चार होने जा रही है। हमारे अपने देश भारत के तमाम महानगर अभी से इस संकट से दो-चार हो रहे हैं। वह दिन दूर नहीं, जब हमें पानी की राशनिंग और उसकी कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी का सामना करना पड़ सकता है। गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, कावेरी, कृष्णा और गोदावरी जैसी सदानीराओं के देश की संतानें अभी तक इस मसले पर अनमनी आत्मघाती तंद्रा की जकड़ में हैं। वे इतनी छोटी सी बात भूल गई हैं कि सिर्फ 1990 के दशक तक मंझोले-छोटे शहरों और गांवों में कोई बोतल बंद पानी खरीदने की सोच भी नहीं सकता था। भारत में बोतल बंद जल का पहला प्लांट वर्ष 1965 में ठाणे में स्थापित किया गया था। तब किसी ने सोचा भी न था कि गंगा-यमुना के देश में पांच दशक बीतते न बीतते वह हमारी जिंदगी की जरूरत बन जाएगा। मुफ्त और शुद्ध पेयजल तेजी से अतीत की बात होता जा रहा है। रही बात कल-कल बहती नदियों की, तो वे खुद इतिहास का विषय बनती जा रही हैं। समूची दुनिया की नदियों के बहाव में कमी दर्ज की जा रही है। वे तेजी से अपना रास्ता भी बदल रही हैं। पिछले वर्ष नदियों के सामान्य प्रवाह में पचास फीसदी से अधिक परिवर्तन दर्ज किया गया है। इसके साथ ही साठ फीसदी जलाशयों में कम या सामान्य प्रवाह दर्ज किया गया। क्या अब भी कोई मानेगा कि यह संकट आज नहीं, तो कल खुद-ब-खुद खत्म हो जाएगा यहां एक आश्चर्यजनक तथ्य से भी आपको रू-ब-रू कराना चाहूंगा। समूची दुनिया में जैसे-जैसे आर्थिक असमानता बढ़ रही है, वैसे-वैसे ही धनकुबेरों द्वारा कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ रहा है। एक शोध के अनुसार, दुनिया के एक फीसदी अमीर जितना कार्बन उत्सर्जन एक वर्ष में करते हैं, उतने के लिए समूची धरती के निर्धनों को पंद्रह सौ वर्ष काम करना होगा। यही वैषम्य अमीर और गरीब मुल्कों के बीच में भी पाया जाता है। आज जो विकसित देश विकासशील देशों पर तरह-तरह के अंकुश डालना चाहते हैं, वे ही मुख्य तौर पर इस वैश्विक आपदा के जिम्मेदार हैं। हालांकि, अब दोष देने का नहीं, बल्कि युद्ध-स्तर पर काम करने का समय आ गया है। भरोसा न हो, तो किसी सुबह उठकर घर से बाहर निकलिए और गहरी सांस लेने की कोशिश कीजिए, आपको सब समझ में आ जाएगा। हम प्रकृति की पैदाइश हैं। हमें बचाए और बनाए रखने के लिए उसने पानी, हवा, उजाला, वृक्ष और फसलें उपलब्ध कराईं, अगर आज वे खतरे में हैं, तो मान लीजिए कि आप सर्वाधिक संकट में हैं।

> *हमारे अपने देश भारत के तमाम महानगर अभी से इस संकट से दो-चार हो रहे हैं। वह दिन दूर नहीं, जब हमें पानी की राशनिंग और उसकी कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी का सामना करना पड़ सकता है। गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, कावेरी, कृष्णा और गोदावरी जैसी सदानीराओं के देश की संतानें अभी तक इस मसले पर अनमनी आत्मघाती तंद्रा की जकड़ में हैं। वे इतनी छोटी सी बात भूल गई हैं कि सिर्फ 1990 के दशक तक मंझोले-छोटे शहरों और गांवों में कोई बोतल बंद पानी खरीदने की सोच भी नहीं सकता था।*

# लू के थपेड़ों से जिंदगी की जंग हार है जाते हैं डेढ़ लाख से अधिक लोग

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)

हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है। बात भले ही अजीब लगे पर यह सचाई है कि लू के थपेड़ों से डेढ़ लाख से अधिक लोग जिंदगी की जंग हार जाते हैं। वैसे तो दुनिया के सभी देश इससे प्रभावित हो रहे हैं पर भारत, रुस और चीन इससे सर्वाधिक प्रभावित हैं। प्रकृति का अत्याधिक और अंधाधुंध दोहन का परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसा नहीं है कि धरती के बढ़ते तापमान से दुनिया के देश चिंतित ना हो या इससे बेखबर हो पर इसे संतुलित करने के प्रयासों में जो लक्ष्य हासिल किया जाना था वह अभी दूर की कोड़ी ही सिद्ध हो रहा है। हालात बेहद चिंतनीय और गंभीर है। भारत के साथ-साथ ही दुनिया के देश अब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से दो चार होने लगे हैं। बेमौसम बरसात, तेज गर्मी, तेज सर्दी, आए दिन तूफानों का सिलसिला, भू स्खलन, सुनामी, ग्लेसियरों से बर्फ का तेजी से पिघलना, भूकंपन, जंगलों में आए दिन दावानल और ना जाने क्या-क्या दुष्परिणाम सामने आते जा रहे हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि मौसम के समय व अवधि में भी तेजी से बदलाव होता जा रहा है। कब बरसात आ जाएं तो कब तेज गर्मी और कब सर्दी के तेवर तेज या कम हो जाते हैं यह पता ही नहीं चल रहा है। सबसे चिंतनीय बात यह है कि हीटवेव की चपेट में आने से लोगों की मौतों में तेजी से इजाफा होने लगा है। देखा जाए तो यह हीटवेव मौत का कारण बनने लगी है। हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों में केवल लू के थपेड़ों की लपेट में आने से एक लाख 54 हजार से अधिक व्यक्ति अपनी जान गंवा देते हैं। प्रति दस लाख में से 236 व्यक्तियों की मौत हीटवेव के कारण हो रही है। रिपोर्ट की माने तो इनमें से हर पांचवां जान गंवाने वाला व्यक्ति भारतीय है। यह अपने आप में चिंतनीय और गंभीर है। यह अध्ययन भी 43 देशों के 750 स्थानों के तापमान के अध्ययन के आधार पर है। अध्ययन कर्ताओं के अनुसार पिछले 30 सालों में हीटवेव के कारण मौत के आंकड़ें में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय मौसम विभाग की माने तो पूर्वी भारत में 1901 के बाद सर्वाधिक गर्मी इस साल अप्रैल में रिकॉर्ड की गई है। प. बंगाल में 2015 के बाद अप्रेल में सर्वाधिक लू के थपेड़ों को झेलना पड़ा है। इस तरह के कमोबेस हालात दुनिया के अधिकांश देशों में देखे जा सकते हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि समुद्र का जल स्तर बढ़ता जा रहा है और उसके परिणाम स्वरुप समुद्र के किनारे बसे शहरों का अस्तित्व तक संकट में आने लगा है। दरअसल यह सारी समस्या मानव जनित समस्या है। अधांधुंध शहरीकरण, पेड-पौधों के जंगलों के जगह लोह कंक्रिट के खड़े होते जंगल, जन संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी और कार्बन् उत्सर्जन में लगाम लगाने में विफलता के परिणाम सामने आते जा रहे हैं। जैविक विविधता प्रभावित होती जा रही है। आधुनिकीकरण के नाम पर नित नए प्रयोग होने लगे हैं। जलवायु को प्रभावित करने वाले उत्पादों का उपयोग बेतहासा बढ़ा है। दुर्भाग्यजनक हालात यह है कि जिस उत्पाद को हम आज उपादेय बता रहे हैं एक समय बाद वहीं उत्पाद से होने वाले नुकसान गिनाने लगते हैं। दूसरी और वातावरण की नमी को समाप्त कर तापमान बढ़ाने में इन उत्पादों की खास भूमिका हो रही है। इन सबके साथ ही इंसानी गतिविधियों में बदलाव होने के साथ ही दखल बड़ा है। एक समय था जब बड़े जोर शोर के साथ पोलिथीन को उतारा गया और आज दुनिया के देश पालिथीन से मुक्ति चाहने लगे है। इसका कारण भी साफ है लोगों को पोलिथीन से होने वाले नुकसान का पता चलने लगा है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5380

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 7 | 4 | | | |
| | 1 | | | | | 4 | | |
| 6 | 7 | | 9 | | 5 | | | |
| | 8 | | 2 | | 6 | | | |
| | 6 | | 8 | 4 | 7 | | 2 | |
| | | | 5 | | 1 | | 8 | |
| | | | 7 | | 8 | | 9 | 2 |
| | | 6 | | | | | 1 | |
| | | | 4 | 1 | | | 5 | 8 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5379

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 7 | 8 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 |

## वर्ग पहेली 5380



संकेतः बाएं से दाएं

1. यह अंतरजाल पर स्थित एक निशुल्क सामाजिक नेटवर्किंग सेवा है (4)
4. मुगल शासक शेरशाह का असली नाम यह था, उसे शेर खां की उपाधि बहार खां लोहानी ने दी थी (3)
7. आसमान, गगन, अंबर, आकाश (3)
8. पुरुषोत्तम मास, अधिमास (4)
9. स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती (3)
10. कैदखाना, बंदीगृह, कारागृह (2)
11. फल आदि के अंदर का गुदगुदा भाग, किसी चीज के अंदर का गोला गाढ़ा सार भाग, मज्जा (2)
14. मन प्रसन्न करने की क्रिया, क्रीड़ा, विलास (3)
16. दो की संख्या, निग्रह (2)
18. तनने की क्रिया, खिंचाव, ढंग (3)
20. ग्राम, गांव (3)
22. मुर्गे आदि पक्षी के सिर पर निकला हुआ बालों का गुच्छा (3)
24. वन में उत्पन्न वस्तु (3)
25. संगीत का ऋषभ सूचक शब्द (1)
26. धातु को पीट और खींचकर बनाया गया तागा या तुंत, टेलीग्राम (2)

ऊपर से नीचे(2)

1. श्वसन तंत्र संबंधित एक अंग (3)
2. सिलवट, सिकुड़न, ऐंठ (2)
3. पुस्तक विक्रेता को अंग्रेजी में यह कहते है (5)
4. नतीजा, परिणाम, कर्मों का भोग (2)
5. एक दिवंगत चरित्र अभिनेत्री (4)
6. दो अंकों की सबसे छोटी संख्या (2)
8. मतों की गिनती (5)
12. आंचल या पल्ला पकड़ने वाला (5)
13. सुप्रसिद्ध कृति गीत-गोविंद के रचयिता (4)
15. राय, दार्शनिक प्रणाली, वोट, अभिप्रेत (2)
17. विशाल, श्रेष्ठ, बहुत बड़ा (3)
19. बगला नामक पक्षी को यह भी कहते है (2)
21. दारचीनी जाति का एक वृक्ष जिसकी छाल औषधि बनाने की काम आती है (2)
23. कोमल कांड, सुंदर स्त्री, सुप्रसिद्ध स्वर साम्राज्ञी (सिर्फ आरंभिक नाम) (2)

### वर्ग पहेली 5379 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्पे | न | ■ | अ | ज | ■ | ■ | ■ |
| श | म | क | ■ | ल | ह | रा | ना |
| ल | क | वा | ■ | ज | य | मा | ला |
| ■ | ह | य | शा | ला | ■ | नु | ■ |
| फौ | ला | द | ■ | ■ | मा | ज | रा |
| ज | ल | ■ | अ | म | न | ■ | शि |
| ■ | ■ | बा | जा | ■ | हा | थ | ■ |
| प्र | ज | न | न | ■ | नि | ल | य |

# आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन सम्मान से भरा होगा और हर कार्य सरलता से पूर्ण होने पर आपका मन प्रसन्न होगा। कारोबार में कोई नई डील फाइनल हो सकती है और ऑफिस में भी आपके लिए सम्मान प्राप्ति के योग बन रहे हैं। सरकारी विभाग में आपका अटका हुआ हर कार्य पूर्ण होगा। भौतिक विकास के योग काफी अच्छे हैं और आपकी सुविधाओं में भी वृद्धि होगी।

### वृष
आज भाग्य साथ दे रहा है और आप कारोबार में कुछ नई योजनाओं पर काम कर सकते हैं। कहीं यात्रा पर जाने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा और आपको खुशी होगी। आपको किसी कानूनी मामले में सफलता मिलेगी और आपके लिए स्थान परिवर्तन के शुभ योग बन रहे हैं। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और बेहतर होगा कि आज का दिन सावधानी और संयम के साथ बिताएं। आसपास के लोगों से सावधान रहें और बिना वजह के विवाद में न पड़ें। अपने भाग्य पर भरोसा रखें और आत्म विश्वास के साथ कार्य करें।

### तुला
आज का दिन क्रिएटिविटी से भरा होगा और आज आपको कोई रुका कार्य पूरा करने में दूसरों से मदद मिलेगी। ऑफिस में आपको हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगी। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। कुछ वक्त आराम के लिए और खुद के लिए भी निकाल पाएंगे और आज आपके दिमाग में कुछ नई योजनाएं रहेंगी।

### वृश्चिक
आज का दिन प्रभावशाली होगा और आपको हर मामले में लाभ होने के योग हैं। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं और आपको नए प्रॉजेक्ट में सफलता मिलने के योग हैं। ज़मीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। लेकिन आपको उनकी बातों पर ध्यान नहीं देना है।

### धनु
आज का दिन व्यस्तता से भरा होगा और आपको कुछ जरूरी कार्य पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं। लेकिन उनको सफलता नहीं मिलेगी। रात का वक्त फायदे में बीतेगा। आपके धन में वद्धि के योग बन रहे हैं और कारोबार में भी लाभ होगा।

### कर्क
आज का दिन करियर के मामले में सफलता से भरा होगा। आप जो भी काम मेहनत के साथ करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। ऑफिस में आपके लिए अच्छा माहौल रहेगा और लोग आपके विचारों का स्वागत करेंगे। रात्रि में किसी सार्वजनिक समारोह में जाने के अवसर मिलेंगे तो आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### सिंह
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको मौसम में हो रहे बदलाव से सावधान रहने की जरूरत है। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच समझ कर करें। आपको आज कोई बड़ा नुकसान हो सकता है।

### कन्या
आज आपको सफलता मिलेगी। मुनाफा अच्छा होने से आपका काम अच्छा चलेगा और काम को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में लेने से बचें। वरना आपसे गलती हो सकती है। सेहत पर ध्यान दें।

### मकर
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए कार्यशील रहें। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनंद मिलेगा। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी। आपके धन में वृद्धि होगी।

### कुंभ
आज करियर के मामले में लाभ होगा। बस आपको थोड़ा सा सतर्कता से काम करने की जरूरत है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएंगे तो आपको बड़ा लाभ होगा। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए काम में हाथ डालेंगे तो आपको सफलता प्राप्त होगी। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। बेहतर होगा कि आप अपने काम पर ध्यान दें और फालतू की बातों से बचें।

### मीन
आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने से आपको लाभ होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर सही किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक आप कमी रही है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की मदद करें तो आपको पुण्य मिलेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### अब 30 जून को रिटायर होने वाले रेलकर्मियों को भी मिलेगा इंक्रीमेंट, रेलवे बोर्ड ने जारी किया आदेश

**जमशेदपुर, एजेंसी।** वैसे रेल कर्मचारियों के लिए खुशखबरी जो 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (पे कमीशन) संदीप पाल द्वारा जारी आदेश के तहत अब ऐसे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एक जुलाई को मिलने वाले इंक्रीमेंट का भी लाभ मिलेगा।रेलवे नियुक्ति की तारीख के आधार पर अपने कर्मचारियों को एक जनवरी व एक जुलाई को तीन प्रतिशत वार्षिक इंक्रीमेंट का लाभ देती है।अब तक 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एक जुलाई को मिलने वाले वार्षिक इंक्रीमेंट का लाभ नहीं मिल पाता था, जबकि उन्होंने पूरे वर्ष इसके लिए काम किया है।ऐसे में बोर्ड ने कोर्ट द्वारा जारी आदेश के आधार पर सभी जोन के महाप्रबंधक को आदेश जारी करते हुए 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को इंक्रीमेंट का लाभ देने का आदेश दिया है।इंक्रीमेंट मिलने से कर्मचारियों को बेसिक सहित पेंशन, ग्रेच्युटी, हाउस रेंट एलाउंस, महंगाई भत्ता सहित अन्य भत्ते भी बढ़े बेसिक के आधार पर मिलेंगे।रेलवे बोर्ड द्वारा जारी आदेश के तहत वैसे कर्मचारी जो आदेश जारी होने के तीन वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त हुए हैं उन्हें भी उक्त सुविधा का लाभ मिलेगा। आदेश के तहत इंक्रीमेंट मिलने के बाद ऐसे कर्मचारियों के पेंशन व ग्रेच्युटी की गणना बढ़े हुए बेसिक के आधार पर की जाएगी और उन्हें बीते तीन वर्ष का एरियर भी मिलेगा।

### मोदी का नाम सुन थर-थर कांपते हैं आतंकी, जमशेदपुर में गरजे तेजस्वी सूर्या

**जमशेदपुर, एजेंसी।** स्टील सिटी जमशेदपुर में बुधवार को भगवा रंग छाया रहा। लोकसभा चुनाव के छठे चरण के प्रचार के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बेंगलुरु दक्षिण से सांसद तेजस्वी सूर्या का रोड शो और जनसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। तेजस्वी सूर्या ने बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन में आयोजित नमो युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव किसी पार्टी या उम्मीदवार का नहीं, बल्कि नए भारत के निर्माण का चुनाव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया में भारत का लोहा मनवाया है। मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और विकास कर रहा है। तेजस्वी सूर्या ने युवाओं से भाजपा को वोट देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला था, आतंकवाद चरम पर था। लेकिन मोदी सरकार ने आतंकवाद और भ्रष्टाचार दोनों पर नकेल कसी है। 2014 से पहले हिंदू त्योहारों पर बम धमाके होते थे, लेकिन अब आतंकवादी मोदी का नाम सुनकर थरथर कांपते हैं। सांसद ने जोर देकर कहा कि आजादी के बाद पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने गरीबों, पिछड़ों, दलितों, वंचितों के लिए इतना कुछ किया है। उन्होंने आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी कई योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन योजनाओं से गरीबों का जीवन स्तर ऊपर उठा है। तेजस्वी सूर्या ने इंडी गठबंधन पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन देश को बर्बाद करने के लिए बना है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इन खंडहरों के ठेकेदारों को पहचानें और उनके चंगुल में न फंसें।

### आदिवासी सबसे बड़े हिंदू, जमशेदपुर में बोले छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय

**जमशेदपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को जमशेदपुर के भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो के पक्ष में रोड शो किया। रोड शो से पहले उन्होंने एक प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता में विष्णुदेव साय ने कहा कि आदिवासी सबसे बड़े हिंदू हैं। वे भगवान भोले शंकर व माता पार्वती की पूजा करते हैं। उन्हें झारखंड की सरकार भड़का रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में जब भाजपा की सरकार थी, तब नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो गया था। अब झामुमो की सरकार में झारखंड में नक्सलवाद फिर से पनप रहा है। विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की तरह झारखंड की सभी सीट पर भाजपा प्रत्याशी विजयी होंगे। जमशेदपुर के भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण की जीत सुनिश्चित है। विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश का नाम विश्व पटल पर स्थापित किया और देश के लोगों के लिए बहुत कुछ किया। पूरे देश में भाजपा के पक्ष में अच्छा माहौल है। विष्णुदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ भाजपा की टीम झारखंड एवं ओड़िशा में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रही है तथा उनका सहयोग कर रही है। आज देश के लोगों का विश्वास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ है। विष्णुदेव ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार न होने के कारण केंद्र की योजनाएं धरातल पर उतारने में जानबूझकर अड़चन पैदा की जा रही है। पाकिस्तान की गीदड़ भभकी बंद हो गई है। विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत पांचवे स्थान पर आ गया है। विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब कांग्रेस की सरकार थी, तब वहां की सरकार ने केंद्र की योजनाओं को धरातल पर उतारने नहीं दिया। कांग्रेस ने चुनावी वादे पूरे नहीं किए। इस कारण वहां के लोगों ने दुबारा भाजपा को सत्तासीन किया। इसके बाद मात्र 100 दिन में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने केंद्र के साथ मिलकर कई जनकल्याणकारी कार्य किए।

### आज से शुरू हो रहा रोहिणी नक्षत्र, खरीफ की खेती की तैयारी में जुटे किसान

# बारिश हो जाए तो सोने पे सुहागा



**गोड्डा, एजेंसी।** जिला में लोकसभा चुनावी के सरगर्मी के बीच शनिवार से खरीफ की खेती के लिए महत्वपूर्ण माना जाने वाला रोहिण नक्षत्र प्रवेश करने जा रहा है। यहां से किसान अब अपने खरीफ की खेती की तैयारी में जुट जायेंगे। जहां इसके लिए किसान अब खेतों की जुताई में लग गये हैं ताकि तैयार खेत में बिचड़ा गिराया जा सके।

माना जाता है जो किसान रोहिण नक्षत्र में धान का बिचड़ा गिराते हैं यह बिचड़ा बेहतर उपज देने वाली होती है। कृषि जानकार भी मानते हैं कि रोहिणी नक्षत्र खेत में बिचड़ा गिराने के लिए शुभ माना जाता है।खेती के लिए यह नक्षत्र वरदान माना जाता है। हालांकि, सब कुछ परिस्थिति पर निर्भर करेगी अगर इस दौरान एक दो अच्छी वर्षा हो जाती है तो किसानों के लिए बिचड़ा गिराना आसान हो जायेगा।

तीन दिन पूर्व गोड्डा व आसपास के इलाकों में करीब 65 मिमी वर्षा रिकॉर्ड कि गई थी जिससे कझिया सहित अन्य नदियों में हल्का पानी भी उतरा है।

वहीं किसानों को भी उम्मीद है की रोहिणी नक्षत्र में एक दो मौके पर अच्छी वर्षा होती है तो वे लोग तैयार खेत में बिचड़ा गिरा देंगे वैसे भी जिला की खरीफ की खेती पूरी तरह से मानसूनी वर्षा पर आश्रित है लगभग 7-10 प्रतिशत ही भूमि सिंचित है। इधर रोहिण नक्षत्र के प्रवेश को लेकर किसानों की गतिविधि बढ़ चुकी है।

इस बाबत मोतिया ओपी अंतर्गत डुमरिया ग्राम के किसान रामकिंकर झा, सिमरडा के अवधेश मंडल आदि ने कहा कि वे लोग अब खरीफ की खेती की तैयारी में लग चुके हैं।

पहले खेतों को जोतकर तैयार किया जा रहा है इसके साथ ही यह भी प्रयास रहेगा कि अगर परिस्थिति कृषि के अनुकूल रहती है तो वे लोग रोहिण नक्षत्र में ही बिचड़ा गिराने का प्रयास करेंगे।

वहीं दूसरी ओर लगातार बढ़ रही आबादी व उसकी जरूरत को पूरा करने के लिए हो रहे विकास कार्य से जिला में कृषि जोत की भूमि भी दिनों दिन कम होती जा रही है जहां पहले लोग धान उपजाया करते थे, वहां अब कंक्रीट का निर्माण हो रहा है। इनमें खासकर लोग घर, चहारदीवारी बना रहे हैं इसके साथ ही विकास को लेकर सड़क आदि का निर्माण हो रहा है, जिससे कृषि जोत कम होती जा रही है।वहीं मौसम सह कृषि वैज्ञानिक रजनीश प्रसाद ने कहा कि अब तक के पूर्वानुमान में रोहिणी नक्षत्र में एक दो मौके 28 मई तक वर्षा की संभावना रहेगी, जिससे किसानों को फायदा हो सकता है।

कहा कि इस बार अब तक के जानकारी के मुताबिक, समय पर मानसून आने की संभावना है 15 से 18 जून के आसपास मानसून प्रवेश कर सकता है। कहा कि आने वाले दिनों में अब खरीफ की खेती शुरू होगी।

## अमेरिका से वोट डालने जमशेदपुर पहुंचे आशीष और नेहा, कहा- भारत को मजबूत राष्ट्र बनाने की हमारी भी जिम्मेदारी



**जमशेदपुर, एजेंसी।** वोट देने के लिए अमेरिका के टेक्सास से आशीष और उनकी पत्नी नेहा निहारिका शहर पहुंची हैं। बकौल आशीष जमशेदपुर संसदीय लोकसभा सीट पर जैसे ही मतदान की तारीख तय हुई, हमने अपना टिकट कराया।

आशीष टेक्सास की एक कंपनी में बतौर इंजीनियर कार्यरत हैं जबकि पत्नी नेहा निहारिका भी वहीं नौकरी करती हैं। आशीष टेल्को स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में जबकि नेहा बिष्टुपुर स्थित डीएन मदन स्कूल में अपना मतदान करेंगे।

आशीष का कहना है कि हम भले ही पिछले कई वर्षों से अमेरिका में क्यों न काम करते हों लेकिन हमारी पहचान हमेशा एक भारतीय के रूप में रही है। हमारा देश भारत एक मजबूत राष्ट्र बने, इसलिए हम वर्ष 2019 में भी वोट करने अमेरिका से भारत आए थे।नेहा टाटा वर्कर्स यूनियन के पूर्व कमेटी मेंबर अनिल कुमार सिन्हा की बेटी है और अपने पिता के यहां टेल्को स्थित आवास पर ठहरी हैं।

गौरतलब है कि 25 मई यानी कि कल शनिवार को लोकसभा चुनाव के छठे और झारखंड में तीसरे चरण के तहत चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों रांची, धनबाद, जमशेदपुर तथा गिरिडीह में मतदान होना है। इसे लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में कुल 82,16,506 मतदाता हैं, जिनके लिए 5,004 लोकेशनों में कुल 8,963 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 1,319 मतदान केंद्र शहरी क्षेत्रों में हैं, जबकि कुल 3,685 मतदान केंद्र ग्रामीण इलाके में हैं।

## राष्ट्रीय मुएथाई प्रतियोगिता के लिए 20 सदस्यीय झारखंड टीम रवाना

**धनबाद।** नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन तपेसिया, सोनापुर गुवाहाटी असम में आयोजित होनेवाली 25-30 मई तक राष्ट्रीय मुएथाई प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 20 सदस्यीय झारखंड टीम प्रशिक्षक सौरभ कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को रवाना होगी।यह जानकारी देते हुए झारखंड मुएथाई संघ के प्रशासनिक सचिव अमित कुमार ने बताया कि तीन चरण के चयन परीक्षण के उपरांत ही झारखंड राज्य टीम में खिलाडियों को विभिन्न भार वर्ग में चयन किया गया है। बोकारो जिला के राकेश पांडे, पूर्वी सिंहभूम जिला की सुनीता तिवारी तथा धनबाद जिला के अमित कुमार राष्ट्रीय मुएथाई प्रतियोगिता में निर्णायक के भूमिका में भाग लेंगे। राज्य संघ के महासचिव अनुपम माहाता ने टीम के खिलाडियों को ट्रैकसूट वितरण किया।इस अवसर पर राज्य संघ के कोषाध्यक्ष राजा विश्वकर्मा, संयुक्त सचिव प्रशांत प्रसाद, संजीव कुमार, सजल चक्रवर्ती ने खिलाड़ियों को शुभकामना दी। टीम के खिलाड़ियों में हर्षित अग्रवाल, अभिनव कुमार, दिवेश कुमार, प्रिंस कुमार, रुद्र अग्रवाल, श्रेयांश गुप्ता, आकाश कुमार, वंश प्रताप सिंह, अलंकृत सिंह, अमल कुमार मंडल, हर्षित मिलाकर, आदित्य कुमार, शशांक, रुद्र प्रताप सिंह, नमन कुमार, सुनील सिंह, अजय कुमार, वैभव सिंह, अतुल्य प्रसाद, नीरज कुमार, सौरभ कुमार (कोच)।

# 23 जून को नीट की परीक्षा, फिर मिलेगा कॉलेज में दाखिला



**धनबाद, एजेंसी।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज में पीजी की पढ़ाई की अनुमति मिलने पर कॉलेज प्रबंधन उत्साहित है। 23 जून को नीट (पीजी) का एग्जाम होना है। इसके बाद रिजल्ट घोषित होने पर मेडिकल कॉलेज में पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई के लिए दाखिला शुरू होगा।

गुरुवार को मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने मेडिसिन विभाग में पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई के लिए तैयारी शुरू कर दी। मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डा. उमेश कुमार ओझा ने बताया कि पहली बार पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई मेडिसिन विभाग में शुरू हो रही है। इसके लिए पहले से ही संसाधन विकसित किए गए थे। पढ़ाई के दौरान मरीज के विभिन्न केस पर डिस्कशन किया जाएगा। चिकित्सकीय क्षेत्र में नई विधाओं और तात्कालिक एडवांस सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाएगा।

इसी साल सत्र-2024-25 में यहां नामांकन शुरू हो जाएगा। इस वर्ष 7 विषयों में कुल 33 सीटों के लिए आवेदन किया गया था, जिनमें मेडिसिन की छह सीटों पर नामांकन की अनुमति मिली है।वहीं स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग (पांच सीट), हड्डी रोग विभाग (चार सीट) और जनरल सर्जरी (सात सीट) के लिए अंतिम परिणाम अभी नहीं आया है। जबकि बायोकेमिस्ट्री एवं पैथोलाजी को पीजी देने से एनएमसी ने मनाही कर दी है।

अस्पताल में भर्ती मरीजों को भी इससे लाभ मिलेगा। इमरजेंसी के अलावा पोस्ट इमरजेंसी मरीजों के लिए मेगा राउंड किया जाएगा। यहां आने वाले प्रत्येक मरीज का परीक्षण किया जाएगा। इससे मरीजों की बेहतर निगरानी हो पाएगी। इंटर और इंट्रा डिपार्टमेंट भी विकसित किए जाएंगे।

मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डा. ज्योति रंजन प्रसाद और पीजी के नोडल पदाधिकारी डा. रविभूषण ने बताया कि अभी ऑर्थोपेडिक्स, गायनेकोलॉजी एवं सर्जरी के लिए उम्मीद जारी है। इसमें पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई की अनुमति मिल सकती है।दूसरी अडेद नेशनल मेडिकल कमिशन ने अपनी साइट पर कई सूचनाएं दी है जिसमें यह संभावना बताई गई है कि आने वाले समय में मेडिकल कालेज को दूसरे विषयों में भी पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई के लिए अनुमति मिल सकती है।

## सरयू राय की बढ़ेंगी मुश्किलें, सरकारी दस्तावेज गायब करने के आरोप मिले सही, सिटी एसपी को भेजी रिपोर्ट



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी सीट से निर्दलीय विधायक सरयू राय पर सरकारी दस्तावेज गायब करने के लगे आरोप को जांच के बाद हटिया डीएसपी ने सही पाया है। जांच के बाद डीएसपी ने अपनी रिपोर्ट सिटी एसपी को भेज दी है। अब सिटी एसपी मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई कर सकते हैं।

गौरतलब हो कि निर्दलीय विधायक सरयू राय के खिलाफ ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट के तहत रांची के डोरंडा थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। राज्य के स्वास्थ्य अवर सचिव की शिकायत पर 409, 379, 411, 120बी और 420 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया था। सचिव की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी में विधायक पर विभाग से दस्तावेज गायब कराने का आरोप लगा था। दर्ज प्राथमिकी के बाद हटिया डीएसपी को जांच के जिम्मेवारी दी गई थी।

**पुलिस अफसर के अनुसंधान के बाद उठाएंगे कदम सरयू :** विधायक सरयू राय ने कहा कि डीएसपी ने उन पर लगे आरोप को सही ठहराया है। इसकी जानकारी उन्हें है। अभी सिटी एसपी और एसएसपी के पास फाइल जाएगी। इस मामले को वह टेस्ट केस के रूप में देख रहे हैं। ऐसे उन्हें उनके अधिवक्ताओं ने सलाह दी है कि वे हाईकोर्ट जाएं। तुरंत मामला रद्द हो जाएगा। यह देखना चाह रहे हैं कि पुलिस के आलाधिकारी किस तरह से अनुसंधान करते हैं। इसके बाद ही वे आगे कदम उठाएंगे।

**डीएसपी का बदला नजरिया :** राय ने एक्स पर लिखा, डीएसपी बदले,नजरिया बदल गया। वही डीएसपी हैं जिन्होंने बरहरवा मामले मे ईडी द्वारा गिरफ्तार मंत्री आलमगीर आलम को 24 घंटे मे क्लीन चिट दिया था। साहेबगंज की रूपा टिर्की मौत मामले में लीपापोती किया था। इनसे ईडी पूछताछ कर चुकी है। डीएसपी के मंतव्य को वरीय पुलिस अधिकारी जांचेंगे।

### बामनी में मनाई गई पंडित रघुनाथ मुर्मू की जयंती

**जमशेदपुर।** ओलचिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू की जयंती बामनी पंचायत के बिंदु चांदन जाहेरथान में गुरुवार को धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में नायके बाबा देवेन बेसरा, ओलचिकी की शिक्षिका ललिता टुडू, शिक्षक उपेंद्रनाथ हेंब्रम, बुद्धेश्वर मुर्मू, कालूराम हेंब्रम, बीरबल मुर्मू, हेमंत रोकर, संचालक मनोज टुडू, लकीकांत टुडू, लखन हेंब्रम, सुदेश बेसरा, दशरथ बेसरा, बादल बेसरा, खिरोद टुडू आदि शामिल हुए।

## झारखंड में एनकाउंटर, नक्सलियों के एरिया कमांडर की मौत, इलाके में सर्चिंग जारी



**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम और खूंटी जिले के सीमावर्ती पोड़ाहाट जंगल के बीहड़ नाबादा के पास गुरुवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में नक्सलियों का एरिया कमांडर बुधराम मुंडा के मारे जाने की सूचना है। वहीं एनकाउंटर में एक अन्य नक्सली घायल हो गया है। इलाके में लगातार सर्चिंग जारी है।

**नक्सलियों के एरिया कमांडर की मौत :** जानकारी के मुताबिक, लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर कोबरा और झारखंड पुलिस के जवान सर्च अभियान चला रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी फायरिंग में एक नक्सली की मौत हो गई, जबकि एक अन्य नक्सली के घायल होने की सूचना मिली है। मुठभेड़ के बाद क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। मारे गए नक्सली की पहचान बुधराम मुंडा के रूप में हुई है। वह नक्सलियों का एरिया कमांडर था।

**दो आरोपियों के खिलाफ एनआईए ने दाखिल किया आरोप पत्र :** वहीं एक दूसरे मामले में एनआईए ने झारखंड में सुरक्षाबलों पर हमले की साजिश का कथित तौर पर हिस्सा रहे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी- माओवादी (भाकपा- माओवादी) के दो सदस्यों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। इसमें कहा गया है कि झारखंड के निवासी अघनु गंझू उर्फ अग्नु गंझू और खुदी मुंडा को मंगलवार को रांची की एक विशेष एनआईए अदालत में दाखिल आरोप पत्र में नामजद किया गया है।एनआईए ने कहा कि आरोप पत्र भारतीय दंड संहिता, शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत दायर किया गया है। इसी के साथ मामले में अब तक 31 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। झारखंड पुलिस ने शुरुआत में नौ लोगों के खिलाफ 2022 में आरोप पत्र दायर किया था। जांच अपने हाथ में लेने के बाद एनआईए ने पिछले साल अगस्त और दिसंबर के बीच 20 लोगों के खिलाफ तीन पूरक आरोप पत्र दायर किए थे। बयान में कहा गया है कि प्रतिबंधित संगठन भाकपा-माओवादी के सदस्यों ने अपने शीर्ष कमांडर प्रशांत बोस की गिरफ्तारी का बदला लेने के लिए झारखंड के बॉक्साइट खदान क्षेत्र में सुरक्षा बलों पर हमले की साजिश रची थी।

## गरीबों के लिए पैसे उगाने वाला पेड़ साबित हो रहा केंदु का पौधा, इससे हर साल होती है करोड़ों की कमाई



**प्रतापपुर (चतरा), एजेंसी।** मैंने छुटपन में छिपकर पैसे बोये थे, सोचा था, पैसों के प्यारे पेड़ उगेंगे, रुपयों की कलदार मधुर फसलें खनकेंगी और फूल फलकर मै मोटा सेठ बनूंगा! छायावादी कवि सुमित्रानंदन पंत की यह काव्य रचना अति महत्वाकांक्षी एवं मृगतृष्णा के शिकार लोगों के ऊपर कटाक्ष के रूप में लिखी गई थी। परंतु प्रतापपुर वन क्षेत्र में महिलाओं से लेकर छोटे-छोटे बच्चों को हसरत से केंदु पत्ता तोड़ते देख एहसास होता है मानो केंदु का यह पौधा उनके लिए पैसा उगाने वाला पेड़ हो।वनोपज पर आश्रित गांव के गरीब सचमुच केंदु के पौधों को पैसे देने वाला पेड़ मानते हैं। माने भी क्यों नहीं केंदु के पत्तों को बेचकर गरीब अपनी जरूरतें पूरी करते हैं। केंदु पत्ते को बीड़ी पत्ता भी कहा जाता है।बीड़ी पत्ते का कारोबार झारखंड वन विकास निगम के अधीन है। चतरा वन क्षेत्र में बीड़ी पत्ते का प्रतिवर्ष करोड़ों का कारोबार होता है। वन विकास निगम की आड़ में चतरा से बाहर के ठेकेदारों द्वारा लाखों का अवैध कारोबार भी होता है।

बीड़ी पत्ता संग्रहण को लेकर वन विकास निगम द्वारा चतरा उत्तरी वन क्षेत्र के प्रतापपुर, हंटरगंज व कुंदा के जंगल को कई लॉट में विभक्त किया गया है। वन विकास निगम की अपनी अलग व्यवस्था है।नियमानुसार झारखंड राज्य वन विकास निगम को प्रतिवर्ष बीड़ी पत्ता संग्रहण के लिए हर एक लाट का टेंडर निकालना होता है।झारखंड राज्य वन विकास निगम चतरा उत्तरी वन क्षेत्र के रेंजर रमाकांत राकेश ने बताया कि प्रतापपुर के छह लाट में पांच का टेंडर हो चुका है। सीजन अंतिम चरण में है। इस वर्ष निगम द्वारा बीड़ी पत्ता का दर 175 रुपए प्रति सैकड़ा पोड़ा (एक पोड़े में 52 पत्ते मानक) निर्धारित है।

परंतु मजदूरों ने बताया कि कहीं 120 रुपए कहीं 150 रुपए कहीं 140 रुपए सैकड़ के दर से भुगतान किया जा रहा है। नूनमटिया गांव की रहने वाली फुलवा देवी, प्रेमनी देवी, झकसी देवी समेत अन्य महिला मजदूरों ने बताया कि तपती धूप में हम लोग दिनभर जंगल में बीड़ी पत्ता तोड़ते हैं। फिर घर आकर उन पत्तों को सजाकर 52 पत्तों का एक पोड़ा बनाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु में जयललिता के खाली स्थान को भर रही भाजपा, अन्नामलाई बोले- उनका हिंदुत्व के प्रति बेहतर रुझान था



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने कहा कि उनकी पार्टी अन्नाद्रमुक नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता के निधन के बाद राज्य की राजनीति में रिक्त हुए स्थान को भर रही है। जयललिता का हिंदुत्व के प्रति बेहतर रुझान था। पीटीआइ संपादकों के साथ बातचीत में आइपीएस अधिकारी से राजनीतिज्ञ बने अन्नामलाई ने यह बात कही। उन्होंने द्रमुक और अन्नाद्रमुक के दबदबे वाले तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव में भाजपा को दोहरे अंक में मत प्रतिशत मिलने और राज्य में तीसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरने का विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजनीति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आने के बाद लोगों का भाजपा में विश्वास बढ़ा है। प्रधानमंत्री द्वारा तमिलनाडु की बार-बार यात्रा करना, काशी-तमिल संगमम, सौराष्ट्र तमिल संगमम जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, नए संसद भवन में सेंगोल स्थापित करना और राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के जरिये भाजपा को राज्य के लोगों तक अपनी पहुंच बनाने में मदद मिली। अन्नामलाई ने कहा कि जयललिता के निधन के बाद अन्नाद्रमुक के हिंदुत्व की विचारधारा से दूर जाने के कारण रिक्त हुए स्थान को भरने की भाजपा में काफी क्षमता है। जयललिता देश की पहली राजनीतिज्ञ थीं, जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर मुद्दे का समर्थन किया था और 2002-03 में तमिलनाडु में धर्मांतरण विरोधी कानून बनाया था। 2016 में जयललिता के निधन के बाद अन्नाद्रमुक ने हिंदुत्व के आदर्शों से किनारा कर लिया और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया से हाथ मिला लिया, जिसे प्रतिबंधित इस्लामी संगठन पापुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआइ) की राजनीतिक शाखा माना जाता है।

### अमेठी के बाद अब पूर्वांचल में उतरेंगी प्रियंका गांधी

**रुद्रपुर, एजेंसी।** पूर्वी यूपी में लोकसभा चुनाव अंतिम दौर में है। सभी राजनीतिक दलों ने पूर्वांचल में अपनी ताकत झोंक दी है। शनिवार को इंडिया गठबंधन अपने प्रत्याशियों के समर्थन में सहारा इस्टेट स्थित क्रिकेट ग्राउंड में जनसभा का आयोजन कर रहा है। सीएम योगी आदित?यनाथ के इस गढ़ में रैली का संयोजन समाजवादी पार्टी कर रही है। इसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी भी शामिल होंगी। गुरुवार को प्रियंका गांधी का कार्यक्रम फाइनल हो गया। जनसभा स्थल पर वह दिन में 200 बजे पहुंचेंगी। यहीं से अखिलेश यादव और प्रियंका गांधी समर्थकों को में जोश भरेंगी। इसको लेकर दोनों दलों की तैयारियां तेज हो गई है।

### हाथ में तख्तियां लिए सड़क पर उतरीं की डीडीयू छात्राएं, यूनिवर्सिटी का माहौल गर्म

**गोरखपुर, एजेंसी।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्रावास खाली कराए जाने और अगले सत्र से नए सिरे से सभी को अलाटमेंट के कथित आदेश का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर लगातार तीसरे दिन छात्राओं का प्रदर्शन जारी रहा। इससे पहले छात्राओं ने महारानी लक्ष्मीबाई छात्रावास से लेकर डीडीयू के मेन गेट तक जुलूस निकाला। लंबे समय बाद किसी मामले को लेकर छात्राएं सड़क पर उतरीं तो शाम होते-होते माहौल गरमाने लगा। छात्र संगठन दिशा की अंजली के नेतृत्व में करीब 50 छात्राएं अपराह्न साढ़े तीन बजे रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास के गेट पर जुटीं। वहां से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए डीडीयू के मेन गेट पर पहुंचीं। वहां काफी देर तक प्रदर्शन के बाद मुख्य नियंता प्रो. सतीश चन्द्र पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा।छात्राओं ने ज्ञापन में छात्रावास खाली कराने का फैसला वापस लिए जाने, छात्रावासों की मरम्मत योजनाबद्ध तरीके से कराए जाने और तब तक छात्राओं को वैकल्पिक व्यवस्था दिए जाने, जो छात्राएं घर जा रही हैं।

# सात नक्सलियों के शवों को लेकर लौट रहे जवानों पर फायरिंग, मुठभेड़ में एक और नक्सली ढेर

**नारायणपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में आज सुबह एक बार फिर नक्सली मुठभेड़ हुई है। बताया जा रहा है कि एंबुश लगाकर नक्सलियों ने डीआरजी और बस्तर फाइटर के जवानों को घूरते हुए गोलीबारी शुरू की है।? जिसके जवाब में कार्रवाई करते हुए जवानों ने भी फायरिंग की। इस गोलीबारी में एक नक्सली के ढेर होने की खबरें सामने आ रही है वहीं कुछ अन्य नक्सली घायल बताए जा रहे हैं।?

बतादें कि नारायणपुर में कल जहां नक्सलियों से मुठभेड़ में जवानों ने 7 नक्सलियों को मार गिराया था। वहां जवान पुरी रात इलाक़े को घेरे एक ही स्थान पर बैठे रहे। सुबह जवानों ने इलाक़े की सर्चिंग के बाद मारे गए नक्सलियों के शवों को लेकर लौट ही रहे थे की नक्सलियों ने जवानों पर फिरसे ताबड़तोड़ फ़ायरिंग शुरू कर दी।



जवानों ने भी नक्सलियों के फायरिंग का जवाब दिया और एसटीएफ़ के जवानों ने एक और नक्सली को मार गिराया है। अब भी जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ जारी है।

कल नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बस्तर जिले के जवानों ने मुठभेड़ में सात नक्सलियों को मार गिराया था। जिनके शवों को लेकर जवान लौट रहे थे। जिनपर नक्सलियों ने हमला किया जवानों की जवाबी कार्रवाई में एक और नक्सली को मार गिराया? है।? अब मारे गए नक्सलियों की संख्या आठ हो चूकी है। बताया? जा रहा है कि इलाके में अब भी मुठभेड़ जारी है। जानकारी देते हुए नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि नारायणपुर-बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में प्लाटून नंबर 16 और इंद्रावती एरिया कमिटी के नक्सलियों की आसूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बस्तर जिले के डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के साथ एसटीएफ की टीमें सर्च अभियान पर निकली थी।

जानकारी देते? हुए एसपी ने आगे कहा कि आज दिनांक 23 मई को लगभग दोपहर 11 बजे नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू की।पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ अभी तक रुक रुक कर जारी है। वहीं जवानों ने घटना स्थल से अब तक दो नक्सलियों के शव को बरामद कर लिया है। साथ ही भारी मात्रा में हथियार भी मिला है। 10/12 नक्सलियों के घायल होने की संभावना है। इस मामले को लेकर जानकारी देते हुए दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने बताया कि दंतेवाड़ा डीआरजी ने 5 शव बरामद किए हैं।?

## 10वीं में चपरासी ने हासिल किए 99.7 प्रतिशत अंक, पढ़ने-लिखने में है अक्षम, जज ने दिए लिखावट की जांच के निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
कर्नाटक से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। हाल ही में 10वीं कक्षा के परिणाम घोषित हुए थे। जिसमें अधिकतर छात्रों का बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला। इस बीच कर्नाटक में 23 साल के चपरासी ने 10 वीं में 99.7 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। खबरों के अनुसार, चपरासी का नाम प्रभु लक्ष्मीकांत लोकरे है और इन सबमें सबसे हैरानी करने वाली बात ये है कि चपरासी पढ़-लिख नहीं सकता। परिणाम देखने के बाद कोप्पल कोर्ट के जज ने लोकरे के अकादमिक रिकॉर्ड को जांच करने के निर्देश दिए हैं। नियुक्त कर दिया गया है,इससे पहले वो कोप्पल कोर्ट में बतौर सफाई कर्मी काम करते थे। जज को प्रभु लक्ष्मीकांत के मार्क्स पर संदेह तब हुआ जब उन्हें पत चला कि लोकरे पढ़ने लिखने में असमर्थ हैं। जिसके बाद इस मामले में 26 अप्रैल को



एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर के मुताबिक, लोकारे ने कथित तौर पर सातवीं कक्षा के बाद सीधे दसवीं कक्षा की परीक्षा दी और 625 में से 623 अंक हासिल किए। लेकिन पिछला रिकॉर्ड कहता है कि वह कन्नड़,अंग्रेजी या हिंदी में पढ़ या लिख नहीं सकते,जिससे जज के मन में उनकी योग्यता को लेकर संदेह पैदा हुआ। साथ ही जज ने पुलिस से लक्ष्मीकांत की लिखावट को जांच की जाए और उसे उनकी 10 वीं की उत्तर पुस्तिका से मिलाकर देखा जाए। वहीं इस मामले पर लोकारे ने अपना बचाव करते हुए कहा कि वह 2017-18 में कक्षा 10 की परीक्षा में एक निजी उम्मीदवार के रूप में उपस्थित हुए थे।



## बाजार में सबके सामने डांटने पर की थी अधेड़ की हत्या, 150 सीसीटीवी खंगाल हत्यारे तक पहुंची पुलिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के नॉर्थ रोहिणी इलाके में सबके सामने डांटे जाने से नाराज एक युवक ने 50 वर्षीय एक अधेड़ की चाकू से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने करीब डेढ़ सौ सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद आरोपी की पहचान करते हुए इस ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझा ली।

आरोपी मनीष उर्फ मोनू को पुलिस ने बुधवार को माजरा डबास से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही हत्या में इस्तेमाल चाकू और मोबाइल फोन बरामद हुआ है। जानकारी के मुताबिक गत 21 मई को करीब दो बजे रोहिणी सेक्टर-8 इलाके में एक शव के होने की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी थी। मृतक शख्स की गर्दन पर चोट के निशान थे। पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि मारा गया शख्स शंकर (50) इलाके की दुकानों में छोटे-मोटे काम करता था। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल से लेकर आसपास के इलाके में लगे करीब डेढ़ सौ सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला और आरोपी की पहचान कर उसे दबोच लिया गया। आरोपी ने बताया कि शंकर उसे बाजार में रोज सबके सामने डांटता था। इस बात से वह नाराज था। वहीं, दिल्ली के ही नारायणा इलाके में 22 मई की शाम को दो नाबालिग चचेरे भाइयों ने मिलकर एक युवक को चाकू से गोद दिया। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने घायल को अस्पताल पहुंचाया।

## बेंगलुरु रेव पार्टी में बड़ा खुलासा, नशे में धुत थीं दो साउथ ऐक्ट्रेस

**बेंगलुरु , एजेंसी।** बेंगलुरु में रेव पार्टी मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक तेलुगु ऐक्ट्रेस हेमा और आशी रॉय की ड्रग रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बता दें कि इसी सप्ताह बेंगलुरु पुलिस ने एक फार्महाउस में चल रही रेव पार्टी में छापा मारा था। एक अखबार के मुताबिक इस पार्टी में 73 पुरुष और 30 महिलाएं शामिल थीं। इनमें से 59 पुरुषों और 27 महिलाओं का ब्लड सैंपल ड्रग पॉजिटिव पाया गया है। 103 में से कुल 86 लोगों ने ड्रग्स ले रखी थी। सिटी पुलिस के अंडर था लेकिन बाद में इसे हेब्बागोडी पुलिस को ट्रांसफर कर दिया गया। 104 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने फार्महाउस से 14.40 ग्राम एमडीएमए की गोलियां, 1.16 ग्राम एमडीएमए क्रिस्टल, 6 ग्राम हाइड्रो कैनबिस, 5 ग्राम कोकीन, 500 रुपये का पुराना नोट जिसपर कोकील लगी थी, 6 ग्राम हाइड्रो गांजा, 5 मोबाइल फोन, दो वाहन जिनमें वोक्सवैगेन और लेंड रोवर शामिल हैं।

# नमो भारत कॉरिडोर से जुड़ा नया अपडेट आया सामने, जमीन मालिकों को होगा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
नमो भारत ट्रेन कॉरिडोर के ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) जोन और विशेष विकास क्षेत्र का जोनल प्लान तैयार हो रहा है। आचार संहिता हटते ही इसके तैयार होने पर क्षेत्र की भूमि का भू-उपयोग मिश्रित होगा, जिससे यहां योजनाबद्ध तरीके से आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियां हो सकेंगी। इस कारण प्राधिकरण यहां होने वाले अवैध निर्माण पर सख्ती कर रहा है।

शासन की टीओडी पॉलिसी के अनुसार, नमो भारत ट्रेन कॉरिडोर के दोनों ओर 500-500 मीटर और स्टेशन के 1.5 किलोमीटर के दायरे में मिश्रित भू उपयोग (मिक्स लैंड) घोषित किया है। जीडीए और आवास विकास परिषद ने इस पॉलिसी के तहत अपने क्षेत्रों के स्टेशन और कॉरिडोर की लाइन के दोनों तरफ इसे लागू भी कर दिया। दुहाई डिपो को भी इसमें शामिल किया गया है। इस क्षेत्र को विकसित करने के लिए नोडल एजेंसी



एनसीआरटीसी जोनल प्लान तैयार कर रही है, ताकि क्षेत्र का योजनाबद्ध तरीके से विकास किया जा सके। ऐसे में जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने इस क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस कॉरिडोर के आसपास जिन लोगों की जमीन है, उन्हें फायदा होगा। अब तक डेढ़ से दो फ्लोर एरिया रेशो (एफएआर) मिलता है, जो नई पॉलिसी के तहत पांच एफएआर तक हो जाएगा। इससे कई गुना ऊंचाई की इमारतें बनेंगी। पॉलिसी में निर्मित क्षेत्र में 3.5 एफएआर, विकसित क्षेत्र में चार एफएआर और अविकसित क्षेत्र में पांच एफएआर देने का प्रावधान है। टीओडी स्कीम से 50 फीसदी प्राधिकरण और परिषद को आय होगी, जबकि 50 फीसदी एजेंसी के खाते में जाएगा। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने प्रवर्तन जोन एक प्रभारी ओएसडी कनिका कौशिक को सख्त निर्देश दिए हैं कि ओटीएस जोन क्षेत्र में अवैध निर्माण न हो। ओएसडी लगातार इस क्षेत्र में निरीक्षण कर रही हैं। उन्होंने अधिकारियों और सुपरवाइजरों को अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

यहां की भूमि मिश्रित भू उपयोग की होगी, जहां पर घर बनाने के साथ इसका व्यावसायिक इस्तेमाल कर सकेंगे। यहां नई टाउनशिप बनाई जा सकती है। काम्प्लेक्स, मॉल, दफ्तर और रेस्तरां आदि भी खोले जा सकते हैं। प्राधिकरण और परिषद क्षेत्र को नए रूप में विकसित कर सकता है। कॉरिडोर से टीओडी जोन में नक्शा पास कराने के लिए भू-स्वामी को एनसीआरटीसी से एनओसी लेकर जीडीए या आवास विकास परिषद में जमा करनी होगी। इसके बाद ही जीडीए और आवास विकास टीओडी क्षेत्र में किसी भी प्रोजेक्ट का नक्शा पास करेगा। यहां रोजगार मिलने के साथ ही जीडीए या विकास परिषद की आय भी बढ़ेगी।

## ओबीसी में शामिल मुस्लिम जातियों के आरक्षण पर संकट

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में ओबीसी में शामिल मुस्लिम जातियों के आरक्षण पर संकट मंडरा रहा है। कलकत्ता हाईकोर्ट के पश्चिम बंगाल में मुस्लिम जातियों का अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण रद्द करने के बाद राजस्थान में भी मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा भड़क गया है। प्रदेश में 14 मुस्लिम जातियां ओबीसी आरक्षण का लाभ ले रही हैं, जिनको लेकर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने स्पष्ट किया कि चार जून को चुनाव नतीजे आने के बाद सरकार इन जातियों के आरक्षण की समीक्षा कराएगी। अविनाश गहलोत का कहना है कि चार जून के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं। प्रदेश में 14 मुस्लिम जातियों को ओबीसी में आरक्षण दिया जा रहा है, जिनको कांग्रेस के समय शामिल किया गया। भाजपा की पिछली सरकारों के समय इनकी समीक्षा नहीं होने के लिए मैं जिम्मेदार नहीं हूं। धर्म के आधार पर यह आरक्षण संविधान के विरुद्ध है। इस बारे में उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर समीक्षा कराई जाएगी, जिसके बाद कार्रवाई होगी। प्रदेश में ओबीसी में 91 जाति-वर्ग शामिल हैं।

## केरल की पेरियार नदी में हजारों मछलियां मरीं, सरकार सतर्क

**कोच्चि, एजेंसी।**
केरल की पेरियार नदी में हजारों मछलियों के मरने के बाद सरकार सतर्क हो गई है। सरकार ने गुरुवार को बैठक कर पेरियार नदी में हजारों मछलियों की मौत की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए दीर्घ व अल्पकालिक सुरक्षा उपायों पर चर्चा की। गत मंगलवार को वरपुझा, कदमक्कुडी और चेरनल्लूर के निकट मछली फार्मों में बड़ी संख्या में मछलियां मृत मिली थीं। इसके विरोध में मछली पालकों, पर्यावरणविदों और राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ताओं समेत स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया था। माना जा रहा है कि पानी में ऑक्सीजन की कमी के कारण बड़ी संख्या में मछिलयों की मौत हुई। केरल के उद्योग मंत्री पी. राजीव ने पत्रकार वार्ता में बताया कि नियामक-सह-पुल के दरवाजे खोले जाने के कारण हजारों मछलियों की मौत हुई। मौत का कारण जानने के लिए केरल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पानी की जांच की जा रही है और मृत मछिलयों के सैंपल की जांच केरल मत्स्य पालन एवं महासागर अध्ययन विश्वविद्यालय (केयूएफओएस) और घटना की जांच उप जिलाधकारी के नेतृत्व में समिति द्वारा की जा रही है।

### विशेष समिति शनिवार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी

प्रदूषण बोर्ड, केयूएफओएस की जांच और विशेष समिति शनिवार को अपनी रिपोर्ट सौंप देंगे और इसके आधार पर अगला कदम उठाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बैठक में उठाए जाने वाले निवारक उपायों की भी जानकारी दी।

## जवाहर नवोदय विद्यालय अन्य जिले के छात्र को प्रवेश देने से नहीं रोक सकते: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाईकोर्ट ने जवाहर नवोदय विद्यालय को निर्देश दिया कि वह सुनिश्चित करे कि किसी छात्र को मात्र इस आधार पर प्रवेश से वंचित नहीं किया जाए कि वह उस जिले का नहीं है जहां पर स्कूल स्थित है। न्यायमूर्ति सी.हरि शंकर ने जवाहर नवोदय विद्यालय, मुंगेशपुर के उस आदेश को रद्द कर दिया



जिसमें एक छात्रा को प्रवेश देने से मना किया गया था। अदालत ने कहा कि छात्रा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान छठी कक्षा में प्रवेश की अर्हता रखती है और वहां पर अपनी पढ़ाई जारी रखेगी। अदालत ने यह आदेश एक छात्रा की याचिका पर सुनाया जिसने पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई राष्ट्रीय राजधानी के पेशवा रोड स्थित नवयुग स्कूल में की थी और मुंगेशपुर स्थित जवाहर नवोदय स्कूल में छठी कक्षा में प्रवेश चाहती थी। स्कूल ने छात्रा को इस आधार पर प्रवेश देने से मना कर दिया था कि उसकी पिछली पढ़ाई नयी दिल्ली जिले में हुई थी जबकि मुंगेशपुर इलाका उत्तर पश्चिम दिल्ली के अंतर्गत आता है। उच्च न्यायालय ने घ्यान दिलाया कि उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ ने इसी प्रकार के मामले पर गौर किया था। एक खण्डपीठ में यह मामला लंबित होने के दौरान एक अंतरिम उपाय के तौर पर पूर्व याचिका वाले छात्रा को जवाहर नवोदय विद्यालय, में पढ़ाई जारी रखने की अनुमति दी जाती है। न्यायमूर्ति शंकर ने कहा, जेएनवी (जवाहर नवोदय विद्यालय) को इसलिए यह सुनिश्चित करने निर्देश दिया जाता है अब से (पूर्व) निर्णय का अनुपाल किया जाए तथा छात्रों को इस आधार पर जेएनवी में प्रवेश से वंचित नहीं रखा जाए कि वे उस जिले के नहीं हैं जहां जेएनवी स्थित है।

# केजरीवाल का हो नर्को टेस्ट; स्वाति के पूर्व पति ने सीएम को बताया पिटाई कांड का मास्टरमाइंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले पर उनके पूर्व पति नवीन जयहिंद ने कहा है कि इस घटना के लिए अरविंद केजरीवाल जिम्मेदार हैं। वही इस हमले के मास्टरमाइंड हैं, उनका नार्को टेस्ट कराया जाए। उनके माता-पिता के के पास कुछ नहीं है। साथ ही कहा कि इस मामले की हाई कोर्ट के जज से पूरे मामले की जांच कराई जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच-पड़ताल होनी चाहिए। कहा कि स्वाति की जान को खतरा है। उन्हें डराया, धमकाया जा रहा है। पहले स्वाति का केजरीवाल के आवास पर चीरहरण किया गया और अब सेशल मीडिया पर चरित्र हनन किया जा रहा है। कहा कि अगर जांच-पड़ताल सही से हुआ और केजरीवाल का नार्को टेस्ट कराया गया तो सभी चीजें बाहर निकलकर आएंगी। कहा कि मैं केजरीवाल को 2008 से जानता हूं। नवीन जयहिंद ने एक और मामले का जिक्र करते हुए बताया कि प्रशांत भूषण, आनंद



कुमार, योगेंद्र यादव और कुमार विश्वास के सामने एक शिकायत आई थी। हालांकि उन्होंने शिकायतकर्ता का नाम नहीं बताया। जयहिंद ने कहा कि इन नेताओं को स्वाति के मामले में बोलना चाहिए। कहा कि यह सामान्य मामला नहीं है। स्वाति की जान को खतरा है। उसकी सुरक्षा का भी इंतजाम होना चाहिए। जिस तरह से लोग गलत चीजें फैला रहे हैं सोशल मीडिया के जरिए, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने इस घटना को साजिश बताते हुए कहा कि यह पार्टी पर वर्चस्व को लेकर झगड़ा का नतीजा है। कहा कि संजय सिंह केजरीवाल का तोता है। वह खुद मुख्यमंत्री बनना चाहता था। जब उसका नंबर कट गया तो कहा कि आतिशी बन जाएगी। लेकिन जब केजरीवाल ने जेल जाने के बाद अपनी पत्नी को आगे कर दिया तो खेल वहीं से शुरू हुआ है। जयहिंद ने कहा कि करप्शन, कैरेक्टर और क्रिमनल, इन तीनों चीजों को लेकर इनका नार्को टेस्ट कराया जाए।

## अग्निपथ योजना पर चुनाव आयोग का कांग्रेस को निर्देश गलत, पूर्व केंद्रीय मंत्री चिदंबरम ने उठाए गंभीर सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने गुरुवार को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा कांग्रेस को अग्निपथ योजना का राजनीतिकरण न करने का निर्देश देना गलत है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति की आलोचना करना विपक्ष का अधिकार है।

चुनाव आयोग ने बुधवार को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं द्वारा अग्निपथ योजना पर की गई टिप्पणी का हवाला देते हुए कांग्रेस को सशस्त्र बलों का राजनीतिकरण नहीं करने को कहा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री चिदंबरम ने एक्स पोस्ट में चुनाव आयोग के निर्देश को गलत बताते हुए कहा कि राजनीतिकरण का क्या मतलब होता है? क्या आयोग का मतलब आलोचना से है? अग्निवीर योजना सरकार की नीति का उत्पाद है। ऐसे में विपक्षी राजनीतिक पार्टी को सरकार की नीति की आलोचना करने और सत्ता में आने पर खत्म करने की घोषणा करने का अधिकार है।

### अग्निवीर योजना सैनिकों की दो श्रेणियां बनाती हैं- चिदंबरम

अग्निवीर योजना सैनिकों की दो श्रेणियां बनाती हैं, जो साथ में लड़ती हैं लेकिन यह गलत है। अग्निवीर योजना में युवाओं को चार साल के लिए नौकरी पर रखा जाता है और बाद में उसे बिना नौकरी और पेंशन के निकाल दिया जाता है। विरोध किए जाने के बावजूद सरकार ने अग्निवीर योजना को सेना पर थोप दिया। इस कारण यह खत्म की जानी चाहिए।

# कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम का ऐलान



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** कुवैत के खिलाफ छह जून को होने वाले विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिये भारत की 27 सदस्यीय फुटबॉल टीम का ऐलान कर दिया गया है जिसमें फॉरवर्ड पार्थिब गोगोई और डिफेंडर मोहम्मद हम्माद चोट के कारण बाहर हैं जबकि अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री का यह आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कोलकाता में होने वाले मैच के लिये टीम का ऐलान किया। भुवनेश्वर में 32 खिलाड़ी शिविर में थे जिनमें से पांच (फुरबा लाचेंपा, पार्थिब, इमरान खान, हम्मदाद और जितिन एमएस) को रिलीज कर दिया गया है। स्टिमक ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'ये सभी काफी पेशेवर और मेहनती हैं। इनके बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है। पार्थिब और हम्माद को कुछ दिन पहले चोट लगी थी और उन्हें एक से दो हफ्ते आराम की जरूरत है।

बाकी खिलाड़ी भुवनेश्वर में अभ्यास करते रहेंगे और 29 मई को कोलकाता जाएंगे। कुवैत से उनका सामना विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन में छह जून को होगा। इसके बाद भारतीय टीम 11 जून को कुवैत में खेलेगी। भारत इस समय चार मैचों में चार अंक लेकर ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। इस मैच के साथ ही छेत्री अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के अलविदा कह देंगे जिन्होंने भारत के लिये सर्वाधिक 94 गोल किए हैं। यह उनका 151वां मैच होगा।

टीम :

**गोलकीपर:** गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, विशाल कैथ

**डिफेंडर:** अमय रणवाडे, अनवर अली, जय गुप्ता, लालचुंगनुंगा, मेहताब सिंह, नरेंदर , निखिल पुजारी, राहुल भेके, शुभाशीष बोस

**मिडफील्डर:** अनिरूद्ध थापा, ब्रेंडन फर्नांडिस, एडमंड लालरिंडिका, जैकसन सिंह, लालियांजुआला छांगटे, लिस्टन कोलासो, महेश सिंह नाओरेम, नंदकुमार शेखर, सहल अब्दुल समद, सुरेश सिंह

**फॉरवर्ड:** डेविड एल, मनवीर सिंह, रहीम अली, सुनील छेत्री, विक्रम प्रताप सिंह।

# न ही मैंने और न बीसीसीआई ने किसी भी ऑस्ट्रेलियाई को कोच बनने का ऑफर दिया : जय शाह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राहुल द्रविड़ के बाद भारतीय टीम का नया कोच कौन होगा, इस सवाल को लेकर क्रिकेट जगत में हलचल तेज है। इस बीच बीसीसीआई सचिव जय शाह ने यह साफ कर दिया है कि भारतीय बोर्ड या उनकी तरफ से किसी भी ऑस्ट्रेलियाई से इस पद के लिए संपर्क नहीं किया गया है और मीडिया में जो खबरें चल रही हैं, वह गलत हैं। जय शाह ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर स्पष्ट किया कि इन अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है। पुरुष क्रिकेट टीम के लिए बीसीसीआई नए मुख्य कोच की तलाश कर रहा है, क्योंकि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप 2024 के बाद समाप्त हो जाएगा।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 13 मई को सोशल मीडिया के जरिए भारतीय पुरुष टीम के नए मुख्य कोच के लिए आवेदन मांगे थे, जिसकी समय सीमा 27 मई निर्धारित की गई है। भारत के अगले मुख्य कोच की नियुक्ति 1 जुलाई, 2024 से 31 दिसंबर, 2027 के लिए होगी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग, जिन्होंने आईपीएल 2024 को दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच के रूप में समाप्त किया था। उन्होंने यह कहा था कि हाल ही में उनसे भारत के अगले मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेने के लिए उनसे संपर्क किया गया है। पोंटिंग ने आईसीसी को बताया था, आईपीएल के दौरान कुछ छोटी-मोटी व्यक्तिगत बातचीत हुई थी, बस मेरी रुचि जानने के लिए कि क्या मैं यह करूंगा। हालांकि, बीसीसीआई सचिव ने ऐसी रिपोर्ट का खंडन किया। शाह ने कहा, न तो मैंने और न ही बीसीसीआई ने किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी से संपर्क किया है। कुछ मीडिया चैनलों में चल रही खबरें पूरी तरह से गलत हैं।

शाह ने आगे कहा, हमारी नेशनल टीम के लिए सही कोच ढूंढना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। हम ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो भारतीय क्रिकेट संरचना की गहरी समझ रखते हों।

बीसीसीआई सचिव ने यह भी बताया कि भारतीय घरेलू क्रिकेट की समझ होना अगले कोच की नियुक्ति के लिए महत्वपूर्ण मानदंडों में से एक होगा। उन्होंने कहा कि यह समझ टीम इंडिया को अगले स्तर तक ले जाने के लिए महत्वपूर्ण होगी। दरअसल, भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य बनने की दौर में पहले से कई बड़े नाम शामिल हैं।

इस बीच पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर से जुड़ी खबरों ने इस मुद्दे को और हवा दी थी। कई रिपोर्ट में दावा किया गया कि दोनों ही ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य बनने को तैयार नहीं हैं, लेकिन अब इस मामले में बीसीसीआई सचिव जय शाह का जो बयान सामने आया है, उसने इन अफवाहों पर लगाम लगा दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### Chess:

### ईरान के दानेश्वर बने शारजाह मास्टर्स के विजेता



**शारजाह, एजेंसी।** अर्जुन छह अंक लेकर शीर्ष-10 में शामिल एकमात्र भारतीय रहे। भारतीय खिलाड़ी ने चार जीत दर्ज की, चार ड्रॉ खेले और एक में उन्हें हार मिली। जीएम अरविंद चिदंबरम (5.5 अंक) अंतिम तीन दौर में केवल आधा अंक ही जुटा सके। भारत के शीर्ष वरीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने शारजाह मास्टर्स अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट के नौवें और अंतिम दौर में ईरान के बरदिया दानेश्वर से ड्रॉ खेला जो विजेता रहे। वहीं, अर्जुन शीर्ष 10 में शामिल रहे। तालिका में शीर्ष पर चार खिलाड़ियों के बीच 6.5 अंक से टाई रहा लेकिन दानेश्वर ने सर्वश्रेष्ठ टाईब्रेक स्कोर से सभी को पछाड़ते हुए अपना पहला खिताब जीत लिया।

अर्जुन शीर्ष-10 में शामिल एकमात्र भारतीय रूस के वोलोदार मुर्जिन दूसरे, अमेरिका के सैम शंकलैंड तीसरे और उज्बेकिस्तान के शम्सिद्दीन वाखिदोव चौथे स्थान पर रहे। इसके बाद आठ खिलाड़ियों में टाई रहा और अर्जुन छह अंक लेकर शीर्ष-10 में शामिल एकमात्र भारतीय रहे। भारतीय खिलाड़ी ने चार जीत दर्ज की, चार ड्रॉ खेले और एक में उन्हें हार मिली। जीएम अरविंद चिदंबरम (5.5 अंक) अंतिम तीन दौर में केवल आधा अंक ही जुटा सके जिससे वह हमवतन अभिमन्यु पुराणिक और पी इनियान के साथ संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर रहे।

# खिलाड़ियों के साथ इंसान की तरह व्यवहार करो

## अभिनव बिंद्रा ने दी अधिकारियों को सलाह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीजिंग 2008 ओलंपिक खेलों में 10 मीटर एयर राइफल के स्वर्ण पदक विजेता बिंद्रा ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है जो केवल खिलाड़ियों के लिए नहीं बल्कि कोचों के लिए भी जरूरी है तथा खेल मनोवैज्ञानिकों को उनके साथ काफी सयंम बरतना चाहिए।

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने बृहस्पतिवार को खेल पारिस्थितिकी तंत्र के हिस्सेदारों से अनुरोध किया कि वे खिलाड़ियों से पदक जीतने वाले रोबोट की तरह नहीं बल्कि इंसान की तरह ही बर्ताव करें। भारतीय खिलाड़ियों की ओलंपिक, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेलों सभी बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हालिया सफलता से सिर्फ खिलाड़ियों के दर्जे में ही इजाफा नहीं हुआ है बल्कि इससे उनसे लगी उम्मीदों का बोझ भी बढ़ा है।

बीजिंग 2008 ओलंपिक खेलों में 10 मीटर एयर राइफल के स्वर्ण पदक विजेता बिंद्रा ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है जो केवल खिलाड़ियों के लिए नहीं बल्कि कोचों के लिए भी जरूरी है तथा खेल मनोवैज्ञानिकों को उनके साथ काफी सयंम बरतना चाहिए। बिंद्रा ने यहां कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में खेल मनोवैज्ञानिकों के साथ वर्चुअल बातचीत में कहा, ''सबसे अहम चीज है कि खिलाड़ियों से इंसान की तरह व्यवहार करना और उन्हें पदक जीतने वाले रोबोट की तरह तैयार करने का काम नहीं करना।

उन्होंने कहा, ''खिलाड़ियों के साथ भरोसा और रिश्ता बनाना बहुत महत्वपूर्ण है। खिलाड़ियों के साथ लगातार मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए खेल मनोवैज्ञानिक को धैर्य बरतना चाहिए।''

बिंद्रा ने खेल मनोवैज्ञानिकों से अनुरोध किया कि वे खिलाड़ियों, विशेषकर निशानेबाजों का तोक्यो में उनके पिछले ओलंपिक के प्रदर्शन के आधार पर आकलन नहीं करे बल्कि वे मौजूदा समय किस स्थान पर है, इसके आधार पर उन्हें देखना चाहिए।

# दिनेश कार्तिक के बाद एक और दिग्गज की होगी भावुक विदाई...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट में लंबे समय तक दस्ताने से कोहराम मचाने वाले दिनेश कार्तिक ने राजस्थान के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की दिल तोड़ने वाली हार के बाद क्रिकेट किट टांगने का फैसला किया था। हालांकि, उन्होंने यह बड़े सामान्य तरीके से किया। डीके ने न तो कोई पोस्ट लिखा और न ही किसी तरह का बयान दिया। आरसीबी ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया तो रिटायरमेंट का पता चला।

अब उनके साथी शिखर धवन ने ऐसा बयान दिया है, जिससे माना जा रहा है कि वह भी जल्द ही क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं। दरअसल, इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सीजन में पंजाब किंग्स का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। शिखर धवन एंड कंपनी अंतिम स्टैंडिंग में नौवें स्थान पर रही। पंजाब किंग्स को आखिरी मैच में धर्मशाला में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से 60 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिससे आईपीएल 2024 की प्लेऑफ दौड़ से उनका समय से पहले बाहर होना तय हो गया। हालांकि, चोट के कारण कप्तान धवन लंबे समय से प्लेइंग-11 से बाहर थे। सलामी बल्लेबाज धवन को 9 अप्रैल को पूर्व चैंपियन सनराइजर्स हैदराबाद (स्त्रा) के खिलाफ कंधे में चोट लग गई थी।

धवन की जगह इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन ने पंजाब की कप्तानी संभाली। करन और जितेश शर्मा ने आईपीएल 2024 के शेष भाग के लिए धवन-रहित टीम की कप्तानी की। एक निराशाजनक अभियान के बाद अनुभवी भारतीय सलामी बल्लेबाज धवन ने 2024 सीजन में पंजाब किंग्स के लिए केवल पांच मैच खेले।

बचपन में पिता को खोने वाली

# 15 साल की प्रीतिस्मिता ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

## 133 किलो वजन उठाकर जीता सोना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली पहली युवा मीराबाई चानू के बाद दूसरी और युवा वर्ग में 133 किलो वजन उठाकर विश्व कीर्तिमान बनाने वाली प्रीतिस्मिता भोई देश की पहली वेटलिफ्टर हैं। चानू सीनियर वर्ग में क्लीन एंड जर्क का विश्व रिकॉर्ड बना चुकी हैं। ओडिशा के पिछड़े इलाके ढेंकनाल की 15 वर्षीय वेटलिफ्टर प्रीतिस्मिता भोई ने पेरू की राजधानी लीमा में इतिहास रच दिया।

विश्व युवा वेटलिफ्टिंग बैंपियनशिप में उन्होंने विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। प्रीतिस्मिता ने 40 किलो भारवर्ग में कुल 133 (57+76) किलो वजन उठाया। उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 76 किलो वजन उठाकर 75 किलो का विश्व कीर्तिमान ध्वस्त कर दिया। ओडिशा की ही ज्योशना साबर ने इसी भारवर्ग में कुल 125 किलो वजन के साथ रजत पदक जीता।

विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली पहली युवा मीराबाई चानू के बाद दूसरी और युवा वर्ग में विश्व कीर्तिमान बनाने वाली प्रीतिस्मिता देश की पहली वेटलिफ्टर हैं। चानू सीनियर वर्ग में क्लीन एंड जर्क का विश्व रिकॉर्ड बना चुकी हैं।

### बहन भी हैं राष्ट्रीय पदक विजेता

गोपाल बताते हैं कि वह केंद्रीय विद्यालय की स्कूल मीट में गए थे। यहां दो बहनें बड़ी विदुस्मिता और छोटी प्रीतिस्मिता 100, 400 मी. दौड़ में पहले और दूसरे स्थान पर आ रहीं थीं। उन्हें लगा दोनों को लिफ्टर बनाया जा सकता है। तब उन्होंने उनकी मां जमुना देवी से बात की। वह तैयार नहीं हुई कि वजन उठाने वाले खेल में उनकी बेटियों आएं। काफी समझाने के बाद वह तैयार हो गईं। विदुस्मिता भी राष्ट्रीय यूथ वेटलिफ्टिंग, खेलो इंडिया में पदक जीत चुकी हैं।

### बचपन में पिता को खोया, मां ने संघर्षों से पाला

दो साल की उम्र में उठा पिता का साया, कोच ने स्कूल में दौड़ते देखा तो मां से गुहार लगा बनाया वेटलिफ्टर प्रीतिस्मिता सिर्फ दो साल की थीं, जब उनके सिर से पिता का साया उठ गया।

मां के ऊपर मुसीबतों को पहाड़ टूट पड़ा। उन्होंने दोनों बेटियों को संघर्षों के साथ पिता बनकर पाला और ढेंकनाल के केंद्रीय विद्यालय में दाखिला कराया। यहीं कोच गोपाल कृष्ण दास ने दोनों बहनों को स्कूल मीट में दौड़ते देखा तो उन्हें वेटलिफ्टर बनाने का फैसला किया। दोनों ने ही चार वर्ष के अंदर परिणाम देने शुरू कर दिए हैं।

# पेरिस ओलंपिक के लिए दम लगाने उतरेंगे भारतीय मुक्केबाज, पंघाल पर रहेंगी नजरें

**बैंकॉक, एजेंसी।** मार्च में पिछले विश्व क्वालीफायर में भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसमें केवल 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव ही पहले दौर की बाधा पार कर पाए थे। भारतीय मुक्केबाज शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए उपलब्ध अंतिम स्थान हासिल करने के इरादे से रिंग में उतरेंगे।

पिछले क्वालीफाइंग टूर्नामेंट तक भारतीय मुक्केबाजों ने चार कोटे हासिल किए हैं लेकिन महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करने वाली परवीन हुड्डा पर ठिकाने की जानकारी देने में विफलता के कारण 22 महीने का प्रतिबंध लगाए जाने की शर्मनाक घटना के बाद ये घटकर अब तीन हो गए हैं। भारत ने इस प्रतियोगिता के लिए कुल 10 मुक्केबाज उतारे हैं जिसमें सात पुरुष और तीन महिलाएं हैं।

### अमित पंघाल को किया गया शामिल

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने काफी बदलाव किए हैं जिसमें भारत के एकमात्र पुरुष विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल आखिरकार टीम में शामिल किए गए हैं क्योंकि दीपक भोरिया पहले दो क्वालीफाइंग



टूर्नामेंट में 51 किग्रा वजन वर्ग में कोटा हासिल करने में विफल रहे। पंघाल ने इस साल के शुरू में स्ट्रेंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

उन्हें ओलंपिक के लिए जगह बनाने का केवल एक ही मौका मिलेगा और पूर्व एशियाड चैंपियन इसका पूरा फायदा उठाने का प्रयास करेगा। पंघाल को दूसरी वरीयता मिली है और उन्हें पहले दौर में बाई मिली है जिससे क्वार्टर फाइनल में उनके चीन के लियू चुआंग या किर्गिस्तान के अनवरझान खोदजिएव से भिड़ने की संभावना है।

### पिछले क्वालीफायर में निराशाजनक रहा था प्रदर्शन

मार्च में पिछले विश्व क्वालीफायर में भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिसमें केवल 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव ही पहले दौर की बाधा पार कर पाए थे। इस दौरान कोचिंग संकट भी पैदा हो गया क्योंकि हाई परफोरमेंस निदेशक बर्नार्ड डुने ने पहले ही विश्व क्वालीफायर के दौरान अपना इस्तीफा सौंप दिया।

अभिनाश जामवाल को भी ओलंपिक पदार्पण के लिए कट हासिल करने का मौका दिया गया है क्योंकि अनुभवी शिवा थापा 63.5 किग्रा वजन वर्ग में बार-बार विफल रहे हैं और इस वजन वर्ग में पांच कोटे दांव पर लगे हैं। जामवाल लिथुआनिया के आंद्रिजस लावरेनोवास के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे।

### जैसमीन-अंकुशिता भी करेंगी प्रतिस्पर्धा

महिलाओं के वर्ग में अंकुशिता बोरो 66 किग्रा में खेलती थीं लेकिन अब वह 60 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करेंगी और कट हासिल करने के लिए उन्हें शीर्ष तीन में रहना होगा। अंकुशिता ने इस वजन वर्ग में जैसमीन लम्बोरिया की जगह ली जो पहले दो क्वालीफाइंग में कोटा जुटाने में विफल रहीं। अंकुशिता पहले दौर में मंगोलिया की नामुन मोनखोर के सामने होंगी। बाद में उनके उज्बेकिस्तान की राशिदा टागिरोवा के सामने होने की उम्मीद है। जैसमीन को तीसरा मौका 57 किग्रा वजन वर्ग में दिया गया है जिसमें परवीन को प्रतिबंधित किया गया है।

# अमेरिका ने तो बांग्लादेश को बर्बाद कर दिया, लगातार दूसरे टी20 में उतरी इज्जत

## हाथ से फिसला सीरीज

**प्रेरी, एजेंसी।** बांग्लादेश को तो पाकिस्तान भी हरा देता है... यह कहना था आईसीसी रैंकिंग में नंबर एक ऑलराउंडर शाकिब अल हसन का। शाकिब ने यह बात तब कही जब अमेरिका के खिलाफ बांग्लादेश को पहले टी20 में हार मिली थी। शाकिब को लगा कि अमेरिका को यह जीत उसके खेल से नहीं किस्मत से मिली है, लेकिन जब दूसरे टी20 मैच में भी टीम को 6 रन से हार मिली तो शाकिब का घमंड चूर-चूर हो गया। अमेरिका की धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप से पहले पूरी बांग्लादेशी टीम शर्मसार हो गई।

दरअसल तीन टी20 मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में अमेरिका ने बांग्लादेश को पीटकर अब 2-0 से सीरीज पर अजेय बढ़त बना ली है। बांग्लादेश के खिलाफ इस मुकाबले में



अमेरिका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 144 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में बांग्लादेशी टीम 19.3 ओवर में 138 रन बनाकर ढेर हो गई। इस तरह अमेरिका ने लगातार दो टी20 मैचों में जीत दर्ज कर बांग्लादेश को शर्मसार कर दिया।

### 7 बल्लेबाज दहाई तक भी नहीं पहुंचे

अमेरिका के लिए 144 रनों के बचाव करने उतरे सौरव नेत्रवलकर और अली खान ने जबरदस्त गेंदबाजी का प्रदर्शन किया।

सौरभ ने तीन ओवर में सिर्फ 15 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा अली खान के खाते में तीन विकेट आया।

अली खान ने 3.3 ओवर में 25 रन खर्च किए। इन दोनों के साथ शैडली वैन शल्कविक ने दो विकेट, जगदीप सिंह और कोरी एंडरसन ने एक-एक विकेट हासिल किए। बांग्लादेश की पारी में कुल 7 बल्लेबाज ऐसे रहे जो दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाए।

### सीरीज से पहले घमंड में चूर थे शाकिब अल हसन

अमेरिका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से पहले बांग्लादेश के दिग्गज ऑलराउंडर खुश नहीं थे।

उनका मानना था कि अमेरिका और आयरलैंड जैसी टीमों के खिलाफ टी20 सीरीज से विश्व कप की तैयारी नहीं हो पाएगी, लेकिन बांग्लादेश की टीम मैदान पर उतरी तो अमेरिका जैसी टीम के खिलाफ उनकी हवा निकल गई है।

## एक नजर

### यादव कॉलेज के शिक्षक संघ अध्यक्ष बने नरेश, सचिव बने विवेक

**औरंगाबाद (का.सं.)।** राम लखन सिंह यादव कॉलेज में शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन करते हुए कमेटी का पुनर्गठन किया गया। शुक्रवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रो. डॉ अरुण कुमार ने की। शिक्षक संघ के विभिन्न पदों पर सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। डॉ नरेश कुमार सिंह को अध्यक्ष, डॉ अरविंद कुमार सिंह को उपाध्यक्ष, डॉ विवेक कुमार को सचिव, डॉ चंदन कुमार को संयुक्त सचिव एवं डॉ तरुण माथुर को कोषाध्यक्ष चुना गया। शिक्षक संघ का पुनर्गठन करते हुए भविष्य में मांगों को लेकर संघर्ष करने की बात कही गई। शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने कहा कि मगध विश्वविद्यालय अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों के हितों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। विभिन्न मांगों को लेकर कई बार संघर्ष हुए लेकिन आश्वासन के बाद उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। भविष्य में अपनी मांगों को लेकर संगठन के साथ विचार विमर्श कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। शिक्षकों को उनके अधिकार देने होंगे। इसके साथ ही संघ को मजबूती प्रदान करने की बात कही गई। नए सदस्यों को जोड़ने और बैठक आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। सभी सदस्यों ने सकारात्मक रूप से संघ के कार्यों को आगे बढ़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डा. योगेश्वर यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### आठवीं पास 1158 बच्चे अभी स्कूल से बाहर

**कुटुंबा(औरंगाबाद) (का.सं.)।** कुटुंबा प्रखंड में इस वर्ष आठवीं पास करने वाले 1158 बच्चे अभी स्कूल से बाहर है। विदित हो कि प्रखंड के 87 मिडिल स्कूलों से इस वर्ष 3134 बच्चों ने आठवीं की परीक्षा पास की है। इन बच्चों को नौवीं में नामांकन कराना है। इनमें से 1976 बच्चों ने नामांकन करा लिया है। शेष 1158 बच्चों ने अभी नामांकन नहीं लिया है। बताते चलें कि इस वर्ष आठवीं पास छात्रों के लिए नौवीं में नामांकन की प्रक्रिया में विभाग ने बदलाव किया है। पूर्व के वर्षों में आठवीं पास का छात्र विद्यालय से परित्याग प्रमाण पत्र प्राप्त कर जिस विद्यालय में इच्छा होती थी उस विद्यालय में अपना नामांकन करा लेते थे, पर इस वर्ष ऐसा नहीं है। विभाग का निर्देश है कि जिन बच्चों ने जिस पंचायत के मिडिल स्कूल से आठवीं की परीक्षा पास की है वे उसी पंचायत के माध्यमिक के स्कूल में नामांकन कराएंगे। ऐसे में कई बच्चों के सामने परेशानी खड़ी हो गई है जिसके चलते वे अभी तक अपना नामांकन नहीं करा सके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर पंचायत के मध्य में माध्यमिक स्कूल स्थापित नहीं किया गया है। जिन पंचायतों में पंचायत के एक किनारे के गांव में माध्यमिक विद्यालय अवस्थित है, उन पंचायत के दूसरे छोर के गांव के बच्चों को विद्यालय तक पहुंचने में काफी परेशानी है। ऐसे बहुतेरे बच्चों को सीमावर्ती पंचायत का माध्यमिक विद्यालय नजदीक है, पर वहां उनका नामांकन नहीं हो रहा है। ऐसी स्थिति में बच्चे नामांकन के लिए हाथ-पांव मार रहे हैं।

लोकसभा आम निर्वाचन- 2024, काराकाट लोकसभा क्षेत्र

# डीएम-एसपी ने किया समीक्षा सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शुक्रवार को समाहरणालय के नगर भवन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के एवं पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के द्वारा संयुक्त रूप से द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन- 2024 काराकाट-35 संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन क्षेत्र के ओबरा, गोह तथा नवीनगर तथा विधानसभा अंतर्गत प्रतिनियुक्ति सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का समीक्षा सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर सभी प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को उनके कार्यो एवं दायित्वों के संबंध में अवगत कराया गया।



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी, ने उक्त अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि उत्कृष्ट चुनावी प्रबंधन में सेक्टर पदाधिकारी की भूमिका अत्याधिक महत्वपूर्ण होती है। वे पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी तथा जिला निर्वाचन पदाधिकारी के बीच सेतु के रूप में कार्य करते हैं। सेक्टर पदाधिकारी का दायित्व निर्वाचन की घोषणा के दिन से निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्ति तक होता है। तदनुसार उन्हें अपने-अपने आवंटित भौगोलिक क्षेत्रों के प्रत्येक स्थल से परिचित होना चाहिए ताकि मतदाता बिना किसी रोक-टोक के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। प्रशिक्षण के क्रम में निर्देश दिया गया कि सभी प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी भौतिक रूप से मतदान केन्द्रो का सतत् निरीक्षण कर मतदान केन्द्रों में उपलब्ध संसाधनों मतदान केंद्र का नाम, दीवार लेखन, भवन की स्थिति, बिजली, पानी, शौचालय, रैंप, उपस्कर, मार्गीय सुविधा, दूर संचार आदि का अवलोकन करेगें एवं आवश्यक न्यूनतम सुविधा के संदर्भ में जानकारी प्राप्त कर किसी प्रकार की कमी की स्थिति में अविलंब सूचित करेंगे ताकि ससमय मतदान के पूर्व सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकें। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में सेक्टर पदाधिकारी को यदि किसी भी प्रकार की समस्याआती है तो इस संबध में अविलंब संबंधित पदाधिकारियों को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू संचालन हेतु विधि व्यवस्था के संदर्भ में यथोचित दिशा-निर्देश दिये गये है। निर्वाचन प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों की सूची तैयार करने एवं उनके विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

जिले के चुनाव कार्य से संबंधित तीनों विधानसभा ओबरा, गोह तथा नबीनगर विधान सभा सेक्टर पदाधिकारियों को कहा गया कि अपने निर्वाचन दायित्वों का निष्पादन करते हुए यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार-प्रसार जन-सम्पर्क कार्यक्रम में शामिल नहीं होना है एवं रूट चार्ट के अनुसार मतपेटिका, मतदान दल को लेकर जाएंगे तथा मतदान समाप्ति के पश्चात सभी सेक्टर दण्डाधिकारी अपने क्षेत्र से संबंधित मतदान दल को अपने साथ सुरक्षा घेरे मे रिसीविंग सेन्टर तक लाना सुनिश्चित करेंगे। उक्त प्रशिक्षण अवसर पर अपर समाहर्ता श्री ललित रंजन भूषण, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार, सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# मिड डे मील खाने के बाद 100 से अधिक बच्चों की बिगड़ी तबीयत, भेजे गए अस्पताल

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबादद)।** एक सरकारी स्कूल में मिड डे मील खाने पर 100 से अधिक विद्यार्थी बीमार पड़ गए। घटना रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय हिंदी की है जहां एमडीएम का खाना खाने के बाद अचानक कई बच्चे बीमार पड़ने लगे। जिससे स्कूल में अफरातफरी का माहौल बन गया। बच्चों के फूड प्वाइजनिंग का शिकार होने की बात सामने आयी है। बीमार बच्चों को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। राजकीय मध्य विद्यालय अरथुआ हिंदी में मिड डे मील का खाना खाते ही सौ से ऊपर की संख्या में विद्यार्थी बीमार पड़ गए। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग और पुलिस व प्रशासन की टीम एक्टिव हो गयी। रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मी, कासमा पुलिस एवं रफीगंज पुलिस द्वारा इलाज के लिए बीमार बच्चों को कासमा एवं रफीगंज के नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने बच्चों का उपचार शुरू किया।



प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि फूड पॉइजनिंग के कारण सभी बच्चे बीमार पड़ गए थे। उन्होंने बताया कि बच्चों को उल्टी और दस्त की शिकायत थी। फिलहाल सभी बच्चों की स्थिति सामान्य है। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 अमित कुमार मौके पर पहुंचे और विद्यार्थियों से मिलकर हाल जाना।

विद्यार्थियों के परिजनों को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने आश्वासन देते हुए कहा कि इस घटना में जो भी दोषी होगा, उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि एमडीएम द्वारा जो खाना आता है उसमें छिपकली पाया गया है, जिसके कारण सभी बच्चों की तबीयत बिगड़ी है। बता दें कि जैसे ही सभी बच्चों को अस्पताल लाया गया, वैसे ही अस्पताल में अफरा-तफरी की स्थिति रही।

## बीएड कोर्स में दाखिले के लिए अबतक 1.70 लाख आवेदन

**पटना(नि.सं.)।** राज्य के सरकारी और निजी बीएड कॉलेजों में अब तक एक लाख 70 हजार छात्रों ने पंजीयन करा लिया है। बिना विलंब शुल्क के साथ आवेदन का अंतिम मौका 26 तक है। इनमें से अब तक 1 लाख 23 हजार 298 आवेदकों ने परीक्षा शुल्क जमा कर दिया है। आवेदकों को सीईटी-बीएड-2024 के लिए बिना विलंब शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन करने के लिए लगभग एक माह का समय दिया गया है, जिसमें मात्र अब दो दिन शेष बचा हुआ है।

## जिला जज ने किया अनुमंडलीय कारा का औचक निरीक्षण

- जिला जज ने कैदियों को प्रदान किया जा रहे भोजन, स्वच्छता आदि का में विशेष निरीक्षण करते हुए जेल प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिया।

निज संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक राज ने शुक्रवार को दाउदनगर अनुमंडलीय कारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला जज ने कारा में मौजूद बुनियादी व्यवस्थाओं को देखा। जिला जज ने जेलों की स्थिति के संबंध में चिंता को समझने के लिए तथा कैदियों की विधिक सहायता सेवाओं तक पहुंच और जेल में स्थापित कानूनी सहायता क्लिनिक के कामकाज को भी देखा तथा कैदियों से संवाद भी किया।

कैदियों की चिंता को समझने के लिए तथा उनकी कानूनी प्रतिनिधित्व तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिया तथा उन्हें प्रदान किए जा रहे आहार, भोजन, स्वच्छता आदि का में विशेष निरीक्षण करते हुए जेल प्रशासन को कई आवश्यक निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम भी मौजूद रहें। सचिव ने सभी कैदियों से उनके विधिक प्रतिनिधित्व के लिए अधिवक्ता के बारे में जानकारी प्राप्त की। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जेलों में प्रदान किये जाने वाले आहार, भोजन, स्वच्छता के संबंध में विशेष निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। इस क्रम में कारा का औचक निरीक्षण का क्रम आगे भी जारी रहेगा।

## मनाही के बाद भी किसान खेत में जला रहे फसल अवशेष

**औरंगाबाद (का.सं.)।** विभागीय मनाही के बाद भी किसान धड़ल्ले से खेत में फसल अवशेष जला रहे हैं। उन्हें इस बात की कतई चिंता नहीं है इसका दुष्परिणाम क्या होगा। पूछने पर रहते हैं कि ऐसा करना उनकी मजबूरी है। सरकार फसल अवशेष न जलने की बात करती है पर इसका कोई विकल्प उपलब्ध नहीं कराती है। विदित को कि अभी हाल में ही किसानों ने गेहूं की हारवेस्टिंग कराई है। अनाज तो किसानों के घर पहुंच गया पर डंठल खेत में रह गए। डंठल के सफाए के लिए किसान इसमें आग लगा रहे हैं। प्रखंड के प्राय सभी गांव में ऐसा नजारा देखने को मिल रहा है। अहले सुबह या ढलते शाम किसान फसल अवशेष जलाते देखे जाते हैं हैं।

## गैस कनेक्शन का ई-केवाईसी व सेफ्टी इंस्पेक्शन कराना अनिवार्य

निज संवाददाता

**रफीगंज( औरंगाबाद )।** सभी उपभोक्ताओं के लिए घरेलू गैस कनेक्शन का ई-केवाईसी और सेफ्टी इंस्पेक्शन कराना अनिवार्य है। रफीगंज स्थित कारगिल शाहिद एचपी गैस एजेंसी के संचालकों ने बताया कि हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के रीजनल जनरल मैनेजर मनोज कुमार सिंह एवं सासाराम बिक्री क्षेत्र के विक्रय पदाधिकारी विवेक कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी एवं सेफ्टी इंस्पेक्शन कराना अनिवार्य है। ई-केवाईसी बायोमेट्रिक सिस्टम के आधार पर किया जा रहा है। सेफ्टी इंस्पेक्शन मोबाइल नंबर ओटीपी के द्वारा किया जाएगा। बिना किसी शुल्क के यह एक अत्यंत आवश्यक कार्य है। सभी उपभोक्ताओं से अपील है कि अपना-अपना ई-केवाईसी एवं सेफ्टी इंस्पेक्शन जल्द से जल्द कराएं। कहा कि हमारे डिलीवरी ब्वाय, मैकेनिक अथवा वेंडर के द्वारा आप अपना ई-केवाईसी या रफीगंज स्थित कारगिल शहीद एचपी गैस एजेंसी के कार्यालय व बालाजी गैस कार्यालय में आकर कराएं। इस अवसर पर प्रबंधक शिवदयाल प्रसाद गुप्ता, कर्मचारी रवि कुमार, अमरजीत कुमार, गुड्डू कुमार, अरुण कुमार, राकेश कुमार, अजय कुमार, धर्मेंद्र राम, नंदू उपस्थित थे।

जेपी नड्डा की 26 की चुनावी सभा को लेकर

# डीएम-एसपी ने किया सभास्थल का निरीक्षण



निज संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर के टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के मैंदान में 26 मई को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की होने वाली चुनावी सभा को लेकर शुक्रवार को औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने सभा स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि वीवीआईपी की सुरक्षा और सतर्कता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए औरंगाबाद पुलिस पूरी तत्परता के साथ अपना कर्तव्य निर्वहन कर रही है। पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा में सदैव तत्पर है। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व गोह के पूर्व विधायक मनोज शर्मा एवं अन्य मौजूद रहे।

## अर्द्धनिर्मित हथियार के साथ नक्सली हुआ गिरफ्तार

**हसपुरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** हसपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी करते हुए एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। उसके पास से अर्द्धनिर्मित हथियार भी बरामद किए गए हैं। औरंगाबाद की एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि गया जिला के कोच थाना क्षेत्र के सिंघरा गांव निवासी रामराज सिंह के पुत्र राजू सिंह उर्फ राजेश सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उस पर एक प्राथमिकी कोच थाना में दर्ज थी। इसके अलावा कुल पांच नक्सली कांडों में वह शामिल रहा है। एसपी ने बताया कि हसपुरा थाना को एसटीएफ, बोधगया के द्वारा जानकारी दी गई थी कि राजू सिंह उर्फ राजेश सिंह हसपुरा थाना क्षेत्र के तिलकपुरा गांव में पहुंचा हुआ है। यहां एसटीएफ, बोधगया और औरंगाबाद पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। भरत पासवान के घर के सामने स्थित गली में राजू सिंह को काले रंग का पिट्ठू बैग लेकर भागते हुए देखा गया।

# सायबर ठग गिरोह का उद्भेदन, सरगना समेत पांच गिरफ्तार

- गिरफ्तार सायबर ठग गरीब और भोले-भाले लोगों से अवैध रूप से बैंक खाते खोलवाते थे। उन्हीं के बैंक खातों के एटीएम से लेनदेन कर ठगी के पैसे की निकासी किया करते थे।

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद की सायबर पुलिस ने अंतर्राज्यीय सायबर ठग गिरोह के सरगना समेत पांच सायबर ठगों को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने औरंगाबाद में 15 लाख के हुए सायबर फ्रॉड का भी उद्भेदन किया है। गिरफ्तार सभी सायबर ठग पटना और हाजीपुर के निवासी है। ठगों के पास से पुलिस ने 6 मोबाईल फोन, 14 एटीएम कार्ड, 10 बैंक पासबुक एवं 48,611 रुपये की नगदी बरामद की है।



औरंगाबाद की पुलिस कप्तान स्वपना गौतम मेश्राम ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया कि 18 मई को शहर के सहादत हुसैन के साथ सायबर ठगों ने एक्सकैवेटर मशीन खरीदने के नाम पर 15 लाख की धोखाधड़ी की थी। इस मामले में औरंगाबाद साइबर थाना में भादंवि की धारा-416, 419, 420 एवं 66(डी) आईटी एक्ट-2000 के तहत प्राथमिकी संख्या-30/24 दर्ज की गई थी। मामले में उन्होंने त्वरित अनुसंधान के लिए साइबर थाना की पुलिस उपाधीक्षक डॉ. अन्नू कुमारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की थी। इसी टीम ने तकनीकी एवं मानवीय अनुसंधान के करते हुए विभिन्न बैंक खातों की जांच की। खातों से मिले मोबाईल नम्बरों के एसडीआर, सीडीआर, स्मार्ट रिपोर्ट, टावर लोकेशन, बैंक ट्रांजेक्शन रिपोर्ट एवं जेएमआईएस पोर्टल के सहारे त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत पांच साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सायबर ठग गरीब और भोले-भाले लोगों से अवैध रूप से बैंक खाते खोलवाते थे। उन्हीं के बैंक खातों के एटीएम से लेनदेन कर ठगी के पैसे की निकासी किया करते थे। गिरफ्तार ठगों के खिलाफ चंडीगढ़, कोलकाता, झारखंड, पंजाब एवं अन्य राज्यों में भी एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज है। पुलिस इन शिकायतों के साथ ही सायबर ठगों का पूरी क्राइम हिस्ट्री खंगाल रही है। गिरफ्तार पांच सायबर ठगों में गिरोह का सरगना हाजीपुर निवासी अंशु कुमार, पटना के हनुमाननगर-कंकड़बाग निवासी मदन विश्वकर्मा, विक्की विश्वकर्मा, राजेंद्र मोड़ मेदिनी मुहल्ला निवासी ज्ञानेश्वर सिंह, खेमनीचक निवासी हरेराम कुमार एवं कुम्हरार- चाणक्या नगर निवासी मनीष कुमार शामिल है। पुलिस ने इनके पास से 6 मोबाईल फोन, 14 एटीएम कार्ड, 10 पासबुक एवं 48,611 रुपये नगदी बरामद की है। मामले का उद्भेदन करनेवाली पुलिस की टीम में टंडवा थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक रामजी प्रसाद, टंडवा थाना के परीक्ष्यमान पुलिस अवर निरीक्षक अमित कुमार, सहायक अवर निरीक्षक घनश्याम दूबे, सिपाही रोहित कुमार, राजु कुमार एवं साइबर थाना की टेक्निकल टीम शामिल है।

# औरंगाबाद में सामान बेचते रंगे हाथ पकड़े गए दो चोर

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर के टिकरी रोड स्थित एक दुकान पर चोरी के समान बेचते दो शातिरों को कुछ लोगों ने रंगे हाथ पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। पकड़े गये शातिरों में उत्तरप्रदेश के सहारनपुर जिला निवासी मो सलमान व औरंगाबाद शहर निवासी मुन्ना शामिल है। स्थानीय लोगों ने दोनों को टिकरी रोड से पकड़ लिया और सदर अस्पताल के पास ले आये, जिसके बाद आक्रोशित भीड़ ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी। सदर अस्पताल के पास प्लास्टिक दुकान के संचालक मो सोनू ने बताया कि उक्त बदमाश ने उनकी दुकान से सामान चुरा लिया था। इसके बाद वे उसी थोक दुकान पर गए, जहां से सोनू ने सामान खरीदा था और बेचा था। वे दोनों उस स्थान पर बैठकर सामान गिन रहे थे। इसी बीच होलसेल दुकान मालिक ने यह देख लिया और इसकी सूचना सोनू को दी। सूचना मिलने पर सोनू टिकरी रोड पहुंचा और दोनों को रंगेहाथ पकड़ लिया। इधर, सदर अस्पताल में भवन निर्माण में काम कर रहे मजदूरों ने भी दोनों बदमाशों पर आरोप लगाया है। बताया कि वे दोनों कई सप्ताह से चोरी कर रहे थे। ये दोनों किसी भी सामान को आसानी से साफ कर ले जाते थे। दोनों चोरों ने सदर अस्पताल से कर्मियों के कई मोबाइल फोन, कपड़े, पैसे और लोहे का सामान चुरा लिया और बाजार में बेच दिया था। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना नगर थाना की पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर नगर थाना लायी और पूछताछ की। नगर थाना के दरोगा अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों चोर को पकड़ा गया है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

**लात-घूंसों से की पिटाई**

दोनों चोरों को पकड़कर सदर अस्पताल स्थित सुलभ शौचालय के पास लाया गया। कुछ ही देर में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। कुछ लोगों ने दोनों से पूछताछ की। सही जानकारी नहीं देने पर आक्रोशित भीड़ ने दोनों की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। हालांकि, कुछ लोगों ने मामले को शांत कराने की कोशिश की। जानकारी के अनुसार गुरुवार को शहर के न्यू एरिया में चोरी करते हुए मो। सलमान पकड़ा गया था, लेकिन किसी तरह वह लोगों से बचते-बचाते भाग निकला था।


